सूर्योदय 5:44 सूर्यास्त 7:09

आज का तापमान

शिमला	17.5 न्यू.	20.4 अधि
धर्मशाला	21.1 न्यू.	28.0 अधि

बाजार

सेंसेक्स	78,154
निफ्टी	24,472
सोना 1,52,000	चांदी 2,34,000

www.anantgyaan.in

अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | बुधवार, 12 अगस्त 2026 | 28 श्रावण, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 225, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

न्यूज शॉर्ट्स

कांगड़ा एयरपोर्ट की सभी उड़ानें रद्द

अनंत ज्ञान, राजकुमार चौधरी, गगल। हिमाचल प्रदेश में लगातार हो रही बारिश और धुंध के कारण मंगलवार को कांगड़ा हवाई अड्डे पर एक भी उड़ान नहीं उतर पाई। हवाई अड्डा प्रशासन ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि मौसम खराब होने के चलते सभी उड़ानें स्थगित कर दी गईं। दृश्यता कम होने और लगातार बारिश के कारण विमानों का संचालन संभव नहीं हो पाया। बारिश और धुंध के कारण पिछले कुछ दिनों से पहाड़ी क्षेत्रों में हवाई सेवाएं प्रभावित हो रही हैं।

क्रिकेटर अभिषेक रेप के आरोप में गिरफ्तार

एजेंसी, नई दिल्ली। आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलने वाले बंगाल के क्रिकेटर अभिषेक पोरेल को रेप केस में गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी मंगलवार को कोलकाता में हुई। यह मामला एक मेडिकल छात्रा की शिकायत पर दर्ज हुआ था, जिसमें पोरेल पर रेप, धमकी और अन्य आरोप लगाए गए हैं। पीड़ित ने जून में शिकायत दर्ज कराई थी। 23 साल के अभिषेक विकेटकीपर बैटर हैं। वे बंगाल के लिए 116 और आईपीएल टीम दिल्ली कैपिटल्स के लिए 35 मैच खेल चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

अमेरिकी कोर्ट से गौतम अडाणी का केस खारिज

एजेंसी, नई दिल्ली/न्यूयॉर्क। अमेरिका की संघीय अदालत ने अडाणी समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी व उनके भतीजे सागर अडाणी के खिलाफ चल रहे आपराधिक मामले को स्थायी रूप से खारिज कर दिया है। न्यूयॉर्क के ईस्टर्न डिस्ट्रिक्ट के अमेरिकी जिला न्यायालय ने न्याय विभाग की नियम 48(ए) के तहत दाखिल याचिका स्वीकार करते हुए आरोपों को खारिज किया। इसके साथ ही नवंबर 2024 से चल रही आपराधिक कार्यवाही समाप्त हो गई। मामले में प्रतिभूति धोखाधड़ी की साजिश व वायर धोखाधड़ी की साजिश समेत आरोप शामिल थे। स्थायी रूप से खारिज किए जाने का अर्थ है कि इन्हीं आरोपों पर आपराधिक मामला दोबारा दर्ज नहीं किया जा सकता। गौतम अडाणी ने फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि चुनौतीपूर्ण दौर में उनका सत्य, निष्पक्षता और कानून के शासन में विश्वास कायम रहा। (अनंत ज्ञान)

46 नए अग्निशमन वाहनों से मजबूत होगी आपात व्यवस्था: सीएम सुक्खू

मुख्यमंत्री ने वाहनों को दिखाई हरी झंडी, 65.33 करोड़ से अग्निशमन सेवाओं के आधुनिकीकरण को मिलेगी गति

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। आगजनी व आपदाओं के दौरान जन-धन की सुरक्षा को और पुख्ता करने की दिशा में हिमाचल सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंगलवार को शिमला में प्रदेश के विभिन्न जिलों की अग्निशमन इकाइयों के लिए 46 नए त्वरित प्रतिक्रिया वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आधुनिक वाहनों के बेड़े से प्रदेश के दूरदराज क्षेत्रों सहित शहरी और ग्रामीण इलाकों में आपात स्थिति से निपटने की क्षमता बढ़ेगी।

इस उपलक्ष पर मुख्यमंत्री ने कहा कि शिमला को सर्वाधिक 9 वाहन मिले हैं, जबकि कांगड़ा को 8, मंडी और सोलन को 5-5 वाहन उपलब्ध करवाए गए हैं। हमीरपुर, ऊना, चंबा और लाहौल-स्पीति को 3-3, सिरमौर, बिलासपुर और कुल्लू को 2-2 तथा किन्नौर को एक वाहन मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार आम लोगों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और किसी भी आपदा अथवा आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया के लिए अग्निशमन सेवाओं को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अग्निशमन सेवाओं के विस्तार और आधुनिकीकरण के लिए 65.33 करोड़ रुपए का बजट स्वीकृत किया गया है। वर्ष 2024-25 में 9.60 करोड़ रुपये की लागत से 22 अग्निशमन वाहन खरीदे गए थे। अब 37 और नए वाहनों की खरीद प्रक्रिया जारी है। सरकार आधुनिक तकनीक, अत्याधुनिक उपकरणों और प्रशिक्षित मानव संसाधन के माध्यम से अग्निशमन विभाग को और सक्षम बना रही है। बिझड़ी अग्निशमन चौकी के भवन का निर्माण 4.85 करोड़ रुपए से पूरा हो चुका है, जबकि नादौन और इंदौरा में उप-अग्निशमन केंद्रों के भवनों पर 3.50-3.50 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। कंडाघाट केंद्र के लिए भी 3 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

मुख्यमंत्री सुक्खू 46 नए अग्निशमन वाहनों को हरी झंडी दिखाते हुए। अनंत ज्ञान

आपातकालीन प्रतिक्रिया व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाया जा रहा

उन्होंने जानकारी दी कि प्रदेश में नई अग्निशमन इकाइयों के विस्तार के साथ विभिन्न श्रेणियों के 754 पद भरे गए हैं। टाहलीवाल को उप-अग्निशमन केंद्र के रूप में स्तरोन्नत किया गया है, जबकि कांगड़ा के चंगर क्षेत्र में नई अग्निशमन चौकी स्थापित की गई है। सरकार का लक्ष्य आधुनिक वाहन, बेहतर उपकरण, पर्याप्त मानव संसाधन और मजबूत आधारभूत ढांचे के माध्यम से आपातकालीन प्रतिक्रिया व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाना है।

मंत्रिमंडल विस्तार पर मुख्यमंत्री का संकेत, सुंदर ठाकुर बन सकते हैं मंत्री

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल प्रदेश में लंबे समय से चर्चा में रहे मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के बयान से तस्वीर काफी हद तक साफ होती नजर आ रही है। मुख्यमंत्री ने संकेत दिया है कि सुंदर सिंह ठाकुर जल्द मंत्रिमंडल में शामिल होकर मंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। इसके साथ ही विभागों में फेरबदल की संभावना ने भी सियासी हलकों में हलचल बढ़ा दी है।

मुख्यमंत्री के अनुसार सुंदर सिंह ठाकुर को मंत्री बनाने का फैसला लगभग तय है और जल्द उन्हें जिम्मेदारी दी जा सकती है। ठाकुर इससे पहले सरकार में मुख्य संसदीय सचिव रह चुके हैं। हालांकि, मुख्य संसदीय सचिवों की नियुक्ति को अदालत द्वारा अवैध घोषित किए जाने के बाद उन्हें पद छोड़ना पड़ा था। अब मुख्यमंत्री के बयान के बाद उनके मंत्रिमंडल में शामिल होने की अटकलों को बल मिला है। हिमाचल में मुख्यमंत्री समेत मंत्रिमंडल में अधिकतम 12 सदस्य हो सकते हैं और मौजूदा सरकार में एक मंत्री पद लंबे समय से खाली है। संभावित विस्तार के साथ विभागों में फेरबदल की भी संभावना जताई जा रही है। माना जा रहा है कि राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक और हाईकमान की मंजूरी के बाद विस्तार को अंतिम रूप दिया जाएगा।

प्रियंका गांधी की 14 को शिमला आने की संभावना

मुख्यमंत्री ने प्रियंका गांधी के 14 अगस्त को शिमला दौरे की संभावना जताई है। उनके निर्देश पर मंडी के द्रंग में आपदा प्रभावित स्कूल को दोबारा कक्षाओं के लिए तैयार किया गया है। संभावित दौरे में स्कूल का उद्घाटन हो सकता है। वहीं, कैबिनेट विस्तार और विभागीय फेरबदल की चर्चाओं से प्रदेश की सियासत भी गरमा गई है।

चंबा में सनसनीखेज घटना, बेटे को रावी में फेंकने के बाद पिता ने किया सरेंडर

अनंत ज्ञान

राहुल सहगल, चंबा। चंबा जिले के कियाणी में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। एक पिता पर अपने छह वर्षीय बेटे को उफनती रावी नदी में फेंकने का गंभीर आरोप लगा है। घटना के बाद आरोपी ने मंगलवार सुबह सुल्तानपुर पुलिस चौकी पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार सोमवार रात आरोपी ने कथित तौर पर अपने छह वर्षीय बेटे को रावी नदी में फेंक दिया। रातभर घटना का पता नहीं चल सका। मंगलवार सुबह आरोपी के पुलिस चौकी पहुंचने और आत्मसमर्पण करने के बाद पूछताछ में घटना की जानकारी सामने आई। इसके बाद पुलिस ने नदी में बच्चे की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन शुरू किया। घटना की सूचना मिलते ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंबा दिनेश शर्मा की अगुवाई में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस, गोताखोरों और स्थानीय लोगों की मदद से रावी नदी के संभावित स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि आरोपी कियाणी पंचायत का निवासी है और उसका ससुराल पंजाब के अमृतसर में है। पुलिस घटना के कारणों और परिस्थितियों की जांच कर रही है तथा परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है।

गोताखोरों ने शुरू किया सर्च ऑपरेशन

लगातार बारिश के कारण रावी नदी का जलस्तर बढ़ा हुआ है और बहाव तेज है। ऐसे में बच्चे की तलाश करना रेस्क्यू टीमों के लिए चुनौती बना हुआ है। नदी के किनारे और संभावित बहाव वाले क्षेत्रों में लगातार सर्च अभियान चलाया जा रहा है। फिलहाल छह वर्षीय मासूम का कोई सुराग नहीं मिला है। घटना के बाद कियाणी क्षेत्र में शोक और सनसनी का माहौल है।

हिमाचल में बारिश का कहर, भूस्खलन से दो नेशनल हाईवे व 204 सड़कें बंद

शिमला-धर्मशाला एनएच पर चलती कार पर चट्टान गिरी, एक कारोबारी की मौत

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल प्रदेश में लगातार हो रही मानसूनी बारिश के बीच मंगलवार को शिमला-धर्मशाला नेशनल हाईवे पर बड़ा हादसा हुआ। दाड़लाघाट थाना क्षेत्र के भराड़ीघाट के दसेरन में चलती कार पर पहाड़ी से चट्टान गिरने से शिमला निवासी कारोबारी अनिल बख्शी की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हुए हैं। घटनास्थल पर फोरलेन का निर्माण कार्य भी चल रहा है।

राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार बारिश और भूस्खलन के कारण मंगलवार शाम तक प्रदेश में दो नेशनल हाईवे समेत 204 सड़कें बंद थीं। मंडी में एनएच-154 और एनएच-21 समेत 80 सड़कें, कुल्लू में 56, सिरमौर में 23, चंबा में 16 और शिमला में 14 सड़कें अवरुद्ध हैं। कई स्थानों पर मलबा और चट्टानें आने से यातायात प्रभावित हुआ है। लोक निर्माण विभाग की टीमें मार्ग बहाली में जुटी हैं। बारिश से बिजली और पेयजल व्यवस्था भी प्रभावित हुई है। प्रदेश में 45 बिजली ट्रांसफार्मर और 82 पेयजल योजनाएं बंद हैं। सिरमौर के नाहन में 41 ट्रांसफार्मर ठप हैं, जबकि शिमला की 24 और सिरमौर की 31 पेयजल योजनाएं प्रभावित हुई हैं। कुल्लू की पार्वती घाटी में घटीगढ़ के पास बार-बार मलबा गिरने से मणिकर्ण-बरशैणी सड़क भी बंद हो गई है। मौसम विभाग ने 12 से 17 अगस्त तक कई जिलों में भारी बारिश के अलर्ट जारी किए हैं। 14 अगस्त को सिरमौर में भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है।

अब तक हो चुकी 163 लोगों की मौत

मानसून सीजन में 30 जून से अब तक प्रदेश में बारिश और इससे जुड़ी घटनाओं में 163 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें 93 मौतें सड़क हादसों, 14 भूस्खलन, एक फ्लैश फ्लड, चार बहने और छह करंट लगने से हुई हैं। पहाड़ी से फिसलने और पेड़ से गिरने से 23 लोगों की जान गई है। इस दौरान 67 मकान पूरी तरह और 268 आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। आपदा से सरकारी और निजी संपत्ति को करीब 910 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। लोक निर्माण विभाग को 686 करोड़ और जल शक्ति विभाग को 203 करोड़ रुपये की क्षति का आकलन है।

छावनी क्षेत्रों के सिविल एरिया पर दिसंबर तक फैसला संभव

नीति आयोग ने विशेषज्ञों से मांगी अध्ययन रिपोर्ट, प्रधानमंत्री के समक्ष रखी जाएगी अंतिम रिपोर्ट

अनंत ज्ञान

आर मोहन चौहान, सोलन। देशभर की छावनी परिषदों में सैन्य क्षेत्र से सिविल एरिया को अलग कर उन्हें राज्य सरकारों और स्थानीय निकायों के अधीन लाने की लंबे समय से चली आ रही मांग पर अब निर्णायक पहल शुरू हो गई है।

नीति आयोग ने इस विषय पर नए सिरे से अध्ययन शुरू करवाया है। रक्षा क्षेत्र के विशेषज्ञों से तैयार करवाई जा रही अध्ययन रिपोर्ट करीब तीन महीने में पूरी होने की संभावना है। इसके बाद अंतिम रिपोर्ट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष रखी जाएगी। माना जा रहा है कि दिसंबर 2026 तक इस मामले में निर्णय हो सकता है। नीति आयोग के अध्ययन में देश की विभिन्न छावनी परिषदों की व्यवस्था के साथ विदेशों में मौजूद ऐसे सैन्य स्टेशनों का भी अध्ययन किया जा रहा है, जहां सैन्य प्रतिष्ठानों और नागरिक आबादी के लिए अलग-अलग प्रशासनिक व्यवस्थाएं लागू हैं। विशेषज्ञ नागरिक सुविधाओं, प्रशासनिक ढांचे, संपत्ति अधिकार, स्थानीय निकायों की भूमिका और सैन्य सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं का आकलन करेंगे। छावनी क्षेत्रों में रहने वाले हजारों परिवार लंबे समय से संपत्ति अधिकार और मूलभूत नागरिक सुविधाओं से जुड़े मामलों के समाधान की मांग कर रहे हैं। कई परिवारों का कहना है कि वे पीढ़ियों से, यहां तक कि करीब 100 वर्षों से इन क्षेत्रों में रह रहे हैं, लेकिन उनकी संपत्तियों को लेकर अब तक स्पष्ट अधिकार नहीं मिल पाए हैं। हाउस टैक्स की व्यवस्था और परिवार रजिस्टर नहीं होने से भी नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसका असर राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने में भी दिखाई देता है।

नागरिकों की मांग है कि सैन्य प्रतिष्ठानों की सुरक्षा और आवश्यकताओं को बनाए रखते हुए सिविल आबादी को संबंधित राज्य सरकारों के प्रशासन के अधीन किया जाए। इससे स्थानीय स्तर पर विकास कार्यों और नागरिक सुविधाओं में सुधार की उम्मीद है।

हिमाचल की छह छावनियों में भी जगी उम्मीद

हिमाचल प्रदेश में पहले सात छावनी क्षेत्र थे। योल कैंट को छावनी परिषद की व्यवस्था से बाहर किए जाने के बाद अब बकलोह, डगशाई, डलहौजी, जतोग, कसौली और सुबाथू के लोगों को भी इस पहल से उम्मीद जगी है। इन क्षेत्रों में सिविल एरिया को सैन्य क्षेत्र से अलग करने की मांग लंबे समय से उठती रही है।

फैसला हुआ तो देशभर में बदलेगी तस्वीर: मनमोहन

छावनी संगठन के प्रदेश महासचिव मनमोहन शर्मा ने बताया कि नीति आयोग ने सैन्य प्रतिष्ठानों और नागरिक आबादी के साथ रहने वाले क्षेत्रों की व्यवस्था को लेकर अध्ययन शुरू करवाया है। दिसंबर तक फैसला हुआ तो हिमाचल के छह छावनी क्षेत्रों समेत देशभर की नागरिक आबादी के लिए यह बड़ा प्रशासनिक बदलाव साबित हो सकता है।

सीरिया के पूर्व राष्ट्रपति बशर अल और छोटे भाई माहेर को फांसी की सजा

एजेंसी, दमिश्क

सीरिया की एक अदालत ने मंगलवार को देश के पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद और उनके छोटे भाई माहेर अल-असद को फांसी की सजा सुनाई। दोनों को गृहयुद्ध के दौरान लाखों लोगों की हत्या और अत्याचार के मामलों में दोषी ठहराया गया। इसी मामले में बशर अल-असद के मामा के बेटे अतीफ नजीब को भी फांसी की सजा सुनाई गई। बशर और माहेर दिसंबर 2024 में सरकार गिरने के बाद रूस भाग गए थे। पुतिन सरकार ने उन्हें शरण दी हुई है। दोनों की गैरमौजूदगी में सजा सुनाई गई।

अतीफ नजीब को जनवरी 2025 में गिरफ्तार किया गया था। उन्हें मंगलवार को कैदी की वर्दी पहनाकर पिंजरे में कोर्ट लाया गया। यह बशर अल-असद के खिलाफ किसी आपराधिक मामले में आया पहला फैसला है। दिसंबर 2024 में विद्रोहियों ने दमिश्क पर कब्जा कर उनकी सरकार गिरा दी थी। इसके साथ ही 1971 से सीरिया पर शासन कर रहे असद परिवार का 53 साल पुराना राज भी खत्म हो गया था। सरकार गिरने से ठीक पहले बशर अल-असद ने देश छोड़ दिया था। (अनंत ज्ञान)

अतीफ के आदेश के बाद सीरिया में गृहयुद्ध भड़का

अतीफ नजीब सीरियाई सेना में ब्रिगेडियर जनरल रह चुके हैं। 2011 में वे दारा प्रांत में राजनीतिक सुरक्षा शाखा के प्रमुख थे। वह असद सरकार के सबसे बड़े अधिकारियों में से एक हैं, जिन पर अदालत में मुकदमा चला। अतीफ पर आरोप है कि उन्होंने प्रदर्शनकारियों से सख्ती से निपटने का आदेश दिया था। आदेश के बाद सीरिया में विरोध प्रदर्शन और उग्र हो गया। देश में गृहयुद्ध शुरू हो गया जो 2024 तक चलता रहा। इसमें करीब 5 लाख लोगों की मौत हुई।

बंगाल एसआईआर- सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से मांगी जानकारी

एजेंसी, नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को चुनाव आयोग से पश्चिम बंगाल में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) में हटाए गए नामों से जुड़े मामलों की जानकारी मांगी है। कोर्ट ने अपीलीय ट्रिब्यूनलों के फैसलों की डिटेल्स देने को कहा है।

ये अपीलीय ट्रिब्यूनल उन लोगों की अर्जियों पर सुनवाई करते हैं, जिनके नाम बंगाल एसआईआर के दौरान वोटर लिस्ट से हटा दिए गए हैं। कोर्ट ने ट्रिब्यूनल की संख्या, काम के घंटे और मामलों के निपटारे की रफ्तार जैसे मुद्दों की जांच करने पर सहमति जताई। याचिकाकर्ता ने कहा कि ट्रिब्यूनल लोगों की अपीलों पर तेजी से फैसला नहीं कर रहे। कोर्ट ने कहा कि ट्रिब्यूनल में मामलों के निपटारे के लिए कोई टाइमलाइन तय नहीं कर सकते। कोर्ट ने ईसी से राज्य में एसआईआर से जुड़े मामलों में कितनी अपीलें दाखिल हुईं, कितनों पर फैसला हुआ और कितने मामले अभी लंबित हैं, इसकी जानकारी मांगी है।

इससे यह साफ होगा कि वोटर लिस्ट से नाम हटाए जाने के खिलाफ लोगों की ओर से दाखिल अपीलों पर ट्रिब्यूनल ने अब तक कितनी कार्रवाई की है। (अनंत ज्ञान)

भाजपा सांसद ने पूछा-राहुल गांधी झारखंड क्यों नहीं गए, प्रियंका का जवाब- वे छात्रों से मिल चुके

एजेंसी, नई दिल्ली। संसद परिसर में मंगलवार को एनडीए और विपक्षी सांसदों के प्रदर्शन के बीच जमकर नारेबाजी हुई। भाजपा सांसदों ने विपक्ष पर चर्चा से भागने का आरोप लगाया, जबकि विपक्षी सांसदों ने गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ नारे लगाए। इस दौरान दोनों पक्ष आमने-सामने भी आ गए। प्रियंका गांधी के संसद पहुंचने पर भाजपा सांसद राहुल गांधी के खिलाफ नारे लगाने लगे। भाजपा सांसद मुकेश दलाल ने उनसे पूछा कि राहुल गांधी झारखंड में प्रदर्शन कर रहे छात्रों से क्यों नहीं मिल रहे हैं। प्रियंका गांधी ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया कि राहुल झारखंड जा चुके हैं और छात्रों से मिल चुके हैं। हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही पहले 11 बजे तक स्थगित की गई। दोपहर 2 बजे कार्यवाही दोबारा शुरू हुई, लेकिन करीब आधे घंटे बाद फिर हंगामा होने पर सदन की कार्यवाही बुधवार तक स्थगित कर दी गई। विपक्ष दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्र प्रदर्शनकारियों पर 20 जुलाई को हुए लाठीचार्ज के मामले में गृह मंत्री अमित शाह के जवाब की मांग कर रहा है। सरकार ने चर्चा की पेशकश की है, जबकि राहुल गांधी ने पुलिस कार्रवाई का आदेश देने वाले की जानकारी मांगी है। (अनंत ज्ञान)

आईटीबीपी खरीदेगी पहाड़ी भेड़-बकरी का मांस

सीएम बोले-समझौते से पशुपालकों को मिलेगा नियमित बाजार, सालाना 90 लाख के कारोबार की उम्मीद

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल के सीमावर्ती क्षेत्रों में पशुपालकों के लिए बाजार की नई राह खुलने जा रही है। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के जवानों के लिए स्थानीय स्तर पर पहाड़ी भेड़ एवं बकरी के मांस की खरीद और आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आईटीबीपी और किन्नौर जिला सहकारी विपणन एवं उपभोक्ता संघ लिमिटेड के बीच समझौता ज्ञापन हुआ है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की उपस्थिति में हुए इस समझौते से स्थानीय पशुपालकों को एक नियमित और संस्थागत बाजार उपलब्ध होगा।

आईटीबीपी-किनफेड समझौते के दौरान मुख्यमंत्री सुक्खू व अन्य। अनंत ज्ञान

समझौते के तहत आईटीबीपी के जवानों के लिए गुणवत्तापूर्ण पहाड़ी भेड़ एवं बकरी के मांस की स्थानीय स्तर पर खरीद की जाएगी। प्रारंभिक चरण में सहकारी क्षेत्र के माध्यम से आईटीबीपी की कुल मांस आवश्यकता का करीब 10 प्रतिशत पूरा करने की उम्मीद है। इससे स्थानीय सहकारी क्षेत्र को प्रतिवर्ष लगभग 90 लाख रुपए का आर्थिक अवसर मिलेगा। भविष्य में आईटीबीपी की अधिक मांस आवश्यकता सहकारी क्षेत्र के माध्यम से पूरी होने की स्थिति में इस व्यवस्था का वार्षिक आर्थिक मूल्य करीब 9 करोड़ रुपए तक पहुंचने की संभावना है।

मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि यह पहल आईटीबीपी जवानों के कल्याण के साथ-साथ सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले समुदायों के साथ सतत आर्थिक संबंध स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि समझौते के माध्यम से दूर-दराज और सीमावर्ती क्षेत्रों में तैनात आईटीबीपी जवानों के लिए सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण और स्वच्छ तरीके से प्रसंस्कृत भेड़ एवं बकरी के मांस की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित होगी। इसके साथ ही स्थानीय पशुपालकों को सहकारी क्षेत्र के माध्यम से एक भरोसेमंद संस्थागत बाजार प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती गांवों में पशुपालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है। स्थानीय उत्पादों की संस्थागत खरीद बढ़ने से पशुपालकों को अपने उत्पादों के लिए स्थायी बाजार मिलेगा और उनकी आय के अवसर मजबूत होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस समझौते को केवल भेड़ और बकरी के मांस की खरीद तक सीमित नहीं रखा जाएगा, बल्कि इसे स्थानीय उत्पादों की खरीद के लिए व्यापक मंच के रूप में विकसित किया जाएगा। चरणबद्ध तरीके से स्थानीय स्तर पर उत्पादित अंडे, पोल्ट्री, ताजी सब्जियां, ट्राउट मछली और अन्य उपयुक्त स्थानीय उत्पादों को भी इसमें शामिल किया जाएगा।

मजबूत-स्थायी साझेदारी बनाने के लिए प्रतिबद्ध: मनु महाराज

आईटीबीपी के उत्तरी सीमांत के महा-निरीक्षक मनु महाराज ने कहा कि आईटीबीपी अपने जवानों के कल्याण के साथ-साथ उन समुदायों के साथ मजबूत और स्थायी साझेदारी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जो देश की उत्तरी सीमा के सामाजिक एवं भौगोलिक परिदृश्य का अभिन्न हिस्सा हैं। सीमावर्ती गांवों की अर्थव्यवस्था को मिलेगा नया सहारा इस अवसर पर बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी, डीआईजी (आईटीबीपी) शिमला रवि तथा किनफेड के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

प्रदेश मंत्रिमंडल के 1628 फैसलों में अधिकांश लागू, शेष पर कार्रवाई के दिए निर्देश: नेगी

मंत्रिमंडलीय उप-समिति ने की फैसलों के कार्यान्वयन की समीक्षा

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में मंगलवार को यहां मंत्रिमंडलीय उप-समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में आवास, तकनीकी शिक्षा एवं नगर नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी भी मौजूद रहे। इस दौरान प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठकों में लिए गए निर्णयों के कार्यान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि 13 जनवरी, 2023 से 31 मई, 2026 तक मंत्रिमंडल की बैठकों में कुल 1628 निर्णय लिए गए हैं, जिनमें से अधिकांश निर्णय पूरी तरह लागू किए जा चुके हैं।

बैठक में समीक्षा करते राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी। अनंत ज्ञान

बैठक में शेष निर्णयों की स्थिति पर भी विस्तृत चर्चा की गई। इनमें गृह, राजस्व, वित्त, लोक निर्माण विभाग, वन, जल शक्ति, कार्मिक, श्रम एवं रोजगार, पंचायती राज, बहुउद्देशीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा सहकारिता विभागों से संबंधित निर्णय शामिल हैं। मंत्रिमंडलीय उप-समिति ने संबंधित विभागों से इन निर्णयों की वर्तमान स्थिति की जानकारी प्राप्त करते हुए इनके कार्यान्वयन में आ रही अड़चनों और आवश्यक कदमों पर भी चर्चा की।

जगत सिंह नेगी ने मंत्रिमंडल के निर्णयों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने शेष निर्णयों को भी प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध तरीके से कार्यान्वित करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रधान सचिव डॉ. अभिषेक जैन, सचिव मुख्यमंत्री राकेश कंवर, सचिव सहकारिता एवं नगर नियोजन अमरजीत सिंह, सचिव बागवानी एवं कृषि सी. पालरासू, सचिव आयुष ए. शायनामोल, सदस्य सचिव हरबंस सिंह ब्रसकोन, निदेशक ट्रेजरी विजय वर्धन सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

कसौली दुकानदारों की किराया बढ़ोतरी का मामला रक्षा मंत्री के समक्ष उठाया

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं शिमला संसदीय क्षेत्र से सांसद सुरेश कश्यप ने कसौली छावनी क्षेत्र के दुकानदारों की समस्याओं का मामला केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के समक्ष उठाते हुए राहत की मांग की है। रक्षा मंत्री को सौंपे पत्र में कश्यप ने कहा कि कैंटोनमेंट बोर्ड कसौली द्वारा दुकानों के लीज रेंट में प्रस्तावित 20 प्रतिशत बढ़ोतरी और दुकानों के विस्तारित हिस्सों पर अतिरिक्त शुल्क लगाने से व्यापारी चिंतित हैं।

◆ **सुरेश कश्यप ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की**

दुकानदारों के अनुसार, इन विस्तारित हिस्सों का निर्माण उन्होंने बोर्ड से आवश्यक अनुमति लेकर अपने खर्च पर किया था और उस समय आवर्ती अतिरिक्त शुल्क लगाने की कोई शर्त नहीं थी। ऐसे में अब अतिरिक्त वसूली से उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। कश्यप ने कहा कि कसौली की हेरिटेज मार्केट में हाल में हुई आग की घटना से दुकानदारों को पहले ही भारी आर्थिक नुकसान हुआ है और कारोबार में गिरावट के कारण वे आर्थिक दबाव में हैं। ऐसे में 20 प्रतिशत किराया बढ़ोतरी और अतिरिक्त शुल्क की वसूली उनके लिए दोहरी मार साबित होगी। उन्होंने रक्षा मंत्री से आग्रह किया कि पूरे मामले की समीक्षा होने तक किराया वृद्धि और अतिरिक्त शुल्क की वसूली स्थगित रखी जाए तथा प्रभावित दुकानदारों के विरुद्ध किसी प्रकार की कठोर कार्रवाई न की जाए। कश्यप ने कहा कि कसौली के दुकानदार स्थानीय अर्थव्यवस्था और पर्यटन व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं तथा मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए उनके प्रति मानवीय और व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाया जाना चाहिए।

फीस वृद्धि व चुनाव बहाली को लेकर एबीवीपी अड़ी

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में फीस वृद्धि के विरोध और छात्र संघ चुनाव बहाल करने की मांग को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का आंदोलन लगातार जारी है।

परिषद की विश्वविद्यालय इकाई की ओर से शुरू की गई क्रमिक भूख हड़ताल मंगलवार को नौवें दिन में प्रवेश कर गई। इकाई मंत्री सुशील शर्मा ने बताया कि आंदोलन के आठवें दिन विश्वविद्यालय विस्तारक राकेश नाथ और प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अमन अदिति ने 24 घंटे की भूख हड़ताल पूरी की। इसके बाद नौवें दिन इकाई कार्यकर्ता रिया और शोध इकाई कार्यकर्ता रितेश अगले 24 घंटे की क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठे। परिषद का कहना है कि विवि प्रशासन की छात्र विरोधी नीतियों के कारण विद्यार्थियों में रोष बढ़ रहा है।

◆ **कहा-मांगें पूरी होने तक आंदोलन रहेगा जारी**

सुशील शर्मा ने कहा कि लगातार बढ़ाई जा रही फीस आम परिवारों से आने वाले विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा हासिल करना मुश्किल बना रही है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए विश्वविद्यालय में छात्र संघ चुनाव तत्काल बहाल किए जाने चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि एबीवीपी अपनी दोनों प्रमुख मांगों को लेकर पीछे हटने वाली नहीं है। जब तक फीस वृद्धि वापस लेने और छात्र संघ चुनाव बहाल करने की मांग पूरी नहीं होती, तब तक क्रमिक भूख हड़ताल और आंदोलन जारी रहेगा।

हिमाचल में बाढ़ और कटाव रोकने के लिए 875.27 करोड़ जारी : केंद्र सरकार

राज्यसभा में सांसद सिकंदर कुमार के सवाल पर केंद्र ने दी जानकारी

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश में बाढ़ और नदी कटाव से निपटने के लिए केंद्र सरकार ने बाढ़ प्रबंधन एवं सीमावर्ती क्षेत्र कार्यक्रम (एफएमबीएपी) के तहत 875.27 करोड़ रुपए की केंद्रीय सहायता जारी की है। जल शक्ति मंत्रालय ने राज्यसभा में सांसद सिकंदर कुमार के सवाल के जवाब में यह जानकारी दी।

जल शक्ति मंत्रालय के राज्य मंत्री राज भूषण चौधरी ने बताया कि एफएमबीएपी के तहत नदी प्रबंधन, बाढ़ नियंत्रण, मिट्टी कटाव रोकने और जल निकासी से जुड़े कार्य किए जा रहे हैं। इन योजनाओं को राज्य सरकारें अपनी प्राथमिकताओं के अनुसार तैयार और लागू करती हैं, जबकि केंद्र सरकार तकनीकी मार्गदर्शन और वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाती है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि ब्यास, रावी और सतलुज नदी घाटियों के संरचनात्मक तटीकरण के लिए किसी अलग विशेष वित्तीय पैकेज का उल्लेख नहीं है।

प्राकृतिक आपदा से क्षतिग्रस्त पेयजल योजनाओं के पुनर्निर्माण और सुधार का खर्च राज्य सरकार एसडीआरएफ से उठाती है। गंभीर आपदा की स्थिति में एनडीआरएफ से अतिरिक्त सहायता भी मिल सकती है।

जनादेश और लोकतंत्र का अपमान कर रही सुक्खू सरकार : जयराम ठाकुर

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने जिला परिषद शिमला के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव में कथित देरी को लेकर सुक्खू सरकार पर तीखा हमला बोला है।

◆ **कहा- नौ जिलों में कांग्रेस को अध्यक्ष-उपाध्यक्ष के प्रत्याशी तक नहीं मिले**

उन्होंने उच्च न्यायालय के चुनाव जल्द करवाने संबंधी निर्देश का स्वागत करते हुए आरोप लगाया कि सरकार अपनी राजनीतिक हार और नाक बचाने के लिए जनादेश, लोकतंत्र और संविधान की धज्जियां उड़ा रही है। जयराम ठाकुर ने कहा कि जिला परिषद के दस में से नौ जिलों में कांग्रेस को अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए प्रत्याशी तक नहीं मिले, जो सत्ताधारी दल की ऐतिहासिक हार है। इसी हार के डर से सरकार चुनाव से बचती रही और अब भाजपा समर्थित निर्वाचित प्रतिनिधियों को डराने-धमकाने तथा उनका समर्थन हासिल करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 92 ब्लॉक समितियों में भाजपा समर्थित 51 अध्यक्ष और 54 उपाध्यक्ष चुने गए हैं, जबकि कांग्रेस के 29 अध्यक्ष और 25 उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। आठ ब्लॉक समितियों के चुनाव अभी तक तय नहीं हुए हैं। जयराम ने आरोप लगाया कि आपदा प्रबंधन अधिनियम को चुनाव टालने के आधार के रूप में इस्तेमाल किया गया, जबकि आपदा प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति जस की तस बनी हुई है और सरकार ने उन्हीं क्षेत्रों में अपने तीन साल पूरे होने का जश्न मनाया।

नेता प्रतिपक्ष ने इंदौरा के अंकुश इंदोरिया मामले में उच्च न्यायालय की तल्ख टिप्पणियों का हवाला देते हुए कहा कि न्यायालय द्वारा स्पष्ट किए जाने के बावजूद सरकार अपने रवैये में बदलाव नहीं ला रही है।

उन्होंने कहा कि अंकुश इंदोरिया बनाम स्टेट ऑफ हिमाचल मामले में उच्च न्यायालय ने हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 79 का उल्लेख करते हुए स्पष्ट किया है कि निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाए जाने के तुरंत बाद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव कराया जाना चाहिए। जयराम ठाकुर के अनुसार, अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि पुलिस जांच लंबित होने के आधार पर कार्यपालिका को चुनाव अनिश्चितकाल तक स्थगित रखने का कोई वैधानिक अधिकार नहीं है और संबंधित अधिकारी द्वारा चुनाव रोकने की कार्रवाई को असमर्थनीय, अवैध तथा विधि के शासन के विपरीत माना गया।

मार्च 2027 की परीक्षाओं में बदलेगा प्रश्न-पत्र का पैटर्न

अनंत ज्ञान

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने स्कूली शिक्षा में परीक्षा प्रणाली को अधिक व्यावहारिक और विद्यार्थी-केंद्रित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। बोर्ड ने मार्च 2027 में होने वाली परीक्षाओं के लिए योग्यता आधारित आदर्श प्रश्न-पत्र (मॉडल पेपर) और अंक विभाजन तैयार कर लिए हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप किए गए इस बदलाव का उद्देश्य विद्यार्थियों को रटंत विद्या से बाहर निकालकर उनकी वास्तविक समझ, कौशल और व्यावहारिक ज्ञान को परखना है।

परख टैक्सोनॉमी के आधार पर बदलाव: बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि नए प्रश्न-पत्र परख टैक्सोनॉमी के दिशा-निर्देशों के अनुसार तैयार किए गए हैं। इनमें विद्यार्थियों की अवधारणाओं की समझ, विश्लेषणात्मक क्षमता, रचनात्मक सोच, समस्या समाधान कौशल और ज्ञान के व्यावहारिक उपयोग को प्राथमिकता दी जाएगी।

◆ **एचपी बोर्ड ने योग्यता आधारित मॉडल पेपर किए जारी, रटने के बजाय समझ और कौशल पर होगा जोर**

इससे विद्यार्थी केवल परीक्षा पास करने के बजाय राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं और भविष्य की चुनौतियों के लिए बेहतर ढंग से तैयार हो सकेंगे।

कक्षा पांचवीं में भी नई व्यवस्था: यह बदलाव केवल जमा एक और जमा दो की परीक्षाओं तक सीमित नहीं है। कक्षा पांचवीं के शैक्षणिक सत्र 2026-27 की ग्रीष्मकालीन और शीतकालीन परीक्षाओं के लिए भी नए आदर्श प्रश्न-पत्र तैयार किए गए हैं। इसके अलावा संशोधित पाठ्यक्रम वाले व्यावसायिक विषयों के लिए भी नए मॉडल पेपर और अंक विभाजन जारी किए गए हैं। बोर्ड ने विद्यार्थियों और शिक्षकों की सुविधा के लिए कक्षा पांचवीं, 11वीं और 12वीं के आदर्श प्रश्न-पत्र तथा अंक विभाजन अपनी आधिकारिक वेबसाइट के डाउनलोड विकल्प में उपलब्ध करवा दिए हैं।

झारखंड में छात्रों पर कार्रवाई कांग्रेस की युवा विरोधी सोच : अनुराग ठाकुर

अनंत ज्ञान

हमीरपुर। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं हमीरपुर सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने झारखंड में छात्रों के विरोध-प्रदर्शन के दौरान सरकार की कार्रवाई को लेकर कांग्रेस और राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि झारखंड में छात्रों के साथ जिस तरह सरकार बर्बरता कर रही है, वह राहुल गांधी की सोच और उनके समर्थन से चल रही राज्य सरकार की युवाओं के प्रति क्रूर मानसिकता को उजागर करता है।

अनुराग ने कहा कि देश का युवा अपने अधिकारों, रोजगार और अपने भविष्य से जुड़े सवाल पूछ रहा है, लेकिन कांग्रेस की सरकारें उन सवालों का जवाब देने के बजाय युवाओं की आवाज दबाने का रास्ता अपना रही हैं। उन्होंने कहा कि जिस सरकार को छात्रों की समस्याएं सुननी चाहिए थीं, वही उनके लोकतांत्रिक विरोध के सामने दमन का रास्ता अपना रही है।

◆ **गृहमंत्री से जवाब मांगने वाले राहुल गांधी खुद सदन से रहते हैं गायब, सुर्खियों में बने रहने के लिए चला रहे हैं झूठ की दुकान**

उन्होंने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल गांधी गृहमंत्री से जवाब तो चाहते हैं, मगर खुद सदन में आने से बचते हैं। जब संसद में देश के महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होती है, तब उनकी गैरहाजिरी और बाहर आकर बयानबाजी उनकी गंभीरता पर सवाल खड़े करती है।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस की राजनीति अब मुद्दों के समाधान की नहीं, बल्कि सुर्खियों में बने रहने की राजनीति बन चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि जनता के बीच भ्रम पैदा करने के लिए कांग्रेस लगातार झूठ और आधे-अधूरे तथ्यों का सहारा ले रही है।

उन्होंने कहा कि युवाओं को न्याय, अवसर और संवाद चाहिए, दमन नहीं। कांग्रेस को यह समझना होगा कि देश का युवा अब उसकी राजनीति और दोहरे मापदंडों को अच्छी तरह समझ चुका है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस को पहले अपने शासन वाले राज्यों में युवाओं और छात्रों के साथ हो रहे व्यवहार का जवाब देना चाहिए और उसके बाद केंद्र सरकार से सवाल पूछने चाहिए। देश का युवा कांग्रेस से जवाब मांग रहा है कि लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज उठाने वाले छात्रों को दबाने की कोशिश क्यों की जा रही है।

शिमला की पेयजल व्यवस्था होगी और मजबूत : विक्रमादित्य

24×7 पेयजल परियोजना के पैकेज-10 का मंत्री ने लिया जायजा

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। शिमला शहर में 24म7 निरंतर और प्रेशरयुक्त पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में चल रहे कार्यों का शहरी विकास एवं लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने मंगलवार को मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। उन्होंने एसजेपीएनएल की 24म7 पेयजल वितरण परियोजना के पैकेज-10 के तहत कच्ची घाटी, बोइलौगंज, एडवांस स्टडीज, समरहिल और तारादेवी क्षेत्रों का दौरा कर पाइपलाइन बिछाने, सड़क पुनर्स्थापन और नए जल भंडारण टैंकों के निर्माण की प्रगति का जायजा लिया।

मंत्री विक्रमादित्य सिंह पेयजल परियोजना के कार्यों का निरीक्षण करते हुए।

निरीक्षण के दौरान एसजेपीएनएल, एसयूईजेड प्राइवेट लिमिटेड और टाटा की टीमों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। अधिकारियों एवं परियोजना से जुड़ी टीमों ने मंत्री को पैकेज-10 के तहत किए जा रहे विभिन्न कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। मंत्री ने मौके पर चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते हुए परियोजना की गुणवत्ता और प्रगति से संबंधित जानकारी हासिल की।

शिमला की जलापूर्ति व्यवस्था को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप आधुनिक बनाने के लिए पुरानी पाइपलाइनों को बदला जा रहा है।

परियोजना के तहत पाइपलाइन अवसंरचना को मजबूत करने के साथ आवश्यक स्थानों पर नए जल भंडारण टैंकों का निर्माण किया जा रहा है। पाइपलाइन बिछाने के बाद प्रभावित सड़कों और अन्य सतहों का पुनर्स्थापन भी परियोजना का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

पैकेज-10 के तहत कच्ची घाटी, बोइलौगंज, एडवांस स्टडीज, समरहिल और तारादेवी जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में चल रहे कार्यों को इसी व्यापक योजना का हिस्सा माना जा रहा है। परियोजना पूरी होने के बाद शिमला की जलापूर्ति व्यवस्था में स्थायित्व आने और उपभोक्ताओं को अधिक नियमित एवं विश्वसनीय पेयजल सुविधा उपलब्ध होने की उम्मीद है।

उपलब्धि दराट से लगभग कट चुका हाथ सात घंटे की जटिल सर्जरी के बाद बचाया

एम्स बिलासपुर में पहली हैंड रिवैस्कुलराइजेशन सर्जरी सफल

अनंत ज्ञान

अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) बिलासपुर के प्लास्टिक सर्जरी विभाग ने हिमाचल प्रदेश में जटिल पुनर्निर्माण शल्य चिकित्सा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। चिकित्सकों की टीम ने खेत में काम करते समय तेजधार दराट से लगभग पूरी तरह कट चुके एक मरीज के बाएं हाथ को सफलतापूर्वक हैंड रिवैस्कुलराइजेशन सर्जरी के माध्यम से बचा लिया। एम्स बिलासपुर के अनुसार, यह हिमाचल प्रदेश में इस तरह की पहली सफल हैंड रिवैस्कुलराइजेशन सर्जरी है।

गंभीर रूप से घायल मरीज को प्रारंभिक उपचार के बाद कुल्लू से तत्काल एम्स बिलासपुर रेफर किया गया। अस्पताल पहुंचते ही चिकित्सकीय टीम ने बिना समय गंवाए मरीज को स्थिर किया और आपातकालीन सर्जरी शुरू की। करीब सात घंटे तक चले इस जटिल ऑपरेशन में हड्डियों को जोड़ने और स्थिर करने के साथ-साथ कटी हुई धमनियों, नसों और टेंडन की माइक्रोसर्जिकल तकनीक से मरम्मत की गई। इसका उद्देश्य हाथ में दोबारा रक्त संचार स्थापित करने के साथ उसकी कार्यक्षमता को बचाना था।

दसवें दिन मरीज को मिली अस्पताल से छुट्टी

सर्जरी का नेतृत्व डॉ. नवनीत शर्मा ने किया। ऑपरेशन टीम में डॉ. बिनीत, डॉ. शिवानी, डॉ. हरलीन और डॉ. ईश्वर्या शामिल रहे। वहीं एनेस्थीसिया टीम में डॉ. मार्कंडेय प्रसाद, डॉ. सचिन और जूनियर रेजिडेंट डॉ. हिमांशु ने पेरीऑपरेटिव प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सर्जरी के बाद मरीज की स्थिति में लगातार सुधार हुआ और चिकित्सकीय निगरानी के बाद उसे दसवें दिन अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। यह उपलब्धि एम्स बिलासपुर में गंभीर ट्रॉमा और जटिल रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी की क्षमता को दर्शाती है और प्रदेश के मरीजों के लिए उन्नत चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता की दिशा में भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

डॉ. नवनीत शर्मा ने कहा कि इस प्रकार की आपात स्थिति में समय पर चिकित्सा हस्तक्षेप बेहद महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि अंग में रक्त प्रवाह बहाल करने में होने वाली देरी से ऊतकों को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है। ऐसे मामलों में मरीज को जल्द से जल्द विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधा तक पहुंचाना आवश्यक है।

अंग कटने की स्थिति में क्या करें?

एम्स बिलासपुर के प्लास्टिक सर्जरी विभाग ने लोगों से अपील की है कि दुर्घटना में शरीर का कोई अंग कट जाने पर घबराएं नहीं और उसे साफ, हल्के नम कपड़े में लपेटकर सुरक्षित रखें। कटे हुए हिस्से को रगड़ें या जोर से न धोएं। इसके बाद उसे वाटरटाइट प्लास्टिक बैग में रखकर बर्फ मिले ठंडे पानी वाले कंटेनर में रखें, लेकिन कटे हुए अंग को सीधे बर्फ पर न रखें। मरीज और कटे हुए अंग को बिना समय गंवाए ऐसे अस्पताल पहुंचाएं, जहां माइक्रोसर्जरी और पुनर्निर्माण सर्जरी की सुविधा उपलब्ध हो। समय पर प्राथमिक उपचार और विशेषज्ञ चिकित्सा सहायता मिलने से अंग को बचाने की संभावना बढ़ सकती है।

भागसूनाग में छह माह में पुलिस पोस्ट कक्ष तैयार

लोगों ने डीसी की मदद से बनवाया कक्ष, तैयार भवन की पुलिस प्रशासन को सौंप दी हैं चाबियां

◆ अब पुलिस कर्मियों की तैनाती का इंतजार

अनंत ज्ञान

राजेश कुमार, धर्मशाला। पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज में भागसूनाग में उठ रही पुलिस पोस्ट की मांग पर छह माह से कक्ष बनकर तैयार हो चुका है, जो कि पुलिस स्टाफ की तैनाती का इंतजार कर रहा है।

भागसूनाग में पिछले कुछ वर्षों में घटित घटनाओं के चलते वार्ड व आसपास के लोगों द्वारा लगातार यहां पुलिस पोस्ट स्थापना की मांग की जा रही थी। इस संबंध में भागसूनाग के लोग डीसी कांगड़ा से भी मिले थे।

डीसी कांगड़ा की ओर से उपलब्ध करवाई गई सहायता से भागसूनाग में करीब छह माह से पुलिस पोस्ट के लिए कक्ष बनकर तैयार हो चुका है, जिसकी चाबियां भी पुलिस प्रशासन को सौंप दी गई हैं, अब क्षेत्र के लोग यहां पर नियमित तौर पर पुलिस स्टाफ की तैनाती का इंतजार कर रहे हैं।

धर्मशाला के भागसूनाग में निर्मित पुलिस पोस्ट। अनंत ज्ञान

लड़ाई-झगड़े के मामले हो चुके हैं घटित: गौरतलब है कि भागसूनाग में पिछले कुछ वर्षों में कई लड़ाई-झगड़े के मामले घटित हो चुके हैं। यहां तक कि एक झगड़े के दौरान एक युवक की मौत भी हो चुकी है। यही नहीं शरारती तत्वों पर नकेल कसने सहित ट्रैफिक व्यवस्था चाक चौबंद रहे, इसके लिए भागसूनाग के लोग, आसपास के क्षेत्र के लोगों की सुविधा व सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस पोस्ट की मांग लगातार उठा रहे थे।

एसपी से मिले थे वार्ड के लोग: पुलिस पोस्ट कक्ष तैयार होने उपरांत भागसूनाग के लोगों ने एसपी कांगड़ा से मिलकर, उनसे पुलिस पोस्ट में 4 से 5 पुलिस कर्मियों की तैनाती की मांग की है। वहीं सूत्र बताते हैं कि पुलिस विभाग में स्टाफ की कमी के बावजूद पुलिस प्रशासन, ट्रैफिक व्यवस्था बेहतर बनी रहे, इसके लिए प्रयास कर रहा है। भागसूनाग में पर्यटकों की आमद बढ़ने के साथ आसपास के एरिया में आबादी भी बढ़ रही है। भागसूनाग, अप्पर भागसू के साथ धर्मकोट, दुसालनी व अन्य क्षेत्र भी लगते हैं, जहां पर पर्यटकों की आमद वर्ष भर लगी रहती है।

"पुलिस कर्मियों के बैठने के लिए भागसूनाग में उचित व्यवस्था नहीं थी, जिस पर वार्ड के लोगों ने डीसी कांगड़ा से मिलकर राशि स्वीकृत करवाई थी, जिससे पुलिस पोस्ट के लिए कमरा तैयार कर, जिसकी चाबियां पुलिस प्रशासन को सौंप दी गई हैं। एसपी से मिलकर पुलिस पोस्ट में 4-5 पुलिस कर्मियों की तैनाती का आग्रह किया गया है, जिससे ट्रैफिक व्यवस्था बेहतर होने के साथ शरारती तत्वों पर भी नकेल कसी जा सके।

शमशेर सिंह नैहरिया, मेयर नगर निगम धर्मशाला

न्यूज ब्रीफ

गैस उपभोक्ताओं के लिए ई-केवाईसी शिविर आयोजित

अनंत ज्ञान, डरोह। विकास खंड सुलह की ग्राम पंचायत गढ़ खास में उमेश गैस एजेंसी डरोह की ओर से गैस उपभोक्ताओं के लिए ई-केवाईसी शिविर लगाया गया। शिविर में स्थानीय उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी की गई। पंचायत समिति सदस्य अनीता कुमारी ने कहा कि गांव में शिविर लगने से ग्रामीणों को समय और भागदौड़ से राहत मिली है। उन्होंने एजेंसी के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इससे उपभोक्ताओं को नियमित गैस आपूर्ति सहित अन्य सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा।

इशांत भारद्वाज का 'नाटी रा धमाका' गीत रिलीज

अनंत ज्ञान, राजकुमार चौधरी, गगल। हिमाचल के लोक गायक इशांत भारद्वाज का नया पहाड़ी गीत 'नाटी रा धमाका' रिलीज हो गया है। गीत के माध्यम से ऊपरी हिमाचल और उत्तराखंड के जौनसार क्षेत्र की लोक-संस्कृति को एक मंच पर लाने का प्रयास किया गया है। गीत का फिल्मांकन बिलासपुर की खूबसूरत वादियों में हुआ है। इशांत ने शिमला, कुल्लू, मंडी, सिरमौर और जौनसार की बोलियों व नाटी के रंगों को गीत में पिरोया है।

डाडासीबा में डीएसपी राज कुमार को दी विदाई

अनंत ज्ञान, पिंडी, डाडासीबा। करीब एक वर्ष तीन माह तक सेवाएं देने के बाद डीएसपी राज कुमार का तबादला उपमंडल डीएसपी बंजार, जिला कुल्लू के पद पर हुआ है। डाडा सीबा में नए एसडीपीओ कार्यालय खुलने के बाद वह यहां तैनात होने वाले पहले डीएसपी थे। उनके स्थानांतरण पर व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रधान राजेंद्र सिंह गोगा सहित स्थानीय लोगों व बच्चों ने मुलाकात कर विदाई दी और नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां। नगरोटा बगवां कॉलेज की कॉमर्स सोसायटी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में 'शिक्षा में साइबर सुरक्षा के उभरते रुझान' विषय पर व्याख्यान आयोजित किया। इसमें करीब 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। रिसोर्स पर्सन अतिश चंदर व आर्यन गिल ने साइबर अपराध, ऑनलाइन धोखाधड़ी, डिजिटल गोपनीयता, सुरक्षित पासवर्ड और सोशल मीडिया के जिम्मेदार उपयोग की जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र कुमार सोनी ने कार्यक्रम की सराहना की।

बैजनाथ शिव मंदिर में पहली बार हुआ शिव नुआला

अनंत ज्ञान, जितेंद्र कौशल, बैजनाथ। ऐतिहासिक शिव मंदिर परिसर में पहली बार आयोजित शिव नुआले में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। आखिरी सोमवार को हुए आयोजन से पूरा मंदिर परिसर भगवान शिव के जयकारों से गूंज उठा। पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ भगवान शिव की पूजा-अर्चना की गई। बैजनाथ विधायक किशोरी लाल ने भी कार्यक्रम में शामिल होकर पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रद्धालुओं ने आयोजन को धार्मिक परंपराओं का यादगार अध्याय बताया।

कम वोल्टेज से कुम्हार बस्ती के लोग परेशान

अनंत ज्ञान, कोटला। कोटी वंडा पंचायत के वार्ड नंबर-2 स्थित वाड़ी वासा कुम्हार बस्ती में सिंगल फेस बिजली आपूर्ति से करीब 25-30 परिवार परेशान हैं। कम वोल्टेज के कारण पंखे और पानी की मोटरें तक ठीक से नहीं चल पा रही हैं। ग्रामीणों ने थ्री फेस लाइन लगाने की मांग की है। बिजली बोर्ड कोटला के एसडीओ कुंदन सिंह ने बताया कि समस्या का इस्टीमेट तैयार कर लिया गया है और जल्द समाधान किया जाएगा।

जेएनवी आवेदन में गलती सुधारने का अंतिम मौका

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार ने बताया कि जेएनवी की कक्षा छठी में प्रवेश के लिए जिन उम्मीदवारों ने ऑनलाइन आवेदन किया है उनके लिए नवोदय विद्यालय समिति द्वारा दो दिन 11 और 12 अगस्त ऑनलाइन आवेदन में सुधार करने हेतु सुधार विंडो खोली गई है। पंजीकृत उम्मीदवार अपने ऑनलाइन आवेदन में श्रेणी, क्षेत्र, दिव्यांगता और परीक्षा में आवश्यक सुधार विंडो लिंक पर जाकर कर सकते हैं।

मनकोटिया के बयानों पर भाजपा का पलटवार

अनंत ज्ञान, परागपुर। भाजपा परागपुर मंडल अध्यक्ष विनोद शर्मा ने कांग्रेस नेता मनकोटिया पर पूर्व मंत्री एवं विधायक बिक्रम सिंह ठाकुर के खिलाफ निम्नस्तरीय बयानबाजी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में भी बिक्रम ठाकुर ने क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास कार्य करवाए। टैरेस एचआरटीसी डिपो की शुरुआत 12 बसों से की गई थी। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर रूट बंद करने, सड़कों की बदहाली और विकास कार्यों की अनदेखी का आरोप लगाया।

कांगड़ा में आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण शुरू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। राज्य सरकार के वित्त मंत्रालय के आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग की ओर से हिमाचल प्रदेश के सभी जिलों में आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण का क्षेत्रीय कार्य शुरू किया गया है। जिला कांगड़ा में भी सर्वेक्षण के तहत सांख्यिकी विभाग के कर्मचारी ऑनलाइन एप्लीकेशन के माध्यम से घर-घर जाकर आवश्यक जानकारी जुटाएंगे। डीसी हेमराज बैरवा ने जिलावासियों से सर्वेक्षण में सहयोग करते हुए सही और सटीक जानकारी उपलब्ध करवाने की अपील की है। उन्होंने बताया कि सर्वेक्षण से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर श्रम बाजार, रोजगार, बेरोजगारी और श्रम बल से जुड़े विभिन्न संकेतकों का अध्ययन किया जाएगा। इससे लोगों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति का वास्तविक आकलन करने तथा भविष्य में रोजगार संबंधी नीतियों और योजनाओं के प्रभावी निर्धारण में मदद मिलेगी। उन्होंने लोगों से सर्वेक्षण को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग देने का आग्रह किया।

तंबाकू नियंत्रण नियमों के उल्लंघन पर 13 चालान

अनंत ज्ञान, जितेंद्र कौशल, बैजनाथ। महाकाल खंड स्तरीय उड़न दस्ते ने मंगलवार को बुरली कोठी पपरोला, मुख्य बाजार पपरोला, पंचरुखी तथा राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ के आसपास विशेष निरीक्षण अभियान चलाया। टीम ने सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम, 2003 के उल्लंघन पर दुकानदारों के 13 चालान किए। अधिकारियों ने दुकानदारों को तंबाकू नियंत्रण कानून के प्रावधानों की जानकारी देते हुए उनका कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। उल्लंघन पर कार्रवाई जारी रखने की चेतावनी भी दी।

परागपुर में विद्युत मंडल खोलने की मांग

अनंत ज्ञान, परागपुर। जसवां-परागपुर क्षेत्र के लोगों ने मुख्यमंत्री एवं ऊर्जा मंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से परागपुर में स्वतंत्र विद्युत मंडल कार्यालय खोलने की मांग की है। वर्तमान में क्षेत्र के विद्युत उपमंडल देहरा मंडल के अधीन हैं, जिससे लोगों को प्रशासनिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि परागपुर में नया मंडल बनने से देहरा सर्किल के तीन संतुलित मंडल होंगे और विद्युत संबंधी समस्याओं का त्वरित समाधान संभव होगा।

एचपीयू क्षेत्रीय केंद्र में इंडक्शन प्रोग्राम आयोजित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केंद्र धर्मशाला के गणित एवं सांख्यिकी विभाग ने नव-प्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत और शैक्षणिक व्यवस्था से परिचित कराने के लिए दो दिवसीय इंडक्शन प्रोग्राम आयोजित किया। मुख्य अतिथि प्रो. जोगिंदर सिंह धीमान ने विद्यार्थियों को अनुशासन, नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन और डिजिटल कौशल विकसित करने के लिए प्रेरित किया। निदेशक प्रो. कुलदीप कुमार अत्री ने विद्यार्थियों से सेमिनार, कार्यशालाओं, प्रस्तुतियों और शोध गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।

3 माह में उखड़ी इंटरलॉक टाइल्स, गुणवत्ता पर उठे सवाल

अनंत ज्ञान, पठानकोट। पठानकोट की न्यू रूरल मार्केट में करीब तीन महीने पहले बिछाई गई इंटरलॉक टाइल्स उखड़ने लगी हैं। स्थानीय दुकानदारों और लोगों ने निर्माण कार्य में घटिया मैटीरियल इस्तेमाल किए जाने की आशंका जताई है। पूर्व पार्षद विक्की ने बताया कि उन्होंने मौके पर नगर निगम अधिकारियों को फोन कर मौके की जांच की मांग की, लेकिन कोई अधिकारी नहीं पहुंचा। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक धन से हुए कार्य की गुणवत्ता जांचना जरूरी है। विक्की ने इस मामले की शिकायत विजिलेंस विभाग में देने की तैयारी है। उन्होंने पूरे निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच और अनियमितता मिलने पर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

केंद्रीय मंत्री चिराग से मिले विधायक केवल पठानिया

शाहपुर में एफसीआई स्टील साइलो खोलने की उठाई मांग

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया इन दिनों दिल्ली दौरे पर हैं। उन्होंने केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान से मुलाकात कर शाहपुर विधानसभा क्षेत्र में गेहूं एवं चावल के भंडारण के लिए भारतीय खाद्य निगम के आधुनिक स्टील साइलो खोलने की मांग रखी। पठानिया ने केंद्रीय मंत्री को सौंपे पत्र में कहा कि शाहपुर में आधुनिक वैज्ञानिक भंडारण सुविधा स्थापित होने से किसानों तथा खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को बड़ा लाभ मिलेगा। स्टील साइलो के माध्यम से अनाज का बेहतर एवं सुरक्षित भंडारण सुनिश्चित होने के साथ फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान को भी कम किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि एफसीआई द्वारा पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश जैसे प्रमुख कृषि उत्पादक राज्यों में पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल के तहत अत्याधुनिक स्टील साइलो स्थापित किए गए हैं। इसी

तर्ज पर शाहपुर में भी यह सुविधा उपलब्ध करवाना क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण कदम होगा। पठानिया ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि हिमाचल प्रदेश में ऊना में आलू प्रसंस्करण केंद्र, नादौन में स्पाइस पार्क तथा कांगड़ा में किन्नू प्रसंस्करण केंद्र जैसे प्रोजेक्ट भी विचाराधीन हैं। विधायक ने केंद्रीय मंत्री से जनहित में शाहपुर में गेहूं और चावल के लिए एफसीआई स्टील साइलो खोलने को स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया।

सरकार का मुख्य ध्येय समाज के अंतिम व्यक्ति का उत्थान: गोमा

अनंत ज्ञान, नरेंद्र डोगरा, जयसिंहपुर। आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल तथा कानून मंत्री यादविंद्र गोमा ने लंबागांव में आयोजित ब्लॉक स्तरीय लाभार्थी संवाद कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में बीपीएल चरण-एक से आठ के तहत चयनित 31 पंचायतों के करीब 1000 पात्र परिवारों ने भाग लिया।

◆ लंबागांव में 1000 बीपीएल परिवारों से किया संवाद

मंत्री ने लाभार्थियों से सीधा संवाद करते हुए उनकी समस्याओं, जरूरतों और सरकारी योजनाओं से जुड़े मुद्दों की जानकारी ली। यादविंद्र गोमा ने कहा कि संवाद कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से धरातल तक पहुंचाना और पात्र परिवारों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े जरूरतमंद व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जाए। उन्होंने बताया कि बीपीएल परिवारों के चयन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए दो-स्तरीय समितियों का गठन किया गया है।

मंत्री ने बताया कि जयसिंहपुर के सोलबनेहड़ में 25 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक इनडोर स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। इससे क्षेत्र के खिलाड़ियों को बेहतर खेल सुविधाएं मिलेंगी। कार्यक्रम में बीपीएल श्रेणी के 80 वर्ष से अधिक आयु के चार वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित भी किया गया। इस दौरान मंत्री ने लाभार्थियों की शिकायतें गंभीरता से सुनीं और अधिकांश मामलों का मौके पर ही निपटारा किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शेष समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

बागनी में बीपीएल परिवारों से संवाद, समस्याओं के समाधान का दिया भरोसा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। बागनी पंचायत भवन परिसर में बीपीएल चरण एक से आठ के तहत चयनित परिवारों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें क्षेत्र की आठ पंचायतों से चयनित बीपीएल परिवारों ने भाग लिया। धर्मशाला के पूर्व मेयर एवं पूर्व प्रत्याशी देवेंद्र जग्गी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कहा कि संवाद कार्यक्रम केवल योजनाओं की जानकारी देने तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे यह जानने में भी मदद मिलती है कि सरकारी योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर पर पात्र लोगों तक पहुंच रहा है या नहीं। उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने कहा कि बीपीएल परिवारों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुना जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को पात्रता के अनुसार आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। परिवारों ने अपनी समस्याएं और सुझाव रखे, जिनके समाधान का उपायुक्त ने आश्वासन दिया।

टांडा में नर्सों की सैलरी पर प्रिंसिपल ने साफ की स्थिति

अनंत ज्ञान

नगरोटा बगवां। टांडा मेडिकल कॉलेज में हाल ही में नियुक्त पोस्ट कोड: 26004 असिस्टेंट स्टाफ नर्सों की सैलरी को लेकर उठ रहे सवालों पर मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. मिलाप शर्मा ने स्थिति स्पष्ट की है। उन्होंने कहा कि अभी तक किसी भी असिस्टेंट स्टाफ नर्स की ओर से वेतन नहीं मिलने की शिकायत उनके पास नहीं आई है।

◆ बोले- नहीं मिली कोई शिकायत

उन्होंने बताया कि नवनियुक्त नर्सों की जॉइनिंग रिपोर्ट एक साथ तैयार कर सरकार को भेजी जानी है। उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से असिस्टेंट स्टाफ नर्सों की भर्ती की गई है और चयन प्रक्रिया हमीरपुर चयन आयोग के माध्यम से हुई है। पहले चरण में 122 नर्सों की भर्ती हुई, जिनमें से करीब 80 नर्सें टांडा मेडिकल कॉलेज में ज्वॉइन कर चुकी हैं। वहीं, हाल ही में 64 और नर्सों की नियुक्ति आदेश जारी हुए हैं और उनकी ज्वॉइनिंग भी जारी है।

सभी की ज्वॉइनिंग के बाद भेजी जाएगी रिपोर्ट

डॉ. मिलाप शर्मा ने कहा कि जैसे-जैसे नर्सें जॉइन करेंगी, उनकी रिपोर्ट तैयार कर सरकार को भेजी जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने नियुक्ति की है तो सभी नर्सों को वेतन मिलना चाहिए। वेतन में देरी को लेकर उन्होंने कहा कि अगर किसी नर्स को सैलरी नहीं मिली है तो वह अपनी एप्लीकेशन कॉलेज को भेजे। ऐसी शिकायत मिलने पर मामला तुरंत सरकार के ध्यान में लाया जाएगा।

कोर्ट केस के कारण ज्वॉइनिंग में हुई देरी: डॉ. शर्मा ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया के दौरान कोर्ट से स्टे आने के कारण कुछ समय के लिए जॉइनिंग प्रभावित हुई थी। अब कोर्ट ने जॉइनिंग की अनुमति दे दी है। हालांकि, इनकी नियुक्ति और सेवा की निरंतरता अंतिम कोर्ट के फैसले पर निर्भर रहेगी।

पांच माह में जिले में 62.68 करोड़ रुपए के खाद्यान्न वितरित: विनय

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। जिला कांगड़ा में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत मार्च से जुलाई 2026 तक 1,161 उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से 4 लाख 70 हजार 948 राशनकार्ड धारकों को 62.68 करोड़ रुपए मूल्य के खाद्यान्न उपलब्ध करवाए गए। यह जानकारी अतिरिक्त उपायुक्त विनय कुमार की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय सार्वजनिक वितरण प्रणाली एवं सतर्कता समिति की बैठक में दी गई। बैठक में खाद्य वस्तुओं के भंडारण, गुणवत्ता और पारदर्शी वितरण व्यवस्था की समीक्षा की गई। विभाग ने पांच माह में 7,164 निरीक्षण किए, जिनमें 56 मामलों में अनियमितताएं मिलने पर 8.38 लाख रुपए वसूले गए। पॉलीथीन कंपाउंडिंग के तहत 16,500 और घरेलू गैस के व्यावसायिक उपयोग पर 10,000 रुपए जुर्माना भी वसूला गया। अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री सेवा संकल्प के तहत प्राप्त 919, ई-समाधान की सात और अन्य माध्यमों की 30 शिकायतों का निपटारा कर दिया गया है।

पात्र परिवारों को हर कल्याणकारी योजना का लाभ दिलाना प्राथमिकता: अजय वर्मा

अनंत ज्ञान

आशीष दमीर, कांगड़ा। मटौर पंचायत में विभिन्न पंचायतों से चयनित बीपीएल परिवारों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें क्षेत्र की पंचायतों से चयनित पात्र परिवारों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य बीपीएल परिवारों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और विभिन्न सुविधाओं की जानकारी देने के साथ उनकी समस्याएं, आवश्यकताएं और सुझाव सीधे प्रशासन तक पहुंचाना रहा। कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम के उपाध्यक्ष अजय वर्मा और एपीएमसी अध्यक्ष निशु मोंगरा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का प्रयास है कि बीपीएल परिवारों को सम्मानजनक जीवन के साथ उनकी पात्रता के अनुसार प्रत्येक कल्याणकारी योजना का लाभ मिले। सस्ता राशन, सामाजिक सुरक्षा, बच्चों की शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, आवास तथा रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है।

उन्होंने कहा कि संवाद कार्यक्रमों के माध्यम से पात्र परिवारों की वास्तविक समस्याओं और जरूरतों की जानकारी मिल रही है, जिससे योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में मदद मिलेगी। खंड विकास अधिकारी ने कहा कि बीपीएल परिवारों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुना जा रहा है। संबंधित विभागों को पात्रता के अनुसार आवश्यक कार्रवाई और समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

15 अगस्त से पहले जम्मू कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा दे केंद्र सरकार: शांता

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने केंद्र सरकार से जम्मू-कश्मीर को 15 अगस्त से पहले पूर्ण राज्य का दर्जा देने की घोषणा करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि धारा 370 समाप्त हुए सात वर्ष हो चुके हैं और इसके बाद जम्मू-कश्मीर में लगातार विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शांतिपूर्ण विधानसभा चुनाव संपन्न होना इस बात का प्रमाण है कि वहां कानून-व्यवस्था की स्थिति बेहतर हुई है और लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत हुई है। शांता कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार संसद में उचित समय पर जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की घोषणा कर चुकी है। सर्वोच्च न्यायालय के फैसले में भी उचित समय पर राज्य का दर्जा बहाल करने का उल्लेख किया गया था। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आग्रह किया कि 15 अगस्त से पहले पूर्ण राज्य का दर्जा देने की घोषणा कर कश्मीर की जनता को लोकतांत्रिक अधिकारों की मजबूती का संदेश दें।

नगरोटा बगवां में कोटपा फ्लाइंग स्क्वॉयड की कार्रवाई, 9 के चालान

अनंत ज्ञान

कपिल वासुदेवा, नगरोटा बगवां। खंड स्तरीय कोटपा फ्लाइंग स्क्वॉयड नगरोटा बगवां ने मंगलवार को खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. रूबी भारद्वाज की अध्यक्षता में तंबाकू नियंत्रण अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विशेष निरीक्षण अभियान चलाया।

टीम ने झिओल, कनेड, सिद्धबाड़ी, नरवाना बाजार, टंग और बड़ोई बाजार में विभिन्न दुकानों व प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कोटपा अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन करने वाले नौ व्यक्तियों एवं प्रतिष्ठानों के चालान किए गए। टीम ने दुकानदारों और व्यापारियों को अधिनियम के नियमों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। साथ ही तंबाकू उत्पादों की बिक्री और सार्वजनिक प्रदर्शन से संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी भी दी गई। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. रूबी भारद्वाज ने कहा कि तंबाकू नियंत्रण अधिनियम का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण एवं प्रवर्तन अभियान भविष्य में भी नियमित रूप से जारी रहेगा। उन्होंने लोगों से तंबाकू से दूर रहने तथा स्वस्थ समाज के निर्माण में सहयोग देने की अपील की। साथ ही नागरिकों से कोटपा अधिनियम के पालन में प्रशासन का सहयोग करने का आग्रह किया।

डॉ. ओमेश भारती बने कांगड़ा के नए सीएमओ

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। पद्मश्री से सम्मानित वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. ओमेश भारती को कांगड़ा जिले का नया मुख्य चिकित्सा अधिकारी नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति का स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, चिकित्सकों और कर्मचारियों ने स्वागत किया है। स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े लोगों ने डॉ. भारती को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी। उन्होंने उम्मीद जताई कि उनके व्यापक अनुभव और कुशल नेतृत्व से कांगड़ा जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी व लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

आपदा राहत राशि का पूरा लेखा-जोखा सार्वजनिक करे सरकार: विपिन परमार

अनंत ज्ञान, डरोह। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं सुलह विधायक विपिन सिंह परमार ने कांग्रेस सरकार पर गारंटियां पूरी न करने, वित्तीय कुप्रबंधन और विकास कार्यों की धीमी गति का आरोप लगाया। उन्होंने 2023 की आपदा के दौरान केंद्र से मिली सहायता का पूरा लेखा-जोखा सार्वजनिक करने की मांग की। परमार ने कहा कि सरकार श्वेतपत्र जारी कर बताए कि राहत राशि कहां और किस मद में खर्च हुई। उन्होंने दावा किया कि 2027 में जनता कांग्रेस से इसका हिसाब मांगेगी।

एससी/एसटी मामलों के शीघ्र निपटारे के निर्देश

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। जिला कांगड़ा में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत गठित जिला स्तरीय सतर्कता एवं प्रबोधन समिति की बैठक उपायुक्त कार्यालय में हुई। अतिरिक्त उपायुक्त विनय कुमार ने अधिकारियों को मामलों का समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि न्याय में देरी न्याय न मिलने के समान है। बैठक में न्यायालयों और पुलिस विभाग में लंबित मामलों की स्थिति पर चर्चा करते हुए कुल 89 मामलों की समीक्षा की गई।

पूर्व सैनिकों ने आपदा पीड़ितों को भेंट किया घरेलू सामान

अनंत ज्ञान, कोहली, शाहपुर। पूर्व सैनिक लीग यूनिट शाहपुर के पूर्व सैनिकों ने 21 जुलाई को बोह घाटी के घड़गू और स्पैडा गांवों में पहुंचकर आपदा प्रभावित परिवारों की मदद की। भूस्खलन से कई घर और पशुशालाएं क्षतिग्रस्त हुई थीं। पूर्व सैनिकों ने सामाजिक दायित्व निभाते हुए करीब 31 हजार रुपए का घरेलू सामान प्रभावित परिवारों को वितरित किया। इस दौरान कर्नल जय सिंह सहित कई पूर्व सैनिक मौजूद रहे और पीड़ित परिवारों का सहयोग किया।

जयसिंहपुर में नए व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को मंजूरी

अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर। जयसिंहपुर क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा में राहत की खबर है। उच्च शिक्षा विभाग ने कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर में बी-वॉक तथा शिवनगर कॉलेज में बीबीए और पीजीडीसीए पाठ्यक्रम शुरू करने को मंजूरी दी है। ये पाठ्यक्रम शैक्षणिक सत्र 2026-27 से स्वयंवित्त आधार पर संचालित होंगे। मंत्री यादविंद्र गोमा ने स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार जताते हुए कहा कि विद्यार्थियों को अब इन कोर्सों के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

तंबाकू मुक्त अभियान के तहत दुकानों का निरीक्षण

अनंत ज्ञान, नरेंद्र डोगरा, जयसिंहपुर। कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर में तंबाकू मुक्त अभियान के तहत लंबागांव थाना पुलिस टीम ने कॉलेज परिसर और आसपास की दुकानों का निरीक्षण किया। टीम ने परिसर के 100 मीटर दायरे में स्थित दुकानों एवं प्रतिष्ठानों में तंबाकू उत्पादों की बिक्री की जांच की। दुकानदारों को नियमों की जानकारी देते हुए शैक्षणिक संस्थान के आसपास तंबाकू उत्पाद न बेचने के निर्देश दिए। साथ ही तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर सहयोग की अपील की।

रैहन में भवानी पठानिया ने सुनीं लोगों की समस्याएं

अनंत ज्ञान, रविंद्र चौधरी, फतेहपुर। रैहन में आयोजित लाभार्थी एवं आईआरडीपी परिवारों के दूसरे क्लस्टर संवाद कार्यक्रम में बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। फतेहपुर विधायक भवानी सिंह पठानिया ने लोगों की समस्याएं सुनकर अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। विकास खंड फतेहपुर में तीन क्लस्टरों में आयोजित अभियान के तहत तीसरा संवाद कार्यक्रम 12 अगस्त को सुबह 10:30 बजे डॉ. भीमराव अंबेडकर भवन फतेहपुर में होगा। बीडीओ सुभाष अत्री ने पात्र परिवारों से भाग लेने की अपील की।

चौगान को मिटाने की कोशिश न करे कांग्रेस: राजेश

अनंद ज्ञान, अजय पाल, पालमपुर। पालमपुर भाजपा जिला महामंत्री राजेश राणु ने जयसिंहपुर के चौगान में टैक्सी स्टैंड बनाने को लेकर सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले चौगान में इनडोर स्टेडियम बनाने का प्रयास हुआ, जिसका विरोध होने पर आदेश वापस लिया गया। अब टैक्सी स्टैंड के लिए बैरिकेड लगाए गए हैं। राणु ने कहा कि टैक्सी चालकों के लिए उचित स्थान उपलब्ध करवाया जाए और उनसे वसूले जा रहे 8 हजार रुपए मासिक किराये पर भी पुनर्विचार किया जाए।

तंबाकू नियंत्रण अभियान के तहत 9 दुकानदारों के चालान

अनंत ज्ञान, डरोह। खंड चिकित्सा अधिकारी थुरल के नेतृत्व में तंबाकू नियंत्रण को लेकर विशेष निरीक्षण अभियान चलाया गया। स्वास्थ्य विभाग और सीआईडी टीम ने शैक्षणिक संस्थानों के आसपास दुकानों का औचक निरीक्षण किया। नियमों के उल्लंघन पर करीब 9 दुकानदारों के चालान किए गए। टीम ने दुकानदारों को बताया कि शिक्षण संस्थानों के 100 गज दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री प्रतिबंधित है। कोटपा अधिनियम की जानकारी देते हुए भविष्य में भी कार्रवाई जारी रखने की चेतावनी दी गई।

विधायक किशोरी ने किया बीपीएल परिवारों से संवाद

अनंत ज्ञान, बैजनाथ। चढ़ियार और संसाई में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रमों में बैजनाथ विधायक किशोरी लाल ने क्षेत्र की 20 पंचायतों से चिन्हित बीपीएल परिवारों की घरेलू, रोजगार और आजीविका संबंधी समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि पात्र परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें, इसके लिए उनकी समस्याओं का विभागीय स्तर पर समयबद्ध समाधान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि चढ़ियार क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मजबूत करने के लिए 16 करोड़ रुपए की उठाऊ सिंचाई योजना स्वीकृत हुई है। चढ़ियार को तहसील का दर्जा मिलने से लोगों को प्रशासनिक और राजस्व सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होंगी।

मध्यस्थता राष्ट्र के लिए 3.0 अभियान शुरू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव आर. मिहुल शर्मा ने बताया कि जिला कांगड़ा के सभी तालुका और जिला न्यायालयों में 'मध्यस्थता राष्ट्र के लिए 3.0' अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य लंबे समय से लंबित मामलों का सुलह एवं मध्यस्थता के माध्यम से शीघ्र निपटारा करना है। विवाह, पारिवारिक, मोटर दुर्घटना, चेक बाउंस, भूमि और अन्य उपयुक्त विवादों को आपसी सहमति से सुलझाया जाएगा। उन्होंने लोगों से अभियान का लाभ उठाने की अपील की।

जिले में वरिष्ठ नागरिकों के लिए 10.05 लाख रुपए की कार्ययोजना

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। जिला कांगड़ा में वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण, सक्रिय भागीदारी और सम्मानजनक जीवन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त विनय कुमार ने की। उन्होंने बताया कि अटल वयो अभ्युदय योजना के तहत जिले को स्वीकृत 10.05 लाख रुपए से विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। कार्ययोजना में वरिष्ठ नागरिकों के लिए उत्पादक गतिविधियां, जागरूकता कार्यक्रम, अंतरपीढ़ी संवाद, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिविर, डिजिटल व वित्तीय साक्षरता तथा पौधरोपण जैसी गतिविधियां शामिल हैं। उत्पादक वृद्धावस्था के तहत जिले में तीन सात दिवसीय कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें 150 वरिष्ठ नागरिकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इन कार्यशालाओं का उद्देश्य अनुभव और कौशल का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करना है।

38 करोड़ के 37 प्रोजेक्ट से और 'निखरेगा' संस्थान, रैंकिंग में सुधार जारी

जो 'डैमेज' हुआ था, उसका 'रिपेयर वर्क' अंतिम चरण में, डायरेक्ट रिक्रूटमेंट' चेयरमैन की नियुक्ति के तुरंत बाद होगी शुरू

◆ 90 के आसपास भरेंगे फैकल्टी और नॉन फैकल्टी के पद

अनंत ज्ञान

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर। बर्खास्त डायरेक्टर के कार्यकाल में हमीरपुर के राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान को जितना 'डैमेज' हुआ था, उसकी भरपाई अभी तक कितनी हो पाई है? 'रैंकिंग' में कोई सुधार हो पाया या फिर सितंबर में आने वाली नई रैंकिंग की सूची में इस संस्थान का पुराना 'रुतबा' बहाल हो पाएगा?

इस काम में निश्चित रूप में मौजूदा डायरेक्टर एचएम सूर्यवंशी का कार्यकाल जो अब अंतिम पड़ाव पर है, उसकी जवाबदेही की भी निश्चित रूप 'परख' तो होनी ही है। इन्हीं तमाम सवालों को लेकर 'अनंत ज्ञान' ने सूर्यवंशी से बातचीत की। सूर्यवंशी का कहना था कि वे

–एचएम सूर्यवंशी, डायरेक्टर, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर।

अनंत ज्ञान मुलाकात जो बदले हालात

जब इस संस्थान में कार्यकाल संभालने पहुंचे थे उसे समय केवल तीन करोड़ के प्रोजेक्ट यहां चल रहे थे। जिनकी संख्या अब 37 हो चुकी है और 38 करोड़ की लागत वाले इन प्रोजेक्ट्स से निश्चित रूप में संस्थान की साख में 'निखार' आएगा। उनका मानना था कि पूर्व काल में यानी उनके कार्यभार संभालने से पहले संस्थान को जो डैमेज हो चुका था, उसकी भरपाई के लिए मुकम्मल तौर पर जो रिपेयर वर्क चाहिए था, उसमें कोई कसर नहीं छोड़ी है। सबसे अहम यह था कि फैकल्टी और नॉन टीचिंग के दरमियान जो फसला रहा करता था, उस फासले को 'पाटने' का काम बखूबी किया गया। उसमें सफलता भी मिली। हर साल प्रमोशन का सिलसिला भी जारी रखा। यही नहीं, न्यायालय के मामलों में भी काफी काम हुआ है। इनमें अब बहुत कमी अब आ चुकी है। फैकल्टी के मामले कोर्ट में नाम मात्र को हैं। जबकि नॉन टीचिंग के कुछ मामले हैं। 25 से 30 संख्या वाले इन मामलों का भी निपटारा बहुत जल्दी होने की उम्मीद है, क्योंकि संस्थान इसमें अच्छी खासी मशक्कत कर रहा है। बेवजह के मामलों को बातचीत के जरिए अंतिम चरण में ले जाने के हर संभव प्रयास किए गए हैं।

रेगुलर चेयरमैन नहीं होने से कुछ तो समस्या रहती है: एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि निश्चित रूप में जब बीओजी का रेगुलर अध्यक्ष नहीं हो, तो संस्थान की गति पर फर्क तो पड़ता है, लेकिन अभी मंत्रालय से बात हो गई है। उनका कहना था कि बहुत जल्दी नए अध्यक्ष की नियुक्ति हो जाएगी। फैकल्टी और नॉन टीचिंग के रेगुलर पदों को भरने का प्रोसेस तभी मुकम्मल होगा, जो पिछले कुछ सालों से लटका हुआ है।

तकरीबन 5000 की छात्र संख्या वाले इस संस्थान में 13 विभाग हैं। डायरेक्टर का कहना था कि आर्किटेक्चर विभाग में कुछ कमियां निश्चित रूप में हैं, मगर अब आरएंडडी के तहत स्पार्क का नया प्रोजेक्ट भी मिला है।

कंसल्टेंसी भी चालू कर दी गई है, इससे संस्थान को भी इनकम होगी। सालाना ढाई सौ से 300 करोड़ का खर्च संस्थान के बजट में रहता है। अब दो हॉस्टल स्टूडेंट्स के लिए निर्मित किया जा रहे हैं। 300 छात्राओं की सुविधा वाला गर्ल्स हॉस्टल का काम तो अंतिम चरण में है, लेकिन 150 स्टूडेंट के लिए ब्वॉयज हॉस्टल में अभी कुछ तकनीक की पहलू हैं, जिसकी वजह से यह काम अधर में लटका हुआ है।

रैंकिंग में होगा सुधार, 100 से नीचे आएगा

सूर्यवंशी को विश्वास है कि जितना काम इस संस्थान में उनके कार्यकाल में हुआ है, अब यह संस्थान अखिल भारतीय रैंकिंग में 100 से नीचे निश्चित रूप में रहेगा, सितंबर में जो रैंकिंग आएगी, उसमें संस्थान को बहुत उम्मीद है। क्योंकि पहले हुए डैमेज को कंट्रोल करके उसकी बेहतर रिपेयरमेंट करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी गई है।

सबसे बेहतर क्या किया: सूर्यवंशी का कहना था कि उनके इस कार्यकाल में सबसे महत्वपूर्ण काम फैकल्टी और नॉन टीचिंग के दरमियान प्रशासनिक फैसले को खत्म करने का बेहतर प्रयास किया छोटी-छोटी समस्याओं को हल किया गया जो मामले बरसों से अनसुलझे थे उन पर सफलता पाई है। स्टैग्नेशन को खत्म करने के लिए हर साल प्रमोशन चैनल बहाल रखा गया और अब ऐसी जगह पर यह संस्थान पहुंच गया है। जहां से यह तरक्की की पायदान पर बेहतर ही साबित होगा।

सभी को कैंपस में आवासीय सुविधा: डायरेक्टर का कहना था कि कैंपस के भीतर सभी तरह के कर्मचारी फैकल्टी नॉन फैकल्टी और स्टूडेंट को आवासीय सुविधा उपलब्ध है एक फीसदी बच्चे जो जानबूझकर कैंपस के भीतर नहीं रहना चाहते, उन्हें यदि छोड़ दिया जाए, तो यहां बेहतर परिस्थितियों हैं। और यहां का कैंपस बेहद अच्छा है। चारदीवारी को मजबूत करके नशे को लेकर कुछ समय पहले जो छोटी-मोटी समस्याएं थीं उन पर काबू पाने में सफलता हासिल की है।

न्यूज ब्रीफ

कावड़ यात्रा से लौटे शिव भक्तों का किया स्वागत

अनंत ज्ञान, भोरंज। कांवड़ यात्रा से लौट रहे शिव भक्तों का गांव पलाही-मनोह में बीडीसी भोरंज उपाध्यक्ष कुलदीप शर्मा व ग्रामीणों ने पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। कुलदीप शर्मा ने कांवड़ यात्रा को आस्था, श्रद्धा और समर्पण का प्रतीक बताया। उन्होंने कांवड़ियों के सुखद एवं मंगलमय जीवन की कामना की। इस दौरान हर-हर महादेव के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया।

अंडर-17 जिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता 15 से

अनंत ज्ञान, संजीव चौहान, टौणी देवी। जिला बास्केटबॉल संघ द्वारा 15 व 16 अगस्त को अंडर-17 लड़कों की जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। संघ के महासचिव संजीव ठाकुर ने बताया कि प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में से राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए जिला टीम का चयन किया जाएगा। 16 अगस्त को डेरा परोल में लड़कों के साथ लड़कियों की अंडर-17 टीम के लिए भी ट्रायल होगा। चयनित टीमें राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेंगी।

विद्यार्थियों को दी छात्रवृत्तियों की जानकारी

अनंत ज्ञान, सुजानपुर। ठाकुर जगदेव चंद स्मारक राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर टिहरा में छात्रवृत्ति परिचय एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम-2026 आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. विभा ठाकुर ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए विद्यार्थियों को केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न छात्रवृत्तियों की जानकारी दी। छात्रवृत्ति नोडल अधिकारी प्रो. अरविंद ने प्रस्तुति के माध्यम से आवेदन प्रक्रिया और उपयुक्त छात्रवृत्ति के चयन की जानकारी दी। कार्यक्रम में करीब 160 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

दीप्ति राणा ने संभाला प्रधानाचार्य का कार्यभार

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। सीबीएसई के अधीन किए गए शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हमीरपुर में नई प्रधानाचार्य दीप्ति राणा ने सोमवार को कार्यभार संभाल लिया। एमएससी, बीएड दीप्ति राणा ने प्रदेश सरकार की सीबीएसई स्कूलों के प्रधानाचार्यों की परीक्षा में प्रदेश में दूसरा और हमीरपुर में पहला स्थान हासिल किया था। वर्ष 2006 में टीजीटी मेडिकल से करियर शुरू करने वाली दीप्ति 2016 में 35 वर्ष की आयु में प्रधानाचार्य बनी थीं।

रोपड़ी की तन्वी पहुंची टैलेंटेड टीवी शो के फाइनल में

अनंत ज्ञान, भोटा। लोहड़ पंचायत के रोपड़ी गांव की तन्वी उर्फ रिन्कुड़ी टैलेंटेड टीवी शो के फाइनल में पहुंच गई है। उसने अपनी कड़ी मेहनत से टैलेंटेड टीवी शो किसमें कितना है दम के महा मुकाबले के फाइनल में अपनी जगह बना ली है। तन्वी राजकीय प्राथमिक पाठशाला रोपड़ी में दूसरी कक्षा की छात्रा है। तन्वी की मां अंजना राजकीय प्राथमिक पाठशाला रोपड़ी में जेबीटी अध्यापिका है। तन्वी की इस कामयाबी से क्षेत्र में खुशी की लहर है। टैलेंट टीवी शो का आयोजन तृषा बीएड कॉलेज हमीरपुर में किया गया।

मुख्यमंत्री सहारा योजना के लाभार्थियों को राहत

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। मुख्यमंत्री सहारा योजना अब स्वास्थ्य विभाग के बजाय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के माध्यम से संचालित की जा रही है। जिला कल्याण अधिकारी चमन लाल शर्मा ने बताया कि हमीरपुर में पात्र एवं आधार सत्यापित लाभार्थियों को वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही की पेंशन जारी कर दी गई है। योजना का लाभ गंभीर एवं दीर्घकालिक बीमारियों से पीड़ित आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को दिया जाता है। अब योजना के आवेदन हिमपरिवार.एचपी.जीओवी.इन पोर्टल पर ऑनलाइन स्वीकार होंगे।

चेत कुमार शास्त्री बने संघर्ष समिति के अध्यक्ष

अनंत ज्ञान, भोरंज। कक्कड़ पंचायत में लावारिस पशुओं से फसलों को हो रहे नुकसान और लोगों पर हमले की बढ़ती घटनाओं को लेकर मंगलवार को सामुदायिक पंचायत घर में बैठक हुई। जगत राम की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में किसानों ने समस्या पर चिंता जताई। सर्वसम्मति से चेत कुमार शास्त्री को अध्यक्ष, संतोष कुमार को उपाध्यक्ष, अश्वनी कुमार को सचिव और भूपेंद्र कुमार को सहसचिव चुना गया। समिति ने सरकार से समस्या के स्थायी समाधान की मांग की। मांग पूरी न होने पर आंदोलन, न्यायालय जाने और जरूरत पड़ने पर भूख हड़ताल की चेतावनी दी।

12, 13 और 15 अगस्त को हमीरपुर आएंगे मुख्यमंत्री

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू 12, 13 और 15 अगस्त को हमीरपुर जिले के दौरे पर रहेंगे। 13 अगस्त को वह अत्याधुनिक एसआरटी लैब का उद्घाटन, एचआरटीसी ई-बसों को हरी झंडी, डिजिटल लाइब्रेरी टैब्स का अनावरण, सीबीटी लैब का उद्घाटन और गर्ल्स हॉस्टल का शिलान्यास करेंगे। 15 अगस्त को बड़सर में राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की अध्यक्षता करेंगे। उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ ने अधिकारियों को तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए हैं।

शहीद सूबेदार दलीप सिंह को दी श्रद्धांजलि

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। सर्वजन कल्याण सभा के अध्यक्ष नवीन शर्मा और शहरी निकाय प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक अजमेर ठाकुर ने बल्ह गांव पहुंचकर कारगिल शहीद सूबेदार दलीप सिंह गुलेरिया (शौर्य चक्र) को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने शहीद की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर परिजनों से मुलाकात की और स्मृति चिह्न व शॉल भेंट कर सम्मानित किया। नवीन शर्मा ने कहा कि शहीदों के सर्वोच्च बलिदान से देश सुरक्षित है।

सीमा चौधरी बनीं नादौन ब्लॉक महिला कांग्रेस अध्यक्ष

अनंत ज्ञान, नादौन। मुख्यमंत्री सुक्खू के विधानसभा क्षेत्र नादौन में पूर्व बीडीसी सदस्य सीमा चौधरी को ब्लॉक महिला कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। फस्टे पंचायत के चडूं गांव निवासी सीमा की नियुक्ति के आदेश प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष तृप्ता ठाकुर ने जारी किए। सीमा ने जिम्मेदारी के लिए मुख्यमंत्री व पार्टी नेतृत्व का आभार जताते हुए संगठन मजबूत करने और अधिक महिलाओं को जोड़ने की बात कही।

बिझड़ी बाजार में जाम से हाहाकार, चार साल बाद भी नहीं निकला स्थायी समाधान

अनंत ज्ञान

बड़सर। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के गृह जिला हमीरपुर के बिझड़ी बाजार में हर तीसरे दिन जाम लगना आम हो गया है। जाम के कारण वाहन चालकों के साथ स्थानीय लोगों और स्कूली बच्चों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से बाजार में जाम की समस्या बनी हुई है, लेकिन कई बार जनप्रतिनिधियों और संबंधित अधिकारियों के समक्ष मामला उठाने के बावजूद इसका स्थायी समाधान नहीं हो पाया है।

लोगों का कहना है कि उन्हें उम्मीद थी कि मुख्यमंत्री के गृह जिले में बिझड़ी बाजार की इस गंभीर समस्या का समाधान करवाकर बेहतर बाईपास का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री को सत्ता संभाले करीब चार वर्ष होने को हैं, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। लोगों ने आरोप लगाया कि ढटवाल क्षेत्र के कई बड़े नेताओं को भी समस्या से अवगत करवाया गया, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। स्थानीय लोगों में अब इस बात को लेकर नाराजगी बढ़ रही है कि यदि समस्या का समाधान नहीं होना है तो बार-बार नेताओं और अधिकारियों के समक्ष गुहार लगाने का क्या फायदा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि विधानसभा चुनाव से पहले बिझड़ी बाजार की जाम समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया

तकनीकी कर्मचारियों ने काले बैज लगाकर जताया विरोध

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। हिमाचल प्रदेश विद्युत बोर्ड तकनीकी कर्मचारी संघ की ओर से 11 से 25 अगस्त तक सांकेतिक विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया गया है। प्रदेशभर के तकनीकी कर्मचारी इस प्रदर्शन का समर्थन कर रहे हैं। इसी कड़ी में जिला हमीरपुर के तकनीकी कर्मचारियों ने भी विरोध प्रदर्शन में भाग लिया। तकनीकी कर्मचारी संघ के प्रदेश सचिव एवं जिला हमीरपुर अध्यक्ष दिनेश ठाकुर तथा जिला उपाध्यक्ष रजत पुंडीर ने बताया कि विरोध प्रदर्शन के पहले दिन कर्मचारियों ने अपनी ड्यूटी पूरी निष्ठा से निभाते हुए काले बैज लगाकर बोर्ड प्रबंधन की नीतियों के खिलाफ रोष जताया। उन्होंने कहा कि तकनीकी कर्मचारी दिन-रात तथा खराब मौसम में भी विद्युत आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके बावजूद बोर्ड प्रबंधन द्वारा तकनीकी कर्मचारियों की पदोन्नति और अन्य लंबित मांगों को लेकर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जा रहा है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कर्मचारी लंबे समय से अपनी जायज मांगों को लेकर आवाज उठा रहे हैं, लेकिन उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा। उन्होंने बोर्ड प्रबंधन से मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने का आग्रह किया। संघ पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द उनकी मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं हुई तो प्रदेश नेतृत्व के आगामी निर्देशों के अनुसार आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कर्मचारी अपने अधिकारों के लिए लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष जारी रखेंगे।

बड़सर में राज्यस्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह गौरव का विषय: सुभाष ढटवालिया

अनंत ज्ञान

एसके ठाकुर, बड़सर। वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुभाष ढटवालिया ने 15 अगस्त को बड़सर में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के आगमन पर उनका हार्दिक स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस जैसे गौरवपूर्ण राष्ट्रीय पर्व का आयोजन बड़सर की धरती पर होना पूरे विधानसभा क्षेत्र के लिए गर्व और खुशी का विषय है।

ढटवालिया ने कहा कि मुख्यमंत्री का बड़सर आगमन क्षेत्र की जनता के लिए विशेष सम्मान की बात है। उन्होंने बड़सर को इस महत्वपूर्ण अवसर का गौरव प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री का क्षेत्रवासियों की ओर से आभार जताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जनहित में विकासात्मक एवं कल्याणकारी कार्य कर रही है। बड़सर में भी सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवहन और पेयजल सहित विभिन्न क्षेत्रों में विकास को गति मिली है। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों के त्याग, संघर्ष व बलिदान को नमन करने का अवसर है। उन्होंने बड़सर की जनता से समारोह में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इसकी गरिमा बढ़ाने और मुख्यमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत करने की अपील की। ढटवालिया ने उम्मीद जताई कि मुख्यमंत्री स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों के हित में महत्वपूर्ण विकासात्मक एवं जनकल्याणकारी घोषणाएं कर सकते हैं। कर्मचारी, पेंशनर, युवा, महिलाएं, किसान-बागवान, व्यापारी, मजदूर और आम परिवार सरकार की घोषणाओं की उम्मीद लगाए बैठे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री बड़सर के विकास से जुड़े विषयों को प्राथमिकता देते हुए क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण घोषणाएं करेंगे। उन्होंने सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं आम जनता से समारोह में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।

16 अगस्त से पहले करवाएं गैस कनेक्शन की ई-केवाईसी

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। शहीद सुरजीत सिंह गैस सर्विस हमीरपुर के प्रबंधक संजीव डढवाल ने अभी तक ई-केवाईसी नहीं करवाने वाले उपभोक्ताओं से 16 अगस्त से पहले प्रक्रिया पूरी करवाने की अपील की है। उन्होंने बताया कि निर्धारित समय तक ई-केवाईसी नहीं करवाने वाले उपभोक्ताओं की गैस सब्सिडी बंद हो सकती है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता इंडियन ऑयल वन ऐप डाउनलोड कर घर बैठे भी ई-केवाईसी कर सकते हैं। इसका उद्देश्य वास्तविक एवं पात्र उपभोक्ताओं तक एलपीजी सुविधा और सब्सिडी का लाभ पारदर्शी एवं प्रभावी तरीके से पहुंचाना है। ई-केवाईसी के दौरान आधार पहचान, एलपीजी उपभोक्ता विवरण, मोबाइल नंबर और फेस ऑथेंटिकेशन (बायोमेट्रिक) का सत्यापन किया जाता है। गैस कनेक्शनधारक अपनी उपभोक्ता कॉपी, आधार कार्ड और आधार से लिंक मोबाइल फोन लेकर गैस एजेंसी में पहुंचकर भी ई-केवाईसी करवा सकते हैं।

नरेश दर्जी ने कल्पना देवी को दी 5 हजार रुपए की आर्थिक सहायता

कल्पना देवी को पांच हजार रुपए देते नरेश कुमार दर्जी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

भोरंज। धीरड़ पंचायत के वार्ड नंबर-2 निवासी कल्पना देवी, पत्नी कमलजीत, अपनी बेटी के उपचार से जुड़ी पारिवारिक परेशानी को लेकर नरेश कुमार दर्जी के कार्यालय पहुंचीं। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वे पहले से ही कठिन दौर से गुजर रहे थे। परिस्थितियों की जानकारी मिलने पर नरेश कुमार दर्जी ने संवेदनशीलता दिखाते हुए अपनी ओर से 5,000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की।

उन्होंने कहा कि आर्थिक संकट से जूझ रहा व्यक्ति कई बार अपनी परेशानी खुलकर सामने नहीं रख पाता। ऐसे में जरूरतमंद परिवार की परिस्थितियों को समझकर उसकी मदद करना ही वास्तविक समाजसेवा है। उन्होंने कहा कि सहायता का उद्देश्य किसी पर एहसान जताना नहीं, बल्कि मुश्किल समय में परिवार को संबल देना है। नरेश कुमार दर्जी ने कहा कि भोरंज विधानसभा क्षेत्र उनके लिए केवल राजनीतिक क्षेत्र नहीं, बल्कि एक परिवार है। उन्होंने सक्षम लोगों से जरूरतमंद परिवारों की मदद के लिए आगे आने का आह्वान किया। साथ ही, उन्होंने कल्पना देवी की पुत्री के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

4 साल बीत गए और काम जीरो, बमसन भाजपा बैठक में निंदा प्रस्ताव पारित

तिरंगा यात्रा निकालकर सरकार को घेरा, एफआईआर का किया विरोध

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, टौणीदेवी/हमीरपुर। भाजपा मंडल बमसन टौणीदेवी की मासिक बैठक मंगलवार को पार्टी कार्यालय में मंडल अध्यक्ष प्रो. बिक्रम सिंह राणा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने विशेष रूप से भाग लिया। शुरुआत में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ प्रदेश सरकार द्वारा दर्ज की जा रही एफआईआर का विरोध किया गया।

पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि सरकार अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए विपक्ष की आवाज दबाने का प्रयास कर रही है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने जनता को 10 गारंटियां दी थीं, लेकिन चार वर्ष बीतने के बावजूद धरातल पर अपेक्षित काम नहीं हुआ। उन्होंने महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार को लेकर भी सरकार पर निशाना साधा। बैठक में भाजपा नेताओं पर कथित रूप से झूठे मुकदमे दर्ज करने और प्रदेश सरकार की नीतियों के विरोध में निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि भाजपा सड़कों पर उतरकर गांव-गांव जाएगी और सरकार की नीतियों का रिपोर्ट कार्ड जनता के समक्ष रखेगी। पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने कार्यकर्ताओं से केंद्र सरकार की जनहितैषी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि एफआईआर से भाजपा कार्यकर्ताओं की आवाज दबने वाली नहीं है। बैठक के बाद राजेंद्र राणा की अगुवाई में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय से अस्पताल चौक तक तिरंगा यात्रा निकाली। कार्यकर्ताओं ने हाथों में तिरंगा लेकर केंद्र सरकार की उपलब्धियों के समर्थन में नारे लगाए और प्रदेश सरकार की नीतियों का विरोध किया।

तिरंगा यात्रा निकालते भाजपा कार्यकर्ता। अनंत ज्ञान

कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए मजबूत नेटबाल टीम करेंगे तैयार: अशोक

अनंत ज्ञान

भोरंज। अखिल भारतीय नेटबाल संघ के महासचिव नियुक्त होने के बाद हिमाचल पहुंचे अशोक आनंद का प्रदेश नेटबाल संघ के पदाधिकारियों व खिलाड़ियों ने अवाहदेवी में भव्य स्वागत किया।

पदाधिकारियों ने उन्हें हार पहनाकर सम्मानित किया। इसके बाद उन्होंने माता अवाहदेवी मंदिर में माथा टेककर आशीर्वाद लिया। मंडी के धर्मपुर उपमंडल के खौदा गांव में आयोजित स्वागत समारोह में अशोक आनंद ने कहा कि सर्वसम्मति से अखिल भारतीय नेटबाल संघ की नई कार्यकारिणी का गठन सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2030 में अहमदाबाद में होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए भारत की मजबूत नेटबाल टीम तैयार करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके लिए राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की सुविधा के लिए प्रशिक्षक व रेफरी तैयार करने के साथ कोचिंग कैंप लगाए जाएंगे। प्रदेश सरकार द्वारा नेटबाल को सरकारी नौकरी के लिए खेल कोटे में शामिल करना खिलाड़ियों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय है। अब नेटबाल को स्कूल और कॉलेज स्तर पर शामिल करने की मांग की जाएगी। इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष भूपेंद्र ठाकुर, सुनील अत्री, राकेश कुमार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारियों ने भी अशोक आनंद को बधाई दी।

खेलकूद एनआईटी में आयोजित राज्य स्तरीय अंडर-17 शतरंज प्रतियोगिता संपन्न

अंडर-17 शतरंज में शिवम और पलक बने विजेता

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, हमीरपुर। जिला शतरंज संघ हमीर चेस एसोसिएशन द्वारा हिमाचल प्रदेश राज्य शतरंज संघ के तत्वावधान में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) हमीरपुर में राज्य स्तरीय अंडर-17 शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दो दिवसीय प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से चयनित खिलाड़ी शामिल हुए। प्रतियोगिता के ओपन और गर्ल्स वर्ग में छह-छह राउंड खेले गए।

ओपन वर्ग में चंबा के शिवम ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि हमीरपुर के अतिक्ष दूसरे और दुष्यंत तीसरे स्थान पर रहे। गर्ल्स वर्ग में हमीरपुर की पलक ने बाजी मारी। शिमला की सानवी दूसरे तथा हमीरपुर की सनिग्धा तीसरे स्थान पर रहीं। दोनों वर्गों में पहले और दूसरे स्थान पर रहने वाले खिलाड़ी सितंबर में जम्मू में होने वाली राष्ट्रीय शतरंज चैंपियनशिप में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। अन्य प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न आयु वर्गों में भी रैंकिंग की गई। गर्ल्स वर्ग के यंगेस्ट, अंडर-7, अंडर-9, अंडर-11, अंडर-13 और अंडर-15 वर्ग में क्रमशः शिवाली, सुकन्या, अनायत, डोयल, आराध्य और द्वितिका प्रथम रहीं। लड़कों के इन्हीं वर्गों में सात्विक, अनम्य, अयान, लवित, आदित्य और शौर्य ने पहला स्थान हासिल किया। सभी विजेताओं को ट्रॉफी तथा अन्य प्रतिभागियों को मेडल प्रदान किए गए। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता एवं हिमाचल प्रदेश बार काउंसिल के पूर्व वाइस चेयरमैन एडवोकेट रोहित शर्मा रहे। उन्होंने विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए खिलाड़ियों से मोबाइल की लत और नशे से दूर रहकर खेलों तथा पढ़ाई में ध्यान देने का आह्वान किया। इस अवसर पर संजीव ठाकुर, राज कुमार शर्मा, हंस राज ठाकुर सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। शतरंज को बढ़ावा देने के लिए एडवोकेट रोहित शर्मा ने एसोसिएशन को 11 हजार रुपए, राजिंद्र शर्मा और एनआईटी के प्रोफेसर राकेश जमालटा ने 5100-5100 रुपए तथा पुनीत उप्पल ने 1100 रुपये की आर्थिक सहायता दी। एसोसिएशन अध्यक्ष एडवोकेट सुरेश राठौड़ ने सभी सहयोगियों का आभार जताया।

मुख्यातिथि ने खिलाड़ियों को ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया। अनंत ज्ञान

शहर में चोरी की घटना को लेकर व्यापार मंडल ने की एसपी से मुलाकात

अनंत ज्ञान

हमीरपुर। शहर के बीचोंबीच मनियारी की दुकान में हुई चोरी की घटना को लेकर व्यापार मंडल हमीरपुर ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक बलबीर सिंह से मुलाकात कर चोरों को जल्द पकड़ने की मांग की। व्यापार मंडल अध्यक्ष सुमित ठाकुर की अध्यक्षता में पदाधिकारियों व दुकानदारों ने एसपी को मांग पत्र सौंपा।

व्यापार मंडल ने शहर में बढ़ती चोरी, छेड़छाड़ और असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए प्रमुख स्थानों पर आधुनिक सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग की। मुख्य बाजार, गांधी चौक, बस स्टैंड, चौराहों, पार्किंग स्थलों और संवेदनशील स्थानों पर कैमरे लगाने से अपराधियों पर निगरानी रखने में मदद मिलेगी। व्यापारियों ने रात के समय पुलिस गश्त बढ़ाने और जरूरत पड़ने पर ड्रोन से निगरानी करने का सुझाव भी दिया। इसके अलावा हमीरपुर बाईपास क्षेत्र में आयोजित मेले को लेकर भी व्यापार मंडल ने आपत्ति जताई। व्यापारियों ने आयोजकों की अनुमति और फायर एनओसी सहित अन्य दस्तावेजों की जांच करवाने की मांग की।

उन्होंने कहा कि बिना अनुमति मेला आयोजित होने से स्थानीय व्यापार प्रभावित होने के साथ यातायात व कानून-व्यवस्था की समस्या पैदा हो सकती है। पुलिस अधीक्षक बलबीर सिंह ने व्यापार मंडल को शहर में सीसीटीवी व्यवस्था मजबूत करने का प्रयास करने का आश्वासन दिया।

न्यूज ब्रीफ

डॉ. ऋषभ शर्मा बने आदर्श संस्था के प्रधान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। आदर्श संस्था की ओर से डॉ. ऋषभ शर्मा को जिला मंडी प्रधान की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नई जिम्मेदारी मिलने पर डॉ. शर्मा ने संस्था के प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत परमार का आभार जताया। उन्होंने कहा कि संस्था ने उन पर विश्वास जताते हुए जिला मंडी की जिम्मेदारी सौंपी है, जो उनके लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। संस्था के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करेंगे। डॉ. शर्मा ने कहा कि जिले में नशा मुक्ति, जनजागरूकता और समाज सेवा के क्षेत्र में प्रभावी कार्य करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। युवाओं को नशे से दूर रखने और समाज को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न स्तरों पर अभियान चलाए जाएंगे।

अभाविप ने मंडी कॉलेज में 400 किलो बांटी खीर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी इकाई ने महाविद्यालय परिसर में 400 किलो खीर वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के साथ शिक्षकों और गैर-शिक्षक कर्मचारियों को भी खीर वितरित की गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय परिसर में प्रेम, भाईचारे और अपनत्व का वातावरण देखने को मिला। इकाई अध्यक्ष करण ठाकुर ने कहा कि विद्यार्थी परिषद केवल विद्यार्थियों की समस्याएं उठाने तक सीमित नहीं है, बल्कि सेवा, सहयोग, सामाजिक समरसता और भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों को बढ़ावा देने के लिए भी कार्य करती है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

जिल्हन पंचायत को टिक्कन में मिलाने की मांग

अनंत ज्ञान, रूपी ठाकुर, बरोट। पद्धर तहसील के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत जिल्हन के लोगों ने पंचायत के गांवों को उपतहसील टिक्कन के अधीन लाने की मांग फिर उठाई है। पंचायत उपप्रधान सुखराम ठाकुर ने बताया कि जिल्हन, हड़गाण, भरखान, दलाउसा, शौधगण, माली रा डुग, फुलाधार, भरलेन, डंगर, फूटाखल, ग्वालन, लखवाण, शिल्हा स्वाड़ और सेंडवा सहित कई गांव टिक्कन उपतहसील कार्यालय के नजदीक हैं, लेकिन इन्हें करीब 20 से 28 किलोमीटर दूर पद्धर तहसील के अधीन रखा गया है। उन्होंने कहा कि टिक्कन उपतहसील कार्यालय इन गांवों से मात्र पांच से आठ किलोमीटर की दूरी पर है। इस मांग को लेकर पूर्व में भी दलाउसा निवासी समाजसेवक स्वर्गीय मंगल दास सहित पंचायत प्रतिनिधि प्रदेश सरकार और स्थानीय विधायकों के समक्ष प्रस्ताव पारित कर मामला उठा चुके हैं, लेकिन अभी तक समाधान नहीं हुआ। सुखराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार और स्थानीय विधायक पूर्ण चंद ठाकुर से जिल्हन पंचायत के सभी गांवों को टिक्कन उपतहसील के अधीन लाने की मांग की है। विधायक पूर्ण चंद ठाकुर ने कहा कि ग्रामीणों की समस्या गंभीर है और इन गांवों को टिक्कन के अधीन लाने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

4.010 ग्राम चिट्टे समेत युवक दबोचा

अनंत ज्ञान, महेंद्र सिंह राणा, चौक। पुलिस थाना धनोटू की टीम ने गश्त एवं यातायात जांच के दौरान एक व्यक्ति को 4.010 ग्राम चिट्टे के साथ पकड़ा है। पुलिस टीम में हवलदार विनय कुमार, कांस्टेबल निशीकांत नंबर 710, कांस्टेबल कश्मीर सिंह नंबर 688, कांस्टेबल कमल किशोर नंबर 595 तथा सहायक उप निरीक्षक टेक चंद शामिल थे। टीम जब करीब दोपहर 12 बजे डुगराई कब्रिस्तान के पास रड़ा संपर्क सड़क पर पहुंची तो सड़क पर पैदल जा रहा एक व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर अचानक भागने लगा। शक होने पर पुलिस ने उसे काबू कर नियमों के अनुसार गवाहों की मौजूदगी में उसके हाथ में पकड़े कैरी बैग की तलाशी ली। तलाशी के दौरान बैग से 4.010 ग्राम चिट्टा तथा 13,160 रुपए की नकदी बरामद हुई। आरोपी की पहचान संजीव कुमार (33) पुत्र स्वर्गीय नंद लाल, निवासी भडयाहन, जिला मंडी, के रूप में हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। चिट्टा आरोपी के पास कहां से आया और इसके पीछे कौन लोग जुड़े हैं, इस संबंध में भी छानबीन की जा रही है।

डायलिसिस मरीजों को सरकाघाट में ही मिलें इंजेक्शन

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। सामाजिक कार्यकर्ता एवं सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र से पूर्व प्रत्याशी रमेश चंद भारद्वाज ने नागरिक अस्पताल सरकाघाट के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव कुमार से मुलाकात कर डायलिसिस मरीजों के लिए आवश्यक दवाएं और इंजेक्शन अस्पताल में उपलब्ध करवाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सरकाघाट और आसपास के क्षेत्रों के कई डायलिसिस मरीजों को केवल इंजेक्शन लगवाने के लिए नेरचौक या अन्य अस्पतालों का रुख करना पड़ता है। इससे मरीजों और उनके परिजनों को लंबी दूरी तय करने के साथ-साथ टैक्सी का अतिरिक्त खर्च भी उठाना पड़ता है। उन्होंने मांग की कि ऐसे मरीजों को नजदीकी नागरिक अस्पताल सरकाघाट में ही इंजेक्शन लगाने की सुविधा उपलब्ध करवाई जाए। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि जिन डायलिसिस मरीजों को इंजेक्शन के लिए अन्य अस्पताल जाना पड़ता है, वे अपनी पर्ची की फोटोकॉपी सरकाघाट अस्पताल में जमा करवा सकते हैं। अस्पताल प्रशासन आवश्यक दवाओं और इंजेक्शन की आपूर्ति के लिए ऑर्डर भेजेगा। इंजेक्शन उपलब्ध होने के बाद मरीजों को सरकाघाट अस्पताल में ही यह सुविधा प्रदान की जाएगी।

प्रेस क्लब में महापौर सुमन ने सुनी पत्रकारों की समस्याएं

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। नगर निगम मंडी की महापौर सुमन ठाकुर ने मंगलवार को प्रेस क्लब मंडी का दौरा किया इस दौरान उन्होंने प्रेस क्लब भवन का निरीक्षण किया और पत्रकारों से बातचीत कर क्लब से जुड़ी विभिन्न समस्याओं की जानकारी ली। प्रेस क्लब पहुंचने पर पदाधिकारियों एवं पत्रकारों ने महापौर का जोरदार स्वागत किया।प्रेस क्लब के प्रधान सुभाष ठाकुर सहित अन्य पत्रकारों ने महापौर से समक्ष प्रेस क्लब भवन के निर्माण कार्य को पूरा करने के लिए आवश्यक आर्थिक एवं अन्य सहयोग उपलब्ध करवाने की मांग रखी। पत्रकारों ने क्लब से जुड़ी अन्य समस्याओं से भी महापौर को अवगत करवाया। महापौर सुमन ठाकुर ने प्रेस क्लब भवन का निरीक्षण करने के बाद पत्रकारों की समस्याओं को विस्तार से सुना। उन्होंने आश्वासन दिया कि नगर निगम स्तर पर जिन समस्याओं का समाधान संभव है, उनके निराकरण के लिए उचित कदम उठाए जाएंगे और हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर महापौर सुमन ठाकुर ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र के चौथे स्तंभ हैं। पत्रकार आम जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाकर उन्हें सरकार और प्रशासन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में मीडिया की अहम भूमिका है। पत्रकारों से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए नगर निगम की ओर से हरसंभव सहयोग किया जाएगा। इस मौके पर प्रेस क्लब के सचिव हंस राज सैनी, कोषाध्यक्ष भगत सिंह गुलेरिया, संस्थापक डीपी गुप्ता, पूर्व प्रधान अंकुश सूद, वरिष्ठ पत्रकार दीपेंद्र मांटा, रूप लाल कौंडल, जय कुमार, विनोद राणा, डीसी वर्मा,राकेश शर्मा डिंपल शर्मा, शिवानी, सुरिंद्र शर्मा, पुष्पराज और सहित अन्य पत्रकार मौजूद रहे।

बरोट-घटासनी मार्ग पर रेलिंग और पैरापिट का काम अधूरा

25 किलोमीटर सड़क पर कई जगह गहरे गड्ढे, हादसों के बावजूद सुरक्षा इंतजाम पूरे नहीं

अनंत ज्ञान, रूपी ठाकुर, बरोट। जिला कांगड़ा की छोटाभंगाल घाटी और जिला मंडी की चौहार घाटी को जोड़ने वाले करीब 25 किलोमीटर लंबे बरोट-घटासनी सड़क मार्ग की हालत लगातार खराब होती जा रही है। करीब पांच वर्ष पहले सड़क को पक्का करने के साथ चौड़ा किया गया था, लेकिन सर्दियों में बर्फ हटाने और बरसात के दौरान गिरे डंगों व मलबे को हटाने के कारण कई स्थानों पर गहरे गड्ढे बन गए हैं। सड़क के किनारे दुर्घटनाओं से बचाव के लिए कई जगह रेलिंग लगाई गई थी, लेकिन अधिकांश स्थानों पर अभी भी रेलिंग का काम अधूरा है।

इसी तरह मुल्थान-बड़ा ग्रां 16 किलोमीटर सड़क मार्ग पर मुल्थान से करीब 10 किलोमीटर दूर गली नामक स्थान पर ही खतरनाक हिस्से में रेलिंग लगाई गई है, जबकि अधिकांश स्थानों पर काम बाकी है। मुल्थान-लोहारड़ी छह किलोमीटर सड़क पर तो एक भी स्थान पर रेलिंग नहीं लगाई गई है। चौहार घाटी के समाजसेवक एवं पूर्व सूबेदार रामसरन चौहान ने बताया कि इन दुर्गम सड़कों पर सुरक्षा इंतजामों की कमी के कारण कई हादसे हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 1995 में निजी बस दुर्घटना में 26 यात्रियों की मौत हुई थी।

इसके बाद भी 2002, 2008, 2013, 2014, 2016, 2022 और 2025 में अलग-अलग सड़क हादसों में कई लोगों की जान जा चुकी है। उन्होंने प्रदेश सरकार और संबंधित विभाग से पैरापिट की मरम्मत करवाने तथा सभी खतरनाक स्थानों पर अधूरी रेलिंग का कार्य जल्द पूरा करने की मांग की है।

धनोटू पुल के नीचे गंदगी का अंबार, नहर में जा रहा दूषित पानी

अनंत ज्ञान, महेंद्र सिंह राणा, भौर। राष्ट्रीय राजमार्ग पर धनोटू पुल सहित बीबीएमबी के विभिन्न क्षेत्रों में गंदगी के ढेर लगे होने से स्थानीय लोगों में रोष है। लोगों का कहना है कि कुछ दिन पहले धनोटू पुल के नीचे जमा गंदगी को हटाने और सफाई करवाने की मांग उठाई गई थी, लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी पंचायत और बीबीएमबी प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

स्थानीय लोगों के अनुसार पुल के नीचे और नहर के किनारे जमा कूड़े-कचरे का कुछ हिस्सा नहर के पानी में जा रहा है। इसी नहर के पानी की आपूर्ति सुंदरनगर के कई घरों तक होती है। लोगों ने चिंता जताई कि यदि समय रहते नहर के पानी को प्रदूषित होने से नहीं रोका गया तो आने वाले समय में गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है।

लोगों ने आरोप लगाया कि कुछ लोगों ने अपने घरों का गंदा पानी सीधे नहर में छोड़ रखा है। इसके अलावा रात के समय नहर में प्लास्टिक और अन्य कूड़ा-कचरा फेंका जाता है। इससे आगे झील का पानी भी दूषित होने की आशंका बनी हुई है।

◆ लोगों ने की उपायुक्त से कार्रवाई की मांग

नाम न छापने की शर्त पर कुछ स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि बीबीएमबी की भूमि पर अवैध कब्जे कर बनाए गए मकानों से निकलने वाली गंदगी भी नहर में डाली जा रही है। बग्गी से सुंदरनगर तक सड़क और नहर किनारे कई स्थानों पर कूड़े के ढेर लगे होने से लोगों को परेशानी हो रही है।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि नहर में गंदगी, प्लास्टिक और दूषित पानी डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। दोषियों पर जुर्माना लगाने के साथ नियमानुसार दंड का प्रावधान लागू किया जाए। लोगों ने उपायुक्त मंडी से नहर और आसपास के क्षेत्रों की नियमित सफाई करवाने तथा प्रदूषण रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की है।

जिला और तालुका न्यायालयों में कम खर्च में निपटेंगे विवाद

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। लंबे समय से लंबित विवादों से लोगों को राहत दिलाने के उद्देश्य से मंडी में मध्यस्थता राष्ट्र के लिए 3.0 अभियान शुरू किया गया है। यह अभियान राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति की ओर से जिला मंडी के जिला एवं तालुका न्यायालयों में चलाया जा रहा है और लंबित मामलों के समाधान तक जारी रहेगा।

अभियान के तहत ऐसे मामलों को मध्यस्थता के माध्यम से सुलझाने का प्रयास किया जाएगा, जिनमें दोनों पक्ष आपसी सहमति से विवाद का समाधान कर सकते हैं। इनमें विवाह और पारिवारिक विवाद, मोटर वाहन चालान, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस, वाणिज्यिक विवाद, सेवा संबंधी मामले, समझौता योग्य आपराधिक मामले, उपभोक्ता विवाद और ऋण वसूली से जुड़े मामले शामिल हैं। इसके अलावा विभाजन एवं बेदखली के मुकदमों, भूमि अधिग्रहण तथा अन्य उपयुक्त नागरिक मामलों को भी मध्यस्थता के जरिए सुलझाने का प्रयास किया जाएगा।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंडी के सचिव एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी विवेक कायस्थ ने बताया कि अभियान का उद्देश्य लोगों को विवादों के वैकल्पिक समाधान के लिए प्रेरित करना और लंबे समय से लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित मध्यस्थ की सहायता से दोनों पक्ष आपसी सहमति से विवाद का समाधान कर सकते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि लंबित विवादों के शीघ्र समाधान के लिए मध्यस्थता का लाभ उठाएं।

धर्मपुर में बीपीएल परिवारों को दी योजनाओं की जानकारी

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। विधायक चंद्रशेखर ने मिनी सचिवालय धर्मपुर में ग्रामीण विकास विभाग के खंड विकास कार्यालय की ओर से 22 पंचायतों के बीपीएल परिवारों के लिए आयोजित जागरूकता शिविर में भाग लिया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने लाभार्थियों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और मिलने वाले लाभों की जानकारी दी। अधिकारियों ने लाभार्थियों की समस्याएं सुनकर आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया।

विधायक चंद्रशेखर ने कहा कि जागरूकता के अभाव में कई पात्र परिवार सरकारी योजनाओं से वंचित रह जाते हैं। ऐसे शिविर ग्रामीणों को उनके अधिकारों और योजनाओं की जानकारी देने में महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने अधिकारियों से योजनाओं की जानकारी सरल भाषा में उपलब्ध करवाने और पात्र परिवारों को हरसंभव सहयोग देने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि 22 पंचायतों में आठ चरणों के दौरान अब तक 2170 बीपीएल परिवारों का चयन किया जा चुका है। छूटे पात्र परिवारों के लिए जल्द नौवां चरण शुरू होगा। पात्र परिवार पंचायत सचिव के पास आवेदन जमा कर प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं।

सरकाघाट में पूर्व कर्मियों ने 15% डीए, चिकित्सा बिल और लंबित एरियर की उठाई मांग

अनंत ज्ञान, सरकाघाट। भारतीय जनता पार्टी पूर्व कर्मचारी प्रकोष्ठ की बैठक में धर्मपुर और सरकाघाट क्षेत्र के करीब 500 सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश सहसंयोजक श्यामलाल ने की, जबकि प्रदेश संयोजक तेजराम वर्मा मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहे। पूर्व कर्मचारियों ने प्रदेश सरकार पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए लंबित वित्तीय मामलों का शीघ्र समाधान करने की मांग की।

बैठक में 15 प्रतिशत महंगाई भत्ता जारी करने की मांग प्रमुखता से उठाई गई। कर्मचारियों ने कहा कि बढ़ती महंगाई के दौर में समय पर वित्तीय लाभ नहीं मिलने से उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा वर्षों से लंबित चिकित्सा खर्चों की प्रतिपूर्ति का मामला भी उठाया गया। कर्मचारियों ने कहा कि बढ़ती उम्र और बीमारियों के बीच चिकित्सा खर्च का बोझ बढ़ रहा है, ऐसे में प्रतिपूर्ति राशि का समय पर भुगतान जरूरी है। बैठक में 2016 से 2022 के बीच सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों के लंबित एरियर का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। पूर्व कर्मचारियों ने सरकार से सभी पात्र कर्मचारियों के लंबित एरियर और अन्य वित्तीय देनदारियों का शीघ्र भुगतान करने की मांग की। बैठक में पवन ठाकुर, वासुदेव शर्मा, विनोद ठाकुर, मंगतराम नेगी, दिलीप भारद्वाज, केएल राणा, आशीष शर्मा, संदीप जयसवाल सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। पदाधिकारियों ने कहा कि पूर्व कर्मचारियों की जायज मांगों को उचित मंच पर मजबूती से उठाया जाएगा।

मुख्यमंत्री सहारा योजना के आवेदन अब ऑनलाइन, नया डिजिटल मंच तैयार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। मुख्यमंत्री सहारा योजना का संचालन एवं क्रियान्वयन अब सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा किया जा रहा है। योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के गंभीर और दीर्घकालिक बीमारियों से पीड़ित मरीजों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि पार्किंसन रोग, घातक कैंसर, स्थायी दिव्यांगता के साथ लकवा, लंबे समय से उपचाराधीन अथवा शैय्याग्रस्त मरीज, मस्कुलर डिस्ट्रॉफी, हीमोफीलिया, थैलेसीमिया, तीव्र अथवा दीर्घकालिक गुर्दा विफलता तथा ऐसी अन्य गंभीर बीमारी से पीड़ित व्यक्ति, जिसके कारण वह स्थायी रूप से कार्य करने में असमर्थ हो गया हो, योजना के तहत आवेदन कर सकते हैं। विभाग ने पात्र और आधार सत्यापित सक्रिय लाभार्थियों को अप्रैल से जून 2026 तक की वित्तीय सहायता राशि जारी कर दी है। प्रदेश सरकार ने आवेदन से लेकर भुगतान तक की प्रक्रिया को डिजिटल बनाते हुए नया ऑनलाइन मंच तैयार किया है, जिससे लाभार्थियों को एकल खिड़की के माध्यम से योजना का लाभ मिल सकेगा और समय व खर्च की बचत होगी। जिन आवेदकों या लाभार्थियों के आवेदन हिमाचल प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा सोसायटी में लंबित थे, उन्हें सहायता राशि के लिए दोबारा आवेदन करना होगा। इच्छुक आवेदक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं या नजदीकी लोकमित्र केंद्र की सहायता ले सकते हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लाभार्थियों की पहचान, सत्यापन और अन्य औपचारिकताओं में सहायता करेंगे।

◆ आवेदन से भुगतान तक की प्रक्रिया होगी डिजिटल लंबित आवेदकों को फिर करना होगा आवेदन

औट में पुलिस ने तीन लाख से ज्यादा भांग के पौधे किए नष्ट

अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। पुलिस थाना औट की टीम ने अवैध भांग की खेती के खिलाफ कार्रवाई करते हुए छलवार गांव में करीब आठ बीघा भूमि पर उगाए गए 3,11,110 भांग के पौधे बरामद किए। पुलिस के अनुसार गश्त और अवैध भांग की खेती की तलाश के दौरान ग्राम पंचायत सोगमाड़ के अंतर्गत वन विभाग की भूमि, खसरा संख्या 482, मुहाल चलौट में 27 पटीदार खेतों में भांग की खेती पाई गई।

मौके पर राजस्व अधिकारी और स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में नियमानुसार कार्रवाई की गई। पुलिस ने 10 भांग के पौधों को जड़ सहित नमूने के तौर पर सुरक्षित कर सील किया, जबकि शेष 3,11,100 पौधों को जड़ सहित मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। इस मामले में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार भूमि की निशानदेही और संबंधित दस्तावेजीकरण की कार्रवाई राजस्व विभाग के माध्यम से की जा रही है। पुलिस अधीक्षक मंडी ने बताया कि अवैध भांग की खेती के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

करसोग में 21 अगस्त को लगेगा परिवार रजिस्ट्रेशन शिविर

अनंत ज्ञान, करसोग। एसडीएम एवं सचिव नगर पंचायत करसोग अलीशा चौहान ने बताया कि जनहित के दृष्टिगत नगर पंचायत करसोग परिवार रजिस्टर में दर्ज होने से छूटे हुए परिवारों, परिवार के सदस्यों के पंजीकरण हेतु एक विशेष परिवार रजिस्टर शिविर का आयोजन 21 अगस्त, 2026 को नगर पंचायत करसोग कार्यालय के सभागार में किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि नगर पंचायत के अधिकार क्षेत्र में आने वाले ऐसे परिवार या परिवार के सदस्य, जिनका नाम परिवार रजिस्टर में दर्ज होने से छूट गया है, वे इस विशेष शिविर में उपस्थित होकर अपना पंजीकरण करवा सकते है। उन्होंने बताया कि पंजीकरण के लिए आवेदक के पास आवश्यक दस्तावेज, जैसे राशन कार्ड, आधार कार्ड आदि का होना आवश्यक है, तभी वे परिवार रजिस्टर में अपना नाम या अपने परिवार के सदस्य के नाम का पंजीकरण करने के लिए आवेदन कर सकते हैं।

उन्होंने नगर पंचायत क्षेत्र के सभी संबंधित नागरिकों से आग्रह किया है कि वे इस शिविर का लाभ उठाए और निर्धारित तिथि एवं समय पर आवश्यक दस्तावेजों सहित शिविर में उपस्थित होकर परिवार रजिस्टर में अपना या अपने परिवार के सदस्य का नाम दर्ज करवाना सुनिश्चित करे।

करसोग में 20 दुकानों पर छापेमारी, तीन के काटे चालान

अनंत ज्ञान, करसोग। राज्य सरकार के निर्देशों पर खंड स्तरीय फ्लाइंग स्क्वायड ने करसोग महाविद्यालय और विभिन्न स्कूलों के आसपास स्थित दुकानों का औचक निरीक्षण किया। टीम ने तंबाकू नियंत्रण, प्लास्टिक निषेध और नशीले पदार्थों की रोकथाम से जुड़े नियमों की जांच की।

खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. गोपाल चौहान की अगुवाई में हुई कार्रवाई के दौरान करीब 20 दुकानों का निरीक्षण किया गया। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर तीन दुकानदारों के चालान किए गए, जबकि एक दुकान का तंबाकू बिक्री संबंधी लाइसेंस रद्द करने की कार्रवाई की गई। अभियान का उद्देश्य शिक्षण संस्थानों के आसपास तंबाकू उत्पादों, प्लास्टिक और नशीले पदार्थों की बिक्री व उपयोग पर रोक लगाना है। टीम में पुलिस, आबकारी एवं कराधान, स्वास्थ्य विभाग और पंचायत निरीक्षक सहित संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे। डॉ. चौहान ने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर भविष्य में भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने दुकानदारों से कानूनों का पालन करने और युवाओं को नशे से दूर रखने के अभियान में सहयोग की अपील की।

मंथला में 100 किसानों को बांटे कृषि उपकरण

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। मंथला पंचायत के अनुसूचित जाति वर्ग के पशुपालक एवं किसान परिवारों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से सत बाला कामेश्वर मंदिर परिसर देवधार में उन्नत चारा घास बीज एवं कृषि उपकरण वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-भारतीय घास एवं चारा अनुसंधान संस्थान, झांसी, भारतीय हिमालयी घासभूमि केंद्र, सामुदायिक सेवा निदेशालय, करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय हमीरपुर और कल्पतरु फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में अनुसूचित जाति उपयोजना के तहत किया गया। कार्यक्रम में 150 से अधिक किसानों और पशुपालकों ने भाग लिया। वैज्ञानिक प्रभारी डॉ. शीराज भट्ट, वैज्ञानिक सुरेंद्र पॉल और डॉ. गुलशन कुमार ने किसानों को उच्च प्रोटीनयुक्त चारा घास, वैज्ञानिक चारा उत्पादन, पशु पोषण और दूध उत्पादन बढ़ाने की जानकारी दी। इस दौरान मंथला पंचायत के 100 चयनित एससी पशुपालक किसानों को सेटेरिया, पासपालम आदि चारा घासों के बीज व जड़ कलमें तथा फावड़े और कुदाल सहित कृषि उपकरण वितरित किए गए।

बदहाली नालियां गंदगी से लबालब, बदहाल शौचालय पर उठ रहे सवाल

धनोटू सब्जी मंडी परिसर में गंदगी का अंबार, सड़ी सब्जियों से उठ रही दुर्गंध

अनंत ज्ञान, भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव। राष्ट्रीय राजमार्ग के साथ सटी धनोटू सब्जी मंडी को क्षेत्र की प्रमुख सब्जी मंडियों में गिना जाता है, लेकिन इन दिनों परिसर की बदहाली के चलते यहां की व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं।

मंडी परिसर में जगह-जगह पड़े गड्ढों में टमाटर, सब्जियों के छिलके और अन्य जैविक कचरा सड़ने से वातावरण दूषित हो रहा है। मंडी के आसपास कूड़े-कचरे के ढेर लगे हैं, जबकि नालियां भी गंदगी से लबालब हैं। मंडी परिसर का शौचालय भी बदहाली का शिकार है और यहां पानी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण दुर्गंध फैल रही है।

लोगों का कहना है कि लंबे समय से मंडी परिसर में साफ-सफाई की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। जगह-जगह सड़ रही सब्जियों और कचरे के कारण मंडी में आने वाले व्यापारियों, किसानों और आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मंडी को स्वच्छ रखने के लिए पहले भी प्रशासन से मांग की जा चुकी है, लेकिन अभी तक स्थायी समाधान नहीं किया गया।

लोगों ने चिंता जताते हुए कहा कि इस पूरे क्षेत्र को देखकर ऐसा प्रतीत होता है जैसे नाचन क्षेत्र के कूड़े-कचरे की डंपिंग का स्थान यही बन गया हो। लोगों ने उपायुक्त मंडी से धनोटू सब्जी मंडी और आसपास के क्षेत्र की नियमित सफाई करवाने, कूड़ा उठाने की उचित व्यवस्था करने तथा बदहाल शौचालय की मरम्मत करवाकर वहां पर्याप्त पानी और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाने की मांग की है।

'**इतिहास** से प्रेरणा लेकर वर्तमान को बेहतर बनाया जा सकता है।
–जयशंकर प्रसाद

संपादकीय

तकनीक से शिक्षा में सुधार

सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति पर ऑनलाइन निगरानी शुरू करने का फैसला शिक्षा व्यवस्था में सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा सकता है। किसी भी विद्यालय की सफलता का पहला आधार यही है कि वहां पढ़ने वाले बच्चे नियमित रूप से कक्षा में उपस्थित हों। यदि विद्यार्थी विद्यालय तक ही नहीं पहुंचेंगे तो पाठ्यक्रम पूरा करने, सीखने की क्षमता बढ़ाने और परीक्षा परिणाम बेहतर करने की तमाम योजनाएं अपेक्षित परिणाम नहीं दे पाएंगी। इसलिए विद्यार्थियों की उपस्थिति को केवल प्रशासनिक औपचारिकता मानने के बजाय शिक्षा की गुणवत्ता से सीधे जोड़कर देखने की जरूरत है। लंबे समय तक स्कूलों में विद्यार्थियों की उपस्थिति कागजी रजिस्टरों के माध्यम से दर्ज होती रही है। ऐसी व्यवस्था में वास्तविक स्थिति का तत्काल और व्यापक आकलन करना कठिन होता है। ऑनलाइन व्यवस्था लागू होने से प्रत्येक दिन की उपस्थिति का आंकड़ा उपलब्ध रहेगा और शिक्षा विभाग यह समझ सकेगा कि किन विद्यालयों में विद्यार्थियों की मौजूदगी संतोषजनक है और कहां लगातार गिरावट देखी जा रही है।

ऑनलाइन निगरानी की सबसे बड़ी उपयोगिता यह होगी कि इससे केवल उपस्थिति का आंकड़ा सामने नहीं आएगा, बल्कि कम उपस्थिति वाले विद्यालयों की पहचान भी आसानी से की जा सकेगी। जिन स्कूलों में विद्यार्थियों की उपस्थिति लगातार कम है, वहां कारणों को समझने के लिए अलग से प्रयास किए जा सकते हैं। यह जरूरी है क्योंकि हर इलाके में कम उपस्थिति का कारण एक जैसा नहीं हो सकता। कहीं परिवार की आर्थिक स्थिति बच्चों को पढ़ाई के साथ काम करने के लिए मजबूर कर सकती है तो कहीं विद्यालय की दूरी समस्या हो सकती है। ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में परिवहन की सुविधा का अभाव भी बच्चों के नियमित विद्यालय पहुंचने में बाधा बन सकता है। कुछ स्थानों पर अभिभावकों में शिक्षा के महत्व को लेकर पर्याप्त जागरूकता नहीं होने के कारण भी बच्चे नियमित रूप से स्कूल नहीं आते। इसके अलावा विद्यालय का वातावरण, शिक्षकों का व्यवहार, पढ़ाई का स्तर और बच्चों के प्रति अपनाया जाने वाला रवैया भी उनकी उपस्थिति को प्रभावित कर सकता है।

इसलिए कम उपस्थिति वाले विद्यालयों को केवल आंकड़ों में चिह्नित करना पर्याप्त नहीं होगा। वास्तविक सुधार तभी आएगा जब अधिकारी इन विद्यालयों तक पहुंचकर जमीनी स्थिति समझेंगे। यदि किसी स्कूल में लगातार विद्यार्थियों की उपस्थिति कम है तो वहां जांच का उद्देश्य केवल जिम्मेदारी तय करना नहीं होना चाहिए, बल्कि समस्या का समाधान तलाशना भी होना चाहिए। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षक, अभिभावक और स्थानीय समुदाय को साथ लेकर यह समझने की कोशिश होनी चाहिए कि बच्चों की अनुपस्थिति के पीछे वास्तविक कारण क्या है। कई बार छोटी-सी प्रशासनिक पहल भी बड़ी समस्या का समाधान कर सकती है। कहीं परिवहन की व्यवस्था की आवश्यकता हो सकती है तो कहीं अभिभावकों से संवाद करके बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया जा सकता है। कुछ मामलों में विद्यालय के वातावरण में सुधार और शिक्षण पद्धति में बदलाव की जरूरत हो सकती है।

उपस्थिति की निगरानी को केवल परीक्षा परिणाम से जोड़ना भी उचित नहीं होगा। विद्यार्थियों का नियमित विद्यालय आना उनके ज्ञान, अनुशासन, सामाजिक विकास और व्यक्तित्व निर्माण के लिए भी आवश्यक है। विद्यालय बच्चों को केवल किताबों का ज्ञान देने का स्थान नहीं है। यहां वे संवाद करना, सहयोग करना, जिम्मेदारी निभाना और सामाजिक व्यवहार सीखते हैं। नियमित अनुपस्थिति से विद्यार्थी धीरे-धीरे पढ़ाई में पिछड़ सकता है और उसका आत्मविश्वास भी प्रभावित हो सकता है।

आज की प्रमुख हस्ती

सादगी की मिसाल हैं सारा

सारा अली खान
जन्म : 12 अगस्त 1995

सारा अली खान हिंदी फिल्म जगत की उन अभिनेत्रियों में शामिल हैं जिन्होंने कम समय में अपनी अलग पहचान बनाने में सफलता हासिल की है। अपने चुलबुले अंदाज, आत्मविश्वास और सहज अभिनय के कारण वह दर्शकों के बीच लोकप्रिय हुई हैं। सारा अली खान का जन्म **12 अगस्त 1995** को मुंबई में हुआ था। वह अभिनेता सैफ अली खान और अभिनेत्री अमृता सिंह की बेटी हैं। फिल्मी परिवार से होने के बावजूद सारा ने अपनी शिक्षा को भी गंभीरता से लिया। उन्होंने अमेरिका के कोलंबिया विश्वविद्यालय से इतिहास और राजनीति विज्ञान की पढ़ाई की। इसके बाद उन्होंने अभिनय की दुनिया में कदम रखा।

सारा ने वर्ष 2018 में फिल्म केदारनाथ से बॉलीवुड में पदार्पण किया। इस फिल्म में उनके अभिनय को दर्शकों और समीक्षकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली। इसके बाद वह सिंबा में नजर आईं, जिसने उन्हें बड़े दर्शक वर्ग तक पहुंचाया। आगे उन्होंने लव आज कल, कुली नंबर 1, अतरंगी रे, गैसलाइट, जरा हटके जरा बचके और मर्डर मुबारक जैसी फिल्मों में अलग-अलग भूमिकाएं निभाईं। उनकी फिल्मों में रोमांस, हास्य, भावनात्मक कहानी और सामाजिक विषयों का मिश्रण देखने को मिला है।

सारा अपने बेबाक स्वभाव और स्पष्ट बातचीत के लिए भी जानी जाती हैं। वह अक्सर अपने प्रशंसकों के साथ सोशल मीडिया के माध्यम से जुड़ी रहती हैं और अपनी यात्राओं, काम तथा निजी जीवन से जुड़ी झलकियां साझा करती हैं। उनका व्यक्तित्व युवाओं को आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच के लिए प्रेरित करता है।

जन्मदिन के अवसर पर सारा अली खान के प्रशंसक उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ, सफल और खुशहाल भविष्य की कामना करते हैं। अभिनय के क्षेत्र में उन्होंने अब तक जो मुकाम हासिल किया है, वह उनके निरंतर प्रयास और मेहनत को दर्शाता है। आने वाले वर्षों में दर्शकों को उनसे कई नई और चुनौतीपूर्ण भूमिकाओं की उम्मीद है।

कविता

शुल्क लगे तो फिर नकदी लौटेगी

संजय एम तराणेकर (कवि, लेखक व समीक्षक)
इन्दौर-452011 (मध्य प्रदेश)

यूं डिजिटल युग में कदम बढ़े थे, नकदी से हमने ही नाता तोड़ा था। हमको यूपीआई ने ही राह दिखाई, हर भुगतान को सरल बनाया था। मगर अब शुल्क की आहट हैं आई, तब तो सोच में पड़ गया हैं बाजार। ये छोटा-सा चार्ज भी बन सकता है, नकदी नोट की वापसी का आधार। हाँ, कभी जेब में सिक्के खनकते थे, नोटों से होता था सबका कारोबार। फिर मोबाइल ने यहाँ जगह बना ली, डिजिटल पेमेंट हुआ हरेक व्यवहार। कागज के नोटों से मुक्ति का सपना, ये सुविधा ने सच करके दिखलाया। लेकिन शुल्क की छोटी-सी दीवार ने, फिर से नकदी का रास्ता हैं सुझाया। व्यापारी बोलते हैं लेन-देन सस्ता हो, ग्राहक बोले-भुगतान सभी सरल हो। हमेशा तकनीक वो अच्छी कहलाए, जिसमें हर वर्ग का हित नज़र आए। आज यूपीआई भारत की पहचान है, क्या कहें यहीं सुविधा बेमिसाल रहें।

न शुल्क का बोझ बढ़े जनता पे भार, न नकद की मजबूरी फिर बहाल रहें। डिजिटल भारत तब सफल कहलाए, जब सुविधा सभी के द्वार तक जाए। अब नकदी हो या डिजिटल भुगतान, जन-जन की जेब पर बोझ ना आए।

गोमूत्र बनेगा ग्रामीण आय का नया आधार या सरकारी खर्च का एक और मॉडल?

अजय कुमार,
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ (उ. प्र.)
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर से गोमूत्र खरीद का जो पायलट मॉडल सामने आया है, उसे केवल गाय, गांव और संस्कृति की कहानी मानना आसान है, लेकिन असली सवाल इससे कहीं बड़ा है। सवाल यह है कि क्या सरकार गोमूत्र को सचमुच ग्रामीण अर्थव्यवस्था का नया उत्पाद बनाना चाहती है, या फिर ऐसी घोषणा कर रही है जिसकी चमक कुछ समय बाद सरकारी कागजों तक सिमट जाएगी। 15 गांवों से रोज करीब 500 लीटर गोमूत्र एकत्र करने का लक्ष्य सुनने में छोटा है, लेकिन इसी आंकड़े में योजना की ताकत और कमजोरी दोनों छिपी हैं। 500 लीटर प्रतिदिन का मतलब साल भर में करीब 1.82 लाख लीटर है। दस रुपये लीटर की दर से केवल खरीद पर सालाना लगभग 18.25 लाख रुपये खर्च होंगे। दर बीस रुपये हुई तो यही खर्च 36.5 लाख रुपये पहुंच जाएगा। अब सवाल यह है कि इस कच्चे माल से तैयार उत्पादों की बिक्री कितनी होगी और सरकारी खरीद के मुकाबले बाजार से कितनी आमदनी आएगी।

बुलंदशहर में यह प्रयोग बिल्कुल शून्य से शुरू नहीं हुआ है। नरसेना क्षेत्र में पिछले वर्षों से महिला समूह गोमूत्र संग्रह कर रहे हैं। 2023 में वहां किसानों से 10 से 15 रुपये लीटर तक खरीद और जैविक खाद तथा कीटनाशक तैयार करने का दावा सामने आया था। उस समय एक साल में 10 हजार लीटर खरीद के बाद अगले चरण में 50 हजार लीटर का लक्ष्य बताया गया था। 2024 की रिपोर्टों में दर्जन से अधिक गांवों में महिला समूहों के संग्रह केंद्र और 20 हजार लीटर से अधिक संचयन का उल्लेख मिला। इसका मतलब साफ है कि सरकार के सामने कोई काल्पनिक प्रयोग नहीं, बल्कि पहले से चल रही स्थानीय गतिविधि को बड़े ढांचे में बदलने का अवसर है। यही कारण है कि नई योजना की असली परीक्षा घोषणा नहीं, पुराने अनुभव से सीख लेने में होगी।

छत्तीसगढ़ का उदाहरण इस बहस को समझने के लिए महत्वपूर्ण है। जुलाई 2022 में वहां गोधन न्याय योजना के विस्तार के रूप में चार रुपये लीटर की दर से गोमूत्र खरीद शुरू हुई। उद्देश्य था उससे जैविक कीटनाशक और कृषि इनपुट तैयार करना। उस समय राज्य में हजारों गौठानों का ढांचा भी बताया गया था। फिर भी किसी योजना की सफलता केवल खरीद केंद्रों की संख्या से नहीं मापी जा सकती। यदि संग्रहित सामग्री का नियमित प्रसंस्करण, पैकेजिंग, प्रमाणन और बिक्री नहीं होती, तो खरीद अपने आप में टिकाऊ कारोबार नहीं बनती। यही वह बिंदु है जहां उत्तर प्रदेश को उत्साह से ज्यादा व्यवस्था दिखानी होगी।

गुजरात का हालिया मॉडल इस बहस को एक और दिशा देता है। बनास डेयरी ने 2025 में देशी कांकरेज गाय पालने वाले पशुपालकों से पांच रुपये लीटर की दर पर गोमूत्र खरीदने का पायलट शुरू किया। इसे मृदा कंडीशनर और पौध वृद्धि से जुड़े उत्पादों में बदलने की व्यवस्था की गई। यहां महत्वपूर्ण बात खरीद की कीमत नहीं, बल्कि खरीद से पहले प्रसंस्करण और बिक्री का ढांचा है। संग्रह, परिवहन, संयंत्र, ब्रांड और बाजार की क्षमता किसी भी ऐसे मॉडल की सफलता के लिए जरूरी है। उत्तर प्रदेश को भी इसी सवाल का जवाब देना होगा कि बुलंदशहर से निकलने वाला 500 लीटर प्रतिदिन आखिर किस संयंत्र में जाएगा, कितने समय में पहुंचेगा, किस गुणवत्ता मानक पर रखा जाएगा और तैयार उत्पाद कौन खरीदेगा।

गोमूत्र के कृषि उपयोग को पूरी तरह खारिज करना भी उतना ही गलत होगा जितना उसे हर बीमारी की दवा मान लेना। वैज्ञानिक साहित्य में गोबर और गोमूत्र आधारित जैविक मिश्रणों पर खेत परीक्षण हुए हैं और कुछ परिस्थितियों में इनके पोषक तथा सूक्ष्मजीवी प्रभाव दर्ज किए गए हैं। लेकिन खेत में किसी जैविक घोल का उपयोग और मानव औषधि के रूप में उसका सेवन दो अलग बातें हैं। इसलिए सरकार यदि गोमूत्र से दवाएं बनाने की बात करती है तो उसे औषधि नियमों, परीक्षण, बैच गुणवत्ता, स्वच्छता और सुरक्षा के मानकों से गुजरना होगा। परंपरा बाजार की शुरुआत कर सकती है, प्रमाणन ही उसे विश्वसनीय बाजार बनाता है।

सबसे बड़ी चुनौती संग्रहण है। ताजा गोमूत्र कोई दूध नहीं है जिसे सामान्य दुग्ध श्रृंखला की तरह तुरंत उठाकर हर जगह पहुंचा दिया जाए। गांव में स्वच्छ संग्रह पात्र, ढक्कनयुक्त टैंक, छनाई, बैच पहचान, परिवहन और प्रसंस्करण की समयसीमा तय करनी होगी। गाय की नस्ल, पशु का स्वास्थ्य, आहार, पानी, दवाओं का इस्तेमाल और मिलावट जैसी बातें गुणवत्ता को प्रभावित कर सकती हैं। यदि एक गांव का माल दूसरे गांव के माल से अलग है तो तैयार उत्पाद की गुणवत्ता भी बदल सकती है। इसलिए खरीद के साथ गुणवत्ता ग्रेडिंग जरूरी है। केवल दस या बीस रुपये की कीमत तय कर देना गुणवत्ता नियंत्रण नहीं है।

300 महिलाओं को हिस्सेदार बनाना योजना का सबसे आकर्षक हिस्सा है, लेकिन यहीं सबसे बड़ा सवाल भी खड़ा होता है। यदि 500 लीटर रोज पर दो रुपये प्रति लीटर कमीशन का प्रावधान है, तो कुल कमीशन एक हजार रुपये प्रतिदिन और करीब 3.65 लाख रुपये सालाना होगा। 300 महिलाओं में बराबर बांटें तो औसतन लगभग 1,217 रुपये सालाना, यानी करीब 101 रुपये महीना बैठता है। इसलिए इसे महिला आर्थिक सशक्तीकरण का बड़ा मॉडल बताने से पहले यह स्पष्ट करना होगा कि महिलाओं की वास्तविक आय कितनी होगी, हिस्सेदारी का स्वामित्व कैसे तय होगा, लाभांश मिलेगा या नहीं और संग्रह, प्रसंस्करण तथा बिक्री में उनका हिस्सा कितना रहेगा। सिर्फ कमीशन से आत्मनिर्भरता का दावा कमजोर पड़ जाएगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

बेटियों के सम्मान और शिक्षा से बनेगा सशक्त भारत

शिवालिक अवस्थी
धर्मशाला, जिला कांगड़ा, हि.प्र।
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

वैसे तो हमारा देश-हमारा प्रदेश, आधुनिकता के इस दौर में, हमेशा से उन्नति के पथ पर अग्रसर रहा है और भविष्य में भी अग्रसर रहेगा। किंतु, आधुनिकीकरण के बावजूद, आज भी हमारे समाज को प्रबुद्ध बनाने के लिए समय-समय पर सरकार को कई प्रमुख कार्यक्रमों अथवा योजनाओं का संचालन विशेष तौर से करना पड़ रहा है। ऐसे प्रमुख कार्यक्रमों अथवा योजनाओं का संचालन करने का एक मात्र उद्देश्य; हमारे समाज को सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित करने से जोड़ा गया है। समाज प्रेरित होकर, नई और आशावादी दिशा की ओर बढ़ता रहे, इसी सोच को धरातल तक पहुंचाने के लिए समय-समय पर कई प्रेरक योजनाओं की शुरुआत की जा चुकी है। इन्हीं महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' एक ऐसी योजना-एक ऐसा अभियान, जिसके माध्यम से, समाज के हर वर्ग को बेटियों की सुरक्षा एवं उनकी शिक्षा के प्रति जागरूक किया जाता है।

बेटियों की सुरक्षा एवं उनकी शिक्षा को ध्यान में रखते हुए ही देश के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस अभियान की शुरुआत वर्ष 2015 में की गई। भारत में बढ़ती जनसंख्या के बावजूद लड़कियों के गिरते लिंगानुपात में सुधार लाने हेतु इस योजना का शुभारंभ किया गया जिसे महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा विशेष तौर पर संचालित किया जा रहा है जिसमें देश में विभिन्न गतिविधियों को अपनाकर समाज के कोने-कोने तक इस योजना के बारे में लोगों को जागरूक किया जा रहा है। आसान भाषा में कहें; तो इस योजना के माध्यम से हम सभी को - बच्चियों की 'सुरक्षा' एवं उनकी 'शिक्षा' में रचनात्मक सुधार लाने के लिए प्रेरित किया जाता है। इस योजना का उद्देश्य मुख्यत: इसके नाम से ही साफ हो जाता है।

'बेटी बचाओ' - हमारे समाज की बेटियों को बचाने की पहल और 'बेटी पढ़ाओ' - हमारे समाज की बेटियों को पढ़ाने की पहल।

पहले भाग पर प्रकाश डालें तो पता चलता है कि आज भी हमारे समाज के किसी कोने को रूढ़िवादी विचारों ने अपनी गिरफ्त में जकड़ा हुआ है। जिसके कारण बेटियों का अस्तित्व असुरक्षित या खतरे से घिरा हुआ प्रतीत होता है। आज भी समाज के कई परिवारों का झुकाव बेटियों की तुलना में बेटों पर अधिक आंका गया है, जिससे असमानता वाले भाव हमारे समाज में हावी होते दिख रहे हैं। हालांकि, यह भी सत्य है कि सरकार, प्रशासन, विभाग एवं आम जन के सहयोग से, चलाई जा रही कई मुहिमों के चलते अब पक्षपाती विचार हमारे दिलो-दिमाग से बाहर जरूर निकलने लगे हैं। परंतु, समाज के वह हिस्से, जहां बेटियों के प्रति आज भी संकीर्ण सोच अपनाई जाती है, ऐसी विचारधाराओं के आधार को समाप्त करके उन्हें आशावादी बनाकर, बालिकाओं का अस्तित्व आसानी से सुरक्षित किया जा सकता है। क्योंकि जहां सोच बदलती है, वहीं से हमारा समाज बदलता है।

इसी कड़ी में, इस योजना के दूसरे भाग पर प्रकाश डालें, तो यह हमें, हमारा उत्तरदायित्व बेटियों की शिक्षा के प्रति हमें प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित करता है। न केवल प्रारंभिक अथवा स्कूली शिक्षा, बल्कि समाज की हर बेटी, उच्च स्तरीय शिक्षा के साथ-साथ अन्य प्रेरक गतिविधियों में भी उचित स्थान प्राप्त करे और समाज का नाम रोशन करे, ऐसे सफल प्रयासों के प्रति हमें अवगत करवाता है। शिक्षा किसी भी व्यक्ति के जीवन में वह महत्वपूर्ण आधार है, जिसके माध्यम से व्यक्ति अपने अधिकारों, कर्तव्यों और अवसरों को समझने में सक्षम बनता है। इसलिए बेटियों की शिक्षा को केवल विद्यालय तक सीमित रखने के बजाय उनके उच्च शिक्षा प्राप्त करने, अपने कौशल को विकसित करने और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में भी समाज को सकारात्मक प्रयास करने होंगे। यहां बात करें लिंगानुपात की तो आइए समझने का प्रयास करते हैं कि आखिर लिंग अनुपात होता क्या है और इसे कैसे आंका जाता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

नशे के खिलाफ सामूहिक प्रयास ही बचाएगा युवाओं का भविष्य

केशव शर्मा
स्वतन्त्र लेखक
गांव-कोटला, घुमारवीं।
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत उसके युवा होते हैं। युवाओं की ऊर्जा, प्रतिभा, नवाचार और सकारात्मक सोच ही देश के विकास की आधारशिला होती है। लेकिन जब यही युवा नशे की गिरफ्त में आने लगें तो यह केवल व्यक्तिगत समस्या नहीं रहती, बल्कि पूरे समाज, परिवार और राष्ट्र के भविष्य के लिए गंभीर चिंता का विषय बन जाती है। आज युवाओं में नशे का बढ़ता क्रेज सामाजिक, आर्थिक और स्वास्थ्य संबंधी एक ऐसे संकट का रूप ले चुका है, जिस पर समय रहते प्रभावी नियंत्रण आवश्यक है।

वर्तमान समय में शराब, चरस, गांजा, हेरोइन, सिंथेटिक ड्रग्स, नशीली गोलियां, इंजेक्शन और अन्य मादक पदार्थों का सेवन कई युवाओं के बीच एक खतरनाक फैशन या दिखावे का माध्यम बनता जा रहा है। कुछ युवा इसे आधुनिकता, तनाव से मुक्ति या दोस्तों के बीच अपनी पहचान बनाने का साधन समझ बैठते हैं। सोशल मीडिया, फिल्मों और कुछ डिजिटल माध्यमों में नशे को आकर्षक जीवनशैली के रूप में प्रस्तुत किए जाने का भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। हालांकि वास्तविकता यह है कि नशा किसी भी व्यक्ति को सफलता नहीं, बल्कि शारीरिक, मानसिक, आर्थिक और सामाजिक विनाश की ओर ले जाता है।

युवाओं के नशे की ओर आकर्षित होने के पीछे कई कारण हैं। बेरोजगारी, बढ़ती प्रतिस्पर्धा, परीक्षा और करियर का दबाव, पारिवारिक कलह, अकेलापन, गलत मित्र मंडली, मानसिक तनाव, जिज्ञासा और आसानी से नशीले पदार्थों की उपलब्धता प्रमुख कारणों में शामिल हैं। कई बार युवा केवल प्रयोग के तौर पर नशा शुरू करते हैं, लेकिन धीरे-धीरे इसकी लत उन्हें अपनी गिरफ्त में ले लेती है। इसके बाद उससे बाहर निकलना अत्यंत कठिन हो जाता है। यही कारण है कि नशे की शुरुआत को रोकना, नशे की लत लगने के बाद उपचार करने की तुलना में अधिक प्रभावी उपाय साबित हो सकता है।

नशे का सबसे पहला प्रभाव व्यक्ति के स्वास्थ्य पर पड़ता है। मादक पदार्थ शरीर के विभिन्न अंगों को नुकसान पहुंचाते हैं और मानसिक संतुलन को भी प्रभावित करते हैं। नशे का आदी युवा पढ़ाई, रोजगार और पारिवारिक जिम्मेदारियों से दूर होने लगता है। उसका आत्मविश्वास कम होने लगता है, निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित होती है और धीरे-धीरे वह अवसाद, चिंता तथा अन्य मानसिक समस्याओं का शिकार हो सकता है। कई मामलों में नशे की लत व्यक्ति को अपराध, हिंसा और कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों की ओर भी धकेल देती है। इस प्रकार नशा व्यक्ति के वर्तमान के साथ-साथ उसके भविष्य को भी प्रभावित करता है।

नशे की समस्या का सबसे अधिक दुष्प्रभाव परिवार पर पड़ता है। माता-पिता अपने बच्चों को बेहतर भविष्य देने के लिए दिन-रात मेहनत करते हैं, लेकिन जब वही बच्चे नशे की गिरफ्त में आ जाते हैं तो पूरा परिवार मानसिक, सामाजिक और आर्थिक संकट से गुजरता है। परिवार की प्रतिष्ठा प्रभावित होती है और रिश्तों में तनाव बढ़ने लगता है। कई परिवार अपने बच्चे को नशे से बाहर निकालने के लिए लंबे समय तक उपचार और पुनर्वास की प्रक्रिया से गुजरते हैं। इसलिए युवाओं को नशे से बचाना परिवार की जिम्मेदारी के साथ-साथ समाज की भी सामूहिक जिम्मेदारी है।

यह समस्या केवल परिवार तक सीमित नहीं रहती। नशे के कारण समाज में अपराध, सड़क दुर्घटनाएं, घरेलू हिंसा, चोरी, लूट और अन्य आपराधिक गतिविधियों में वृद्धि हो सकती है। नशे की अवैध तस्करी भी कानून-व्यवस्था और सामाजिक सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती बनती है। इसलिए इस समस्या को केवल स्वास्थ्य का नहीं, बल्कि सामाजिक और राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी देखा जाना चाहिए। नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार पर रोक लगाना और युवाओं को इसके जाल से बचाना समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। इस चुनौती से निपटने के लिए बहुआयामी प्रयास आवश्यक हैं। सबसे पहले परिवार को बच्चों के साथ खुला संवाद बनाए रखना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

सीपीग्राम्स से पारदर्शी और जवाबदेह बन रहा नागरिक-केंद्रित शासन

विशाल कल्याण
सहायक प्रोफेसर
महाराजा अग्रसेन यूनिवर्सिटी
सोलन
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था में सरकार की सफलता केवल नीतियों और योजनाओं के निर्माण से निर्धारित नहीं होती, बल्कि इस बात से भी होती है कि वह नागरिकों की समस्याओं और शिकायतों का कितनी प्रभावी, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से समाधान करती है। नागरिकों की शिकायतों का उचित निवारण सुशासन, प्रशासनिक जवाबदेही और नागरिक सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण आधार है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार ने केंद्रीयकृत लोक शिकायत निवारण एवं निगरानी प्रणाली की स्थापना की है, जिसे सामान्यत: सीपीग्राम्स कहा जाता है। पिछले एक दशक में यह दुनिया के सबसे बड़े डिजिटल लोक शिकायत निवारण मंचों में से एक के रूप में उभरा है। यह व्यवस्था नागरिकों और प्रशासन के बीच संवाद को मजबूत करने तथा सरकारी तंत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

केंद्रीयकृत लोक शिकायत निवारण एवं निगरानी प्रणाली भारत सरकार का प्रमुख डिजिटल शिकायत निवारण मंच है। इसका विकास और निगरानी प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग द्वारा की जाती है, जो कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय के अंतर्गत कार्य करता है। यह एक व्यापक डिजिटल व्यवस्था है, जिसमें तकनीक, प्रशासनिक जवाबदेही और नागरिक भागीदारी को एक साथ जोड़ा गया है। इसके माध्यम से नागरिक केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों, राज्य सरकारों तथा केंद्रशासित प्रदेशों से संबंधित अपनी शिकायतें दर्ज कर सकते हैं। इसका मुख्य उद्देश्य नागरिकों को सरल, सुलभ और पारदर्शी तरीके से सरकार तक अपनी शिकायत पहुंचाने तथा उसके निवारण की स्थिति पर नजर रखने की सुविधा प्रदान करना है।

सीपीग्राम्स की सबसे महत्वपूर्ण विशेषताओं में इसकी चौबीसों घंटे और सातों दिन उपलब्धता शामिल है। नागरिक बिना किसी सरकारी कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से गए ऑनलाइन अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं। इससे समय और संसाधनों की बचत होती है तथा प्रशासन तक नागरिकों की पहुंच आसान बनती है। सीपीग्राम्स को विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों, विभागों, राज्य सरकारों और केंद्रशासित प्रदेशों की शिकायत निवारण व्यवस्थाओं से जोड़ा गया है। इससे देश में एक अधिक एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली विकसित हुई है और एक राष्ट्र-एक पोर्टल की भावना को बढ़ावा मिला है।

भारत की भाषाई विविधता को ध्यान में रखते हुए सीपीग्राम्स में अंग्रेज़ी के अतिरिक्त 22 अनुसूचित भाषाओं में शिकायत दर्ज करने की सुविधा उपलब्ध है। यह सुविधा उन नागरिकों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है जो अंग्रेज़ी भाषा में सहज नहीं हैं। इससे प्रशासनिक सेवाओं तक समान पहुंच और भाषाई समावेशन को बढ़ावा मिलता है। शिकायत दर्ज करने के बाद नागरिक को एक विशिष्ट पंजीकरण संख्या प्रदान की जाती है। इस संख्या के माध्यम से शिकायतकर्ता अपनी शिकायत की स्थिति ऑनलाइन देख सकता है। इससे शिकायत प्रक्रिया में पारदर्शिता आती है और नागरिक को यह जानकारी मिलती रहती है कि उसकी शिकायत किस स्तर पर है।

सीपीग्राम्स के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों का यथाशीघ्र निवारण करने का प्रयास किया जाता है और निर्धारित व्यवस्था के अनुसार शिकायतों का समाधान अधिकतम इक्कीस दिनों के भीतर किया जाना है। समयबद्ध निवारण प्रशासनिक जवाबदेही को मजबूत करता है और नागरिकों को लंबे समय तक अपनी शिकायत के समाधान की प्रतीक्षा करने से बचाता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

अनंत ज्ञान

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

न्यूज ब्रीफ

शिक्षा मंत्री आज से शिमला जिला के प्रवास पर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर 12 से 14 अगस्त तक शिमला जिला के विभिन्न क्षेत्रों के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वह विभिन्न विकासात्मक कार्यों के भूमिपूजन एवं उद्घाटन करेंगे तथा शिक्षकों, विद्यार्थियों और स्थानीय लोगों से संवाद कर जनसमस्याएं सुनेंगे। 12 अगस्त को वह चारूबाग में बरवी-गरावग संपर्क सड़क के उन्नयन कार्य का भूमिपूजन करने के बाद खड़ापत्थर में वन महोत्सव में भाग लेंगे तथा पार्टी कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगे। 13 अगस्त को शिक्षा मंत्री घ्याण में घ्याण-रैका संपर्क सड़क वाया केहरल का भूमिपूजन करेंगे। इसके बाद रोहड़ू में बॉयज स्पोर्ट्स हॉस्टल भवन का उद्घाटन कर शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से संवाद करेंगे। 14 अगस्त को जुब्बल में ठाकुर राम लाल राजकीय कन्या विद्यालय ऑफ स्पोर्ट्स का उद्घाटन करने के साथ विद्यालय में अतिरिक्त आवासीय सुविधा के निर्माण की आधारशिला रखेंगे। इस दौरान वह विद्यालय स्टाफ, विद्यार्थियों और पार्टी कार्यकर्ताओं से भी भेंट करेंगे तथा जनसमस्याएं सुनेंगे।

'15 अगस्त पर कर्मचारियों को एरियर की सौगात दे सरकार'

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश संयुक्त कर्मचारी महासंघ ने राज्य सरकार से 15 अगस्त के अवसर पर कर्मचारियों और सेवानिवृत्त कर्मचारियों को लंबित वित्तीय लाभ जारी करने की मांग की है। महासंघ के अध्यक्ष वीरेंद्र चौहान और महासचिव हीरा लाल वर्मा ने कहा कि वर्षों से लंबित एरियर और डीए की किस्तों के कारण कर्मचारी आर्थिक दबाव झेल रहे हैं। महासंघ ने बताया कि 1 जनवरी 2016 से लागू वेतन संशोधन को वर्ष 2022 में लागू किया गया था, लेकिन अभी तक कर्मचारियों को केवल 20 फीसदी एरियर मिला है, जबकि 80 फीसदी राशि लंबित है। इसी तरह वर्तमान में 45 फीसदी डीए मिल रहा है, जबकि 60 फीसदी देय है। 1 जनवरी 2022 के बाद डीए की तीन किस्तों का एरियर भी लंबित है। महासंघ नेताओं ने कहा कि बढ़ती महंगाई के बीच लंबित वित्तीय लाभों का भुगतान जरूरी है। उन्होंने मुख्यमंत्री से 15 अगस्त को शेष एरियर, 60 फीसदी डीए के अनुरूप बकाया राशि और लंबित किस्तें जारी करने की घोषणा करने का आग्रह किया। उनका कहना है कि इससे कर्मचारियों, पेंशनरों और उनके परिवारों को बड़ी आर्थिक राहत मिलेगी।

अघोषित बिजली कट से जुन्गावासी परेशान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। जुन्गा क्षेत्र में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती से आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। तहसीलदार जुन्गा कार्तिकेय शर्मा ने बताया कि जुन्गा तथा आसपास की पंचायतों से प्रतिदिन बिजली आपूर्ति बाधित होने की शिकायतें मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि समस्या के समाधान को लेकर कई बार विद्युत बोर्ड के उच्च अधिकारियों के समक्ष मामला उठाया जा चुका है, लेकिन इसके बावजूद नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित नहीं हो पा रही है। बिजली कटौती से आम लोगों के साथ-साथ सरकारी कार्यालयों का काम भी प्रभावित हो रहा है। तहसील कार्यालयों में भू-राजस्व संबंधी कार्यों के निपटारे में भी बाधा आ रही है। उन्होंने विद्युत बोर्ड के अधिकारियों को बिजली लाइनों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं। विद्युत उपमंडल जुन्गा में विभिन्न श्रेणियों के 21 पद रिक्त होने से बिजली व्यवस्था को सुचारु बनाए रखना चुनौती बन गया है। उपमंडल के तहत 139 विद्युत ट्रांसफार्मरों की देखरेख का जिम्मा महज सात फील्ड कर्मचारियों पर है। यहां कनिष्ठ अभियंता के चार, टी-मेट के 10, एएलएम के तीन तथा वरिष्ठ सहायक और लिपिक के एक-एक पद रिक्त हैं। सेवादार और सफाई कर्मचारी के पद भी खाली हैं। कर्मचारियों की कमी के कारण ट्रांसफार्मर में खराबी आने पर उसे ठीक करने में कई बार 12 घंटे या इससे अधिक समय लग जाता है। सहायक अभियंता ने बताया कि सीमित स्टाफ के बावजूद निर्बाध बिजली आपूर्ति के हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं और रिक्त पदों को भरने का मामला उच्च अधिकारियों के समक्ष उठाया गया है।

शिमला पुलिस ने नशा तस्करों की 2.09 करोड़ की संपत्ति की जब्त

मोहाली से बठिंडा तक जुड़ीं तस्करी की कड़ियां, मुख्य सरगना कर्णी बराड़ गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। शिमला पुलिस ने चिट्टा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई को अब नशे की बरामदगी और आरोपियों की गिरफ्तारी से आगे बढ़ाते हुए तस्करों की आर्थिक कमर तोड़ने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। पुलिस ने बठिंडा निवासी कथित मुख्य सरगना दीपक कुमार उर्फ कर्णी बराड़ और उसके सहयोगियों से जुड़ी करीब 2.09 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की है। कार्रवाई के दायरे में छह लग्जरी वाहन, दो व्यावसायिक संपत्तियां, एक आवासीय मकान और बैंक में जमा राशि शामिल है। पुलिस की यह कार्रवाई इस लिहाज से अहम मानी जा रही है कि जांच में सामने आए नशे के नेटवर्क की कड़ियां शिमला से मोहाली और वहां से बठिंडा तक जुड़ती गईं।

जानकारी के अनुसार मामले की शुरुआत 20 जून 2026 को कनलोग स्थित एक होम स्टे में पुलिस की दबिश से हुई, जहां बठिंडा निवासी गोपाल कुमार को करीब 16 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया गया। जांच आगे बढ़ी तो पुलिस ने कथित पैडलर गुरवचन उर्फ गुरु को मोहाली से गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से तलाशी के दौरान 162 ग्राम चिट्टा बरामद किया। वैज्ञानिक, तकनीकी और मानवीय सूचना के आधार पर जांच को आगे बढ़ाते हुए पुलिस कथित मुख्य सरगना दीपक कुमार उर्फ कर्णी बराड़ तक पहुंची और बठिंडा में संयुक्त कार्रवाई कर उसे गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार बराड़ के खिलाफ पहले भी कई मामले दर्ज हैं और अदालत में तीन मामले विचाराधीन हैं, जिनमें एक मामला एनडीपीएस अधिनियम से संबंधित है।

जांच के दौरान पुलिस ने आरोपियों के बैंक खातों को भी खंगाला। पुलिस के अनुसार कर्णी बराड़ के एक बैंक खाते में महज छह महीने के भीतर करीब 50 लाख रुपये का लेनदेन सामने आया, जबकि इससे पहले खाते में बहुत कम गतिविधि थी। संदिग्ध लेनदेन मिलने के बाद एनडीपीएस अधिनियम के प्रावधानों के तहत वित्तीय जांच शुरू की गई। इसी जांच में करीब 2.09 करोड़ रुपये की संपत्तियों की पहचान हुई। इनमें फॉर्च्यूनर, एंडेवर, टाटा सफारी, जेट्टा, वरना और स्विफ्ट जैसे वाहन, एस-4 स्पोर्ट्स क्लब और एस-4 कार वॉश जैसी व्यावसायिक संपत्तियां, एक मकान तथा बैंक में जमा राशि शामिल है। पुलिस के अनुसार वर्ष 2026 में अब तक शिमला पुलिस नशा तस्करों से जुड़ी करीब 6.48 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त कर चुकी है।

नशे की कमाई पर पुलिस की कार्यवाही होगी तेज: मेहर पंवार

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मेहर पंवार ने बताया कि पुलिस अब नशे के नेटवर्क की अलग-अलग परतों तक पहुंचकर कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि जांच में मोहाली से शिमला तक नशे की आपूर्ति की कड़ियां सामने आई हैं और पुलिस नेटवर्क की पिछली कड़ी तक पहुंचने में सफल रही है। अंतरराष्ट्रीय स्तर के संपर्कों के संबंध में पुलिस का कहना है कि फिलहाल जांच में जिस स्तर तक साक्ष्य मिल रहे हैं, उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के मुताबिक वैज्ञानिक, तकनीकी और मानवीय सूचना के समन्वय से जांच को आगे बढ़ाया जा रहा है और नशे के कारोबार से अर्जित संपत्तियों पर भी कार्रवाई जारी रहेगी।

युवाओं की आवाज दबाना लोकतंत्र के खिलाफ : बिंदल

झारखंड में युवाओं पर कार्रवाई पर राहुल गांधी दें जवाब

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने झारखंड में रोजगार और अपने अधिकारों की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुई कार्रवाई को लेकर कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि रांची में शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगें उठा रहे युवाओं पर लाठीचार्ज, आंसू गैस और वाटर कैनन का इस्तेमाल किया जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। प्रदर्शनकारियों के रास्ते में कंटीले तार लगाए जाने और बल प्रयोग किए जाने की भी शिकायतें सामने आई हैं।

डॉ. बिंदल ने कहा कि यदि युवा रोजगार, भर्ती प्रक्रिया और अपने भविष्य से जुड़े सवाल भी लोकतांत्रिक तरीके से नहीं उठा सकते तो कांग्रेस को स्पष्ट करना चाहिए कि उसके लिए लोकतंत्र की परिभाषा क्या है। उन्होंने कहा कि भाजपा झारखंड के युवाओं और छात्रों के साथ मजबूती से खड़ी है तथा सरकार से उनकी न्यायोचित मांगों का तत्काल समाधान करने की मांग करती है।

राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए डॉ. बिंदल ने कहा कि दिल्ली में छात्रों के प्रदर्शन को लेकर राजनीतिक बयान देने वाले राहुल गांधी को झारखंड के छात्रों की आवाज क्यों सुनाई नहीं देती। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस केवल वहीं छात्र हितों की बात करती है, जहां उसे राजनीतिक लाभ दिखाई देता है, जबकि उसकी सहयोगी सरकार के खिलाफ युवा सड़क पर उतरते हैं तो उसकी संवेदनशीलता गायब हो जाती है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सवाल भी होंगे और उनके जवाब भी देने होंगे, लेकिन केवल मुद्दे बदलकर भ्रम पैदा करना विपक्ष की जिम्मेदारी नहीं हो सकती। राहुल गांधी आरोप लगाते हैं तो उन्हें तथ्यों पर चर्चा का साहस भी दिखाना चाहिए।

हार्ट वाल्व-पेसमेकर दान को राष्ट्रीय अभियान से जोड़े केंद्र सरकार : खन्ना

अनंत ज्ञान

राज्यपाल से भेंट करते अविनाश राय खन्ना।

ब्यूरो, शिमला। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व राज्यसभा सांसद अविनाश राय खन्ना ने हार्ट वाल्व और पेसमेकर दान को नेत्रदान व अंगदान की तर्ज पर देशव्यापी जन-जागरूकता अभियान से जोड़ने की मांग की है। उन्होंने मंगलवार को लोक भवन, शिमला में राज्यपाल कविंद्र गुप्ता से भेंट कर इस संबंध में विस्तृत ज्ञापन सौंपा। खन्ना ने कहा कि महंगे पेसमेकर आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों की पहुंच से बाहर हैं, ऐसे में मृत्यु के बाद उपयोग योग्य पेसमेकर का सुरक्षित और नैतिक पुनः उपयोग कई जरूरतमंदों के लिए जीवनरक्षक साबित हो सकता है।

खन्ना ने केंद्र सरकार से हार्ट वाल्व दान और कार्डियोवैस्कुलर टिश्यू बैंकिंग को मजबूत करने के साथ दान किए गए पेसमेकर के परीक्षण, स्टरलाइजेशन, ट्रेसबिलिटी, मरीज की सहमति और चिकित्सकीय सुरक्षा के लिए स्पष्ट राष्ट्रीय नियामक ढांचा बनाने की मांग की। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को आईसीएमआर, सीडीएससीओ, एनओटीटीओ और प्रमुख हृदय संस्थानों के विशेषज्ञों के परामर्श से राष्ट्रीय दिशा-निर्देश तैयार करने चाहिए।

अश्वनी खड्ड पंप हाउस पर गिरी विशाल शिला

अनंत ज्ञान, ब्यूरो, शिमला। जुन्गा के समीप अश्वनी खड्ड स्थित जल शक्ति विभाग के पंप हाउस पर सोमवार देर रात पहाड़ी से एक विशाल शिला गिरकर मुख्य गेट से जा टकराई। शिला की जोरदार टक्कर से गेट क्षतिग्रस्त हो गया, लेकिन गनीमत रही कि किसी तरह की जनहानि नहीं हुई।

कर्मचारियों के अनुसार शिला की दिशा थोड़ी भी बदलती तो पंप हाउस में स्थापित महत्वपूर्ण मशीनरी को नुकसान पहुंच सकता था। इससे शिमला शहर की पेयजल आपूर्ति भी प्रभावित होने की आशंका थी। रात के समय पंप हाउस में कर्मचारियों की आवाजाही रहती है, ऐसे में हादसा गंभीर रूप ले सकता था। घटना के बाद कर्मचारियों ने पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा उपाय मजबूत करने और संभावित खतरे वाले स्थानों का निरीक्षण करवाने की मांग की है।

खनाशनी में शिक्षा मंत्री ने 15 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों के किए उद्घाटन-शिलान्यास

अनंत ज्ञान

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर लोगों को संबोधित करते हुए। अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने मंगलवार को जुब्बल उपमंडल के दूरदराज खनाशनी क्षेत्र के दौरे के दौरान 15 करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास किए। उन्होंने 5.58 करोड़ रुपए की लागत से उन्नत होने वाली क्वालटा संपर्क सड़क का भूमि पूजन किया तथा 2.10 करोड़ रुपए की लागत से नवनिर्मित पुल का लोकार्पण किया। पुल का निर्माण तीन वर्ष से कम समय में पूरा हुआ है।

इसके अलावा 6.99 करोड़ रुपए की लागत से धानसर संपर्क मार्ग के उन्नयन और करीब 88 लाख रुपये की लागत से झालटा पंचायत के हरोट संपर्क मार्ग के निर्माण का भूमि पूजन किया गया। मंत्री ने कहा कि खनाशनी क्षेत्र में 15 अन्य सड़कों की पासिंग भी की गई है। उन्होंने कहा कि पिछले मानसून में भारी बारिश से क्षतिग्रस्त सड़कों की सेब सीजन से पहले युद्धस्तर पर बहाली करवाई गई। उन्होंने संबंधित विभागों को इस वर्ष भी सड़कें दुरुस्त रखने के निर्देश दिए, ताकि बागवानों को फसल मंडियों तक पहुंचाने में परेशानी न हो।

वहीं, मंत्री ने धानसर में स्वर्गीय विजय सिंह ठाकुर एवं अनिल चौहान मेमोरियल वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने स्थानीय युवक मंडल को 50 हजार रुपए देने की घोषणा की और ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनीं।

शिमला में जनगणना-2027 के दूसरे चरण की तैयारी शुरू

अनंत ज्ञान

डीसी शिमला मीटिंग में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए।

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। जनगणना-2027 के दूसरे चरण की तैयारियों को लेकर जिला शिमला में प्रशिक्षण प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। बचत भवन में डीसी शिमला अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में जिला, उपमंडल और तहसील स्तर के अधिकारियों को जनसंख्या गणना से संबंधित आवश्यक जानकारी एवं दिशा-निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण तीन चरणों में आयोजित किया जा रहा है।

पहला चरण 11 और 12 अगस्त, दूसरा 13 और 14 अगस्त तथा तीसरा 17 से 19 अगस्त तक चलेगा। उपायुक्त ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से जनगणना कार्य को पूरी ईमानदारी, निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ पूरा करने का आह्वान करते हुए कहा कि निर्धारित मानकों के अनुसार प्रत्येक व्यक्ति की सही और पूर्ण जानकारी दर्ज की जाए तथा कोई भी महत्वपूर्ण तथ्य छूटने न पाए।

अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण, 1 से 30 सितंबर तक चलेगा विशेष चरण

बता दें कि हिमाचल प्रदेश की भौगोलिक एवं मौसमी परिस्थितियों को देखते हुए यहां जनसंख्या गणना का कार्य देश के अन्य राज्यों से अलग समय-सारणी के अनुसार किया जाएगा। जिला शिमला में जनसंख्या गणना का विशेष चरण 1 से 30 सितंबर 2026 तक चलेगा, जबकि सामान्य परिस्थितियों में देशभर में जनसंख्या गणना फरवरी 2027 से प्रस्तावित है।

जनगणना का दूसरा चरण अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि इसके माध्यम से जिले की वास्तविक जनसंख्या, परिवारों की संरचना, आयु एवं लिंग, शिक्षा, रोजगार, प्रवास तथा अन्य सामाजिक-आर्थिक पहलुओं से संबंधित अद्यतन आंकड़े जुटाए जाएंगे। इस बार जनगणना प्रक्रिया को डिजिटल तकनीक से संचालित किया जा रहा है, जिससे आंकड़ों के संग्रहण, निगरानी और प्रबंधन में पारदर्शिता एवं दक्षता बढ़ेगी। प्रशिक्षित प्रगणक निर्धारित क्षेत्रों में घर-घर जाकर परिवारों एवं प्रत्येक व्यक्ति की जानकारी दर्ज करेंगे।

बागवानों को नोटिस देकर परेशान कर रही सरकार : बरागटा

100 बोरी से अधिक सेब आपूर्ति की जांच का आदेश वापस लेने और लंबित भुगतान जारी करने की मांग

अनंत ज्ञान

चेतन बरागटा राज्यपाल कविंद्र गुप्ता से मुलाकात करते हुए। अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। भाजपा नेता चेतन बरागटा ने एमआईएस के तहत 100 से अधिक बोरी सेब देने वाले बागवानों को जांच के नाम पर नोटिस जारी करने को लेकर कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बागवानों से आधार, जमाबंदी, ततीमा, आढ़ती की पर्चियां और बैंक स्टेटमेंट मांगे जा रहे हैं। सवाल उठाया कि जब एचपीएमसी ने सेब खरीदा था, तब सत्यापन क्यों नहीं किया गया।

बरागटा ने बताया कि वर्ष 2025 में करीब 45 हजार बागवानों ने एमआईएस के तहत सेब दिया था, जिनमें सात हजार से अधिक की आपूर्ति 100 बोरियों से ज्यादा थी। उन्होंने सरकार से नोटिस पाने वाले बागवानों की संख्या और जांच का आधार सार्वजनिक करने की मांग की। साथ ही एमआईएस का 100 करोड़ रुपए से अधिक लंबित भुगतान तुरंत जारी करने की मांग की।

कलेक्शन सेंटर जल्द शुरू करने की मांग: बरागटा ने कहा कि सेब सीजन शुरू होने के बावजूद कई अधिसूचित कलेक्शन सेंटर पूरी तरह शुरू नहीं हुए हैं। उन्होंने एचपीएमसी के साथ हिमफेड को भी पर्याप्त खरीद केंद्र उपलब्ध करवाने की मांग की। उन्होंने खाद, स्प्रे ऑयल, दवाइयों और कृषि उपकरणों की सब्सिडी समय पर देने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो भाजपा बागवानों के साथ आंदोलन करेगी।

भाजपा ने शिमला ग्रामीण की समस्याओं को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। शिमला ग्रामीण क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग को लेकर भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम सुन्नी को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि क्षेत्र की जनता लंबे समय से सड़क, पुल, परिवहन और बिजली जैसी मूलभूत समस्याओं से परेशान है। ज्ञापन में करीब 45 दिनों से बंद सुन्नी-लुहरी सड़क को 15 अगस्त तक प्राथमिकता के आधार पर बहाल करने की मांग की गई। वहीं, पिछले एक वर्ष से बंद सुन्नी-थली पुल का निर्माण जल्द पूरा करने तथा तब तक लोगों की सुविधा के लिए सुरक्षित अस्थायी पैदल मार्ग उपलब्ध करवाने की मांग उठाई गई।

भाजपा ने बंद एचआरटीसी बस रूटों को तत्काल बहाल करने और बसों की संख्या बढ़ाने के साथ क्षेत्र की पंचायतों में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग भी रखी। प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन से समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो भाजपा क्रमिक धरना शुरू करेगी।

अनंत Classifieds

नाम परिवर्तन

मैं, जमना देवी (Jamna Devi), पत्नी स्वर्गीय श्री पीरू राम (Piru Ram), निवासी ग्राम कुटाहची, डाकघर सुक्कीबाईं, तहसील बल्ह, जिला मंडी, हिमाचल प्रदेश, यह घोषणा करती हूँ कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम गलती से जमुना देवी (Jamuna Devi) दर्ज हो गया है। जबकी मेरा सही नाम जमना देवी (Jamna Devi) है। भविष्य में मुझे मेरे सही नाम जमना देवी से ही जाना जाए।

नाम परिवर्तन

मैं, टीना देवी (उम्र 27 वर्ष) पत्नी श्री चिराग ठाकुर, निवासी नौग्राओं, पोस्ट ऑफिस बस्सी, तहसील चच्योट, जिला मंडी, (हि.प्र.) घोषणा करती हूं कि सभी रिकॉर्ड में मेरा सही नाम 'टीना देवी' दर्ज है। लेकिन आधार कार्ड में मेरा नाम 'टीनू देवी' गलत दर्ज है। अतः आधार कार्ड में अपना नाम 'टीनू देवी' से बदलकर 'टीना देवी' करवाना चाहती हूँ। सभी संबंधित नोट करें।

कार्यालय ग्राम पंचायत सिल्ह
विकास खंड सुरानी, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)
निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2026-2027 हेतु ग्राम पंचायत सिल्ह के विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों के लिए निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदाएँ आमंत्रित करने तथा नियम एवं शर्तें निर्धारित करने वारे । पंचायत बैठक में सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया गया कि आगामी वित्त वर्ष 2026-2027 के दौरान ग्राम पंचायत के विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों हेतु आवश्यक निर्माण सामग्री की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निर्माण सामग्री की निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **सामग्री का विवरण-** 1. रेता धुला- प्रति घन मीटर, 2. रेता दरिया- प्रति घन मीटर, 3. रेता क्रैशर- प्रति घन मीटर, 4. बजरी क्रैशर 10 एमएम -प्रति घन मीटर, 5. बजरी क्रैशर 20 एमएम -प्रति घन मीटर, 6. बजरा दरिया-प्रति घन मीटर, 7. बजरी दरिया 10 एमएम, 20 एमएम-प्रति घन मीटर, 8. बजरा क्रैशर 40 एमएम-प्रति घन मीटर, 9. बोल्डर पत्थर /सोलिंग-प्रति घन मीटर, 10. मिक्सचर मशीन तेल सहित (रेता, बजरी, सीमेंट मिलावट बाली)- अदायगी तकनीकी मूल्यांकन अनुसार प्रति दिन, 11. शैटरिंग लकड़ी (रनिंग निर्माण नाली व डंगों के लिए)-प्रति वर्ग फुट, 12. शटरिंग स्टील प्लेट (रनिंग निर्माण नाली व डंगो के लिए)- प्रति वर्ग फुट, 13. शैटरिंग लकड़ी लेंटर डालना व सरिया बांधना सहित- प्रति वर्ग फुट, 14. शटरिंग स्टील प्लेटलेंटर डालना व सरिया बांधना सहित-प्रति वर्ग फुट, 15. सीमेंट बैंच स्थापना व लिखाई सहित-प्रति बैंच, 16. जे सी बी हैम्बर/ब्रेकर-प्रति घण्टा, 17. पानी का टैंक निर्माण कार्य कार्य स्थल पर लाने व ले जाने के किराये सहित-प्रति दिन, 18. इंटरलॉक टायल 40 एमएम-प्रति टायल, 19. इंटरलॉक टायल 60 एमएम-प्रति टायल, 20. इंटरलॉक टायल 80 एमएम- प्रति टायल, 21. टूटा पत्थर-प्रति पत्थर, 22. ईट, अव्वल, दोयम- प्रति ईट (बाजार दर), 23. सीमेंट ढुलान लोडिंग व अनलोडिंग (मनरेगा) सहित देहरा सिविल सप्लाई से पंचायत घर तक, -प्रति बैग किराया, 24. लोकल माल ढुलाई इत्यादि-प्रति फेरा, 25. निर्माण कार्य सूचना बोर्ड-प्रति बोर्ड। **निविदा की शर्तें एवं नियम** 1. इच्छुक आपूर्तिकर्ता अपनी सीलबंद निविदा दिनांक 17.08.2026 तक ग्राम पंचायत कार्यालय सिल्ह में स्वयं अथवा डाक द्वारा जमा कर सकते हैं। 2. प्राप्त निविदाएँ दिनांक 18.08.2026 को प्रातः 11:30 बजे पंचायत कार्यालय सिल्ह में सभी उपस्थित बोलीदाताओं के समक्ष खोली जाएँगी। 3. निविदा प्रस्तुत करने वाले के पास वैध GST नंबर होना अनिवार्य होगा। 4. निविदा में सभी दरें GST सहित अंकित की जाएँगी। 5. निर्माण सामग्री के प्रत्येक बिल के साथ खनन विभाग का M-Form संलग्न करना अनिवार्य होगा। M-Form प्रस्तुत न करने की स्थिति में नियमानुसार कटौती की जाएगी। 6.रु.30,000/- या उससे अधिक के एकमुश्त बिल अथवा वार्षिक रु.1,00,000/- या उससे अधिक के भुगतान पर नियमानुसार TDS की कटौती की जाएगी। 7. जिस भी निविदा की दरें अनुमोदित होंगी उसके निविदा दाता को रु.10,000/- (दस हजार रुपये) धरोहर राशि के रूप में पंचायत कार्यालय में जमा करवाना अनिवार्य होगा। 8. यदि आपूर्ति की गई सामग्री निर्धारित गुणवत्ता की नहीं पाई जाती अथवा समय पर एवं निर्धारित स्थल तक नहीं पहुंचाई जाती है, तो ग्राम पंचायत को निविदा निरस्त करने तथा धरोहर राशि जब्त करने का पूर्ण अधिकार होगा। 9. निविदा संबंधी किसी भी विवाद का अंतिम निर्णय ग्राम पंचायत का होगा, जो सभी पक्षों पर बाध्यकारी होगा। 10. यह निविदा वित्त वर्ष 2026-2027 के लिए मान्य रहेगी। 11. सामग्री का अंतिम भुगतान संबंधित कार्य के तकनीकी मूल्यांकन तथा अंतिम अनुदान/किस्त प्राप्त होने के उपरांत ही किया जाएगा। **विशेष टिप्पणी:-** यदि भविष्य में इंटरलॉक टाइल अथवा अन्य निर्माण सामग्री के संबंध में राज्य सरकार द्वारा कोई अधिसूचना/निर्देश जारी किए जाते हैं, तो उनकी अनुपालना तत्काल प्रभाव से की जाएगी।

प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत सिल्ह विकास खंड सुरानी, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

कार्यालय ग्राम पंचायत रक्कड़ भेडी
विकास खंड पंचरूखी, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)
निविदा सूचना

विषय - ग्राम पंचायत रक्कड़ भेडी की निविदाएँ (कुटेशन) आमंत्रित करने बारे। यह कि आज की बैठक मैं प्रस्ताब पास हुआ कि ग्राम पंचायत रक्कड़ भेडी हेतु चालू वित वर्ष 2026-27 हेतु कुटेशन ली जानी हैं जिसके लिये जो भी वेंडर अपनी अपनी कुटेशन देना चाहते हैं वह बंद लिफाफे में दिनांक 19-08-2026 तक कार्यालय पंचायत घर रक्कड़ मैं आकर या डाक द्वारा जमा करवा सकते हैं कुटेशन दिनांक 20-08-2026 को सुबह 11 बजे खोली जाएगी कुटेशन GST बाले वेंडर ही दें ।

प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत रक्कड़ भेडी
विकास खंड पंचरूखी, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

कार्यालय ग्राम पंचायत खनी
विकास खंड भरमौर, जिला चंबा (हि.प्र.)
निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 10 अगस्त 2026 को ग्राम पंचायत खणी की बैठक में वर्ष 2026-27 के लिए मनरेगा एंव अन्य सभी मदों में निष्पादित किए जाने वाले विकास कार्यों में प्रयुक्त होने वाली निर्माण सामग्री रेता [प्रति घन मीटर कार्य स्थल पर, पत्थर सप्लाई [प्रति घन मीटर कार्य स्थल पर, बजरी (प्रति घन मीटर) कार्य स्थल पर, शैटरिंग (प्रति फीट तथा सामग्री ढुलान, इंटे प्रति ईट, ऐंगल सरिया ढुलान [प्रति क्विंटल) सीमेन्ट ढुलान [प्रति बैग] वार्ड स्तर पर व interlocking tile निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। अतः इच्छुक व्यक्ति फर्म दिनांक 16-8-2026 को पांच बजे तक कार्यलय ग्राम पंचायत खणी में अपने लैटर पैड पर सील बन्द लिफाफे में पंजीकृत डाक द्वारा व स्वयं पंचायत सचिव ग्राम पंचायत खणी में जमा करवाएं। 16-8-2026 [16 आगस्त 2026] के बाद कोई भी निविदाएँ स्वीकार नहीं की जाएगी और इन निविदाओं को 20-8-2026 की [11.00 बजे कार्यलय पंचायत घर खणी में कमेटी के सामने सार्वजनिक किया जाएगा **नियम व शर्तें** [1] आपूर्तिकर्ता के पास जीएसटी टेंन नम्बर अनिवार्य होगा [2] बिना जी0एस0टी0 पैन नम्बर की निविदा रद्द मानी जाएगी [3] निविदा लिफाफे में पंजीकृत डाक द्वारा या पंचायत सचिव के पास जमा होगी । [4] निर्माण सामग्री की आपूर्ति दिन के समय सुबह 10 बजे से 5 बजे तक मान्य होगी ताकि वस्तु की मात्रा व गुणवत्ता की जांच हो सके । [5] निर्माण सामग्री मंगवाने के एक सप्ताह के भीतर पहुंचानी होगी [6] सामग्री की आपूर्ति कार्य स्थल पर ली जाएंगी तथा उसका भुगतान कनिष्ठ अभियंता, तकनीकी सहायक के मुल्यांकन के बाद किया जाएगा [7] आपूर्ति कर्ता के पंचायत के पास एक लाख रुपये की धरोहर राशी प्लज बनाकर जमा करवाना अनिवार्य होगा [8] आपूर्ति कर्ता को अपना जीएसटी नं. आधार कार्ड, बैंक खाता कापी जामा करवाने होंगे ।

प्रधान / सचिव ग्राम पंचायत खणी
विकास खण्ड भरमौर जिला चंबा [हि.प्र]

कार्यालय ग्राम पंचायत मैहनी विकास खंड सदर मंडी, जिला मंडी (हि0प्र0)-175124
निविदा आमन्त्रित सुचना

कार्यालय ग्राम पंचायत मैहनी विकास खंड सदर मंडी, जिला मंडी मे आवशयकता अनुसार समय-समय पर वित् वर्ष 2026-27 में विकास कार्यों के निष्पादन हेतु निम्न निर्माण सामग्रियों की आपूर्ति हेतु प्रतिष्ठित / अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएँ दिनांक 25-08-2026 तक दोपहर 1 बजे तक पंचायत कार्यालय में स्वीकार की जाएँगी व् दिनांक 27-08-2026 को प्रातः 11:00 बजे निविदादाताओं या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय मैहनी में खोली जाएँगी।

क्रम संख्या	सामग्री का विवरण	मात्रा जिसमे मूल्य वांछित है	क्रम संख्या	सामग्री का विवरण	मात्रा जिसमे मूल्य वांछित है
1	रेत दरिया	प्रति घन मीटर	8	PVC पाइप	प्रति Running मीटर
2	रेत क्रशर	प्रति घन मीटर	9	ईंटें	प्रति 1000
3	बजरी 20m दरिया/कन्सा	प्रति घन मीटर	10	सेटिंग	प्रति वर्ग फूट
4	बजरी 20mm क्रशर	प्रति घन मीटर	11	JCB द्वारा कटिंग	प्रति घंटा
5	बजरी 40mm क्रशर	प्रति घन मीटर	12	सीमेंट ढलवान जीप / अन्य वाहन द्वारा	प्रति बैग
6	बजरी 40mm दरिया / कन्सा	प्रति घन मीटर	13	पेवर	प्रति पेवर
7	सोलिंग / बोल्डर पत्थर	प्रति घन मीटर	14	सुचना बोर्ड	प्रति बोर्ड
			15	JCB ब्रेकर	प्रति घंटा
			16	Plant	Per No

शर्तें :-

1.) निविदादाता का अपना पंजीकरण, पैन संख्या, GST नम्बर होना आवश्यक है। 2.) ठेकेदार / आपूर्ति कर्ता को खनन विभाग द्वारा हस्ताक्षरित M-Form जमा करवाने होंगे M-Farm उपलब्ध न करवाने की स्थिति में सामग्री सम्बन्धी रायल्टी वर्तमान में 60 रु0 प्रति घन मीटर के हिसाब से काटी जाएगी। 3.) सभी करों का लेनदेन सरकार के प्रावधानों अनुसार होगा। 4.) पारित निविदादाता को मु0 25,000/ रुपये धरोहर/सुरक्षित राशी के रूप में ग्राम पंचायत के पास जमा करवाने होंगे 5.) ग्राम पंचायत में समस्त क्षेत्र का एक ही मूल्यदेय होगा व् अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी 6.) निविदादाता यदि सामग्री आपूर्ति समयनुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय की दी हुई सामग्री की देय राशी का भुक्तान नहीं किया जायेगा न ही अग्रिम सुरक्षित राशी वापिस की जाएगी। 7.) किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने, दरें समान रहने की स्थिति में एक या एक से निविदादाता के लिए आदेश निर्गत करने तथा सामग्री गुणवता के चयन का पूरण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहगा तथा ग्राम पंचायत को निविदाएँ किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार रहेगा। 8) निविदाएँ खुलने के पश्चात उपरोक्त सामग्री दरों को विभाग द्वारा तैयार की गई Justification व् निविदादाता के साथ negotiation के उपरांत अंतिम रूप दिया जायेगा।

प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत मैहनी
विकास खंड सदर, जिला मण्डी (हि0प्र0)

कार्यालय ग्राम पंचायत जखोटा
विकास खंड सुरानी, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)
निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2026-2027 हेतु ग्राम पंचायत के विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों के लिए निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदाएँ आमंत्रित करने तथा नियम एवं शर्तें निर्धारित करने वारे । पंचायत बैठक में सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया गया कि आगामी वित्त वर्ष 2026-2027 के दौरान ग्राम पंचायत जखोटा के विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों हेतु आवश्यक निर्माण सामग्री की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निर्माण सामग्री की निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **सामग्री का विवरण-** 1. रेता धुला- प्रति घन मीटर, 2. रेता दरिया- प्रति घन मीटर, 3. रेता क्रैशर- प्रति घन मीटर, 4. बजरी क्रैशर 10 एमएम -प्रति घन मीटर, 5. बजरी क्रैशर 20 एमएम -प्रति घन मीटर, 6. बजरा दरिया-प्रति घन मीटर, 7. बजरी दरिया 10 एमएम, 20 एमएम-प्रति घन मीटर, 8. बजरा क्रैशर 40 एमएम-प्रति घन मीटर, 9. बोल्डर पत्थर /सोलिंग-प्रति घन मीटर, 10. मिक्सचर मशीन तेल सहित (रेता, बजरी, सीमेंट मिलावट बाली)- अदायगी तकनीकी मूल्यांकन अनुसार प्रति दिन, 11. शैटरिंग लकड़ी (रनिंग निर्माण नाली व डंगों के लिए)-प्रति वर्ग फुट, 12. शटरिंग स्टील प्लेट (रनिंग निर्माण नाली व डंगो के लिए)- प्रति वर्ग फुट, 13. शैटरिंग लकड़ी लेंटर डालना व सरिया बांधना सहित- प्रति वर्ग फुट, 14. शटरिंग स्टील प्लेटलेंटर डालना व सरिया बांधना सहित-प्रति वर्ग फुट, 15. सीमेंट बैंच स्थापना व लिखाई सहित-प्रति बैंच, 16. जे सी बी हैम्बर/ब्रेकर-प्रति घण्टा, 17. पानी का टैंक निर्माण कार्य कार्य स्थल पर लाने व ले जाने के किराये सहित-प्रति दिन, 18. इंटरलॉक टायल 40 एमएम-प्रति टायल, 19. इंटरलॉक टायल 60 एमएम-प्रति टायल, 20. इंटरलॉक टायल 80 एमएम- प्रति टायल, 21. टूटा पत्थर-प्रति पत्थर, 22. ईट, अव्वल, दोयम- प्रति ईट (बाजार दर), 23. सीमेंट ढुलान लोडिंग व अनलोडिंग (मनरेगा) सहित देहरा सिविल सप्लाई से पंचायत घर तक, -प्रति बैग किराया, 24. लोकल माल ढुलाई इत्यादि-प्रति फेरा, 25. निर्माण कार्य सूचना बोर्ड-प्रति बोर्ड। **निविदा की शर्तें एवं नियम** 1. इच्छुक आपूर्तिकर्ता अपनी सीलबंद निविदा दिनांक 19.08.2026 तक ग्राम पंचायत कार्यालय जखोटा में स्वयं अथवा डाक द्वारा जमा कर सकते हैं। 2. प्राप्त निविदाएँ दिनांक 20.08.2026 को प्रातः 11:30 बजे पंचायत कार्यालय जखोटा में सभी उपस्थित बोलीदाताओं के समक्ष खोली जाएँगी। 3. निविदा प्रस्तुत करने वाले के पास वैध GST नंबर होना अनिवार्य होगा। 4. निविदा में सभी दरें GST सहित अंकित की जाएँगी। 5. निर्माण सामग्री के प्रत्येक बिल के साथ खनन विभाग का M-Form संलग्न करना अनिवार्य होगा। M-Form प्रस्तुत न करने की स्थिति में नियमानुसार कटौती की जाएगी। 6.रु.30,000/- या उससे अधिक के एकमुश्त बिल अथवा वार्षिक रु.1,00,000/- या उससे अधिक के भुगतान पर नियमानुसार TDS की कटौती की जाएगी। 7. जिस भी निविदा की दरें अनुमोदित होंगी उसके निविदा दाता को रु.10,000/- (दस हजार रुपये) धरोहर राशि के रूप में पंचायत कार्यालय में जमा करवाना अनिवार्य होगा। 8. यदि आपूर्ति की गई सामग्री निर्धारित गुणवत्ता की नहीं पाई जाती अथवा समय पर एवं निर्धारित स्थल तक नहीं पहुंचाई जाती है, तो ग्राम पंचायत को निविदा निरस्त करने तथा धरोहर राशि जब्त करने का पूर्ण अधिकार होगा। 9. निविदा संबंधी किसी भी विवाद का अंतिम निर्णय ग्राम पंचायत का होगा, जो सभी पक्षों पर बाध्यकारी होगा। 10. यह निविदा वित्त वर्ष 2026-2027 के लिए मान्य रहेगी। 11. सामग्री का अंतिम भुगतान संबंधित कार्य के तकनीकी मूल्यांकन तथा अंतिम अनुदान/किस्त प्राप्त होने के उपरांत ही किया जाएगा। **विशेष टिप्पणी:-** यदि भविष्य में इंटरलॉक टाइल अथवा अन्य निर्माण सामग्री के संबंध में राज्य सरकार द्वारा कोई अधिसूचना/निर्देश जारी किए जाते हैं, तो उनकी अनुपालना तत्काल प्रभाव से की जाएगी।

प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत जखोटा विकास खंड सुरानी, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

नेशनल हाईवे-305 पर चलती गाड़ी पर गिरा मलबा, दो घायल

पत्थरों के नीचे दबी गाड़ी, स्थानीय लोगों ने दोनों को सुरक्षित निकाला

◆ **आनी में जगह-जगह पहाड़ी से लगातार गिर रहे पत्थरों ने बढ़ाई चिंता**

अनंत ज्ञान

किरण बाजार और बराड़ के बीच पहाड़ी से गिरा मलबा।

जितेंद्र गुप्ता, आनी। नेशनल हाईवे-305 पर आनी कस्बे से करीब 600 मीटर दूर किरण बाजार और बराड़ के बीच मंगलवार को पहाड़ी से अचानक मलबा और बड़े पत्थर सड़क से गुजर रही एक गाड़ी पर आ गिरे।

मलबे की चपेट में आने से गाड़ी पत्थरों के नीचे दब गई। हादसे के समय वाहन में चालक पदम् ठाकुर पुत्र गुमत राम (53) निवासी दोगरी (आनी) एवं अब्दुल रहमान (32) निवासी दोगरी मोड़ (आनी) समेत दो लोग सवार थे। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया और दोनों सवारों को वाहन से बाहर निकाला। वहीं इसकी सूचना पुलिस को दी गयी, जिसके तुरंत बाद पुलिस और 108 एंबुलेंस सेवा मौके पर पहुंच गई। हादसे में दोनों सवारों को गंभीर चोटें आई और दोनों घायलों को उपचार के लिए तुरंत सिविल अस्पताल आनी ले जाया गया है। जहां से दोनों को रामपुर के खनेरी स्थित जोनल अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

दोनों की हालत स्थिर बताई जा रही है। वहीं एसडीएम आनी लक्ष्मण कनेट ने बताया कि घायलों के परिजनों को 5-5 हजार रुपयों की फौरी राहत प्रदान की गई है। वहीं आनी के नए बस अड्डे के समीप भी पहाड़ी पर से एनएच 305 से गिरे पत्थरों ने बस अड्डे के बाहर खड़ी दो टैक्सियों को नुकसान पहुंचाया, जबकि किरण बाजार और खोबड़ा पुल के बीच पहाड़ी से बड़े बड़े पत्थरों के गिरने से राह चलती एक महिला बाल बाल बच गयी। लोगों ने प्रशासन, लोक निर्माण विभाग और एनएच विभाग से समय रहते एहतियातन कदम उठाने की गुहार लगाई है। एसडीएम आनी लक्ष्मण कनेट का कहना है कि वे सम्बंधित विभागों को जरूरी निर्देश जारी कर्ड देंगे।

बामतट मार्ग पर अलेउ में कछुआ गति से चल रहा कलवर्ट का काम, जाम में फंस रहे वाहन

◆ **12 दिन से चल रहा निर्माण कार्य, यात्री और पर्यटक परेशान**

अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान मुद्दा

एम बोकटापा, मनाली। लोक निर्माण मंत्री के बामतट मार्ग का निरीक्षण करने के बाद लोगों को उम्मीद जगी थी कि सड़क की हालत जल्द सुधरेगी।

28 जुलाई को विक्रमादित्य ने अलेउ पेट्रोल पंप के जलमग्न सड़क को देखकर नाराजगी जाहिर की थी और विभाग को जल्द ठीक करने का निर्देश भी दिया था। मंत्री के निर्देश के बाद कुल्लू-मनाली वामतट मार्ग पर अलेउ में पिछले करीब 12 दिन से कलवर्ट निर्माण का कार्य भी शुरू कर दिया, लेकिन जिस गति से कार्य चल रहा है उसे देखते हुए लगता है कि पर्यटन सीजन के बाद अब सेब सीजन में भी स्थानीय लोगों की परेशानी दूर होने वाली नहीं है।

सड़क पर बार-बार जाम लगने से यात्री और पर्यटक घंटों तक जाम में फंस रहे हैं। सेब सीजन में यहां पर बड़े वाहनों की आवाजाही भी अधिक रहेगी ऐसे में सिंगल लेन होने से यातायात व्यवस्था चरमरा सकती है । अलेउ में सड़क के एक हिस्से में कलवर्ट लगाया जा रहा है। निर्माण के दौरान कलवर्ट में रोजाना पानी भरने से काम करना भी मुश्किल हो रहा है। वर्तमान में सड़क के आधे हिस्से में कलवर्ट का निर्माण किया जा रहा है। इस हिस्से का काम पूरा होने के बाद सड़क के शेष हिस्से में भी कलवर्ट लगाया जाएगा। स्थानीय लोगों और वाहन चालकों का कहना है कि वामतट मार्ग मनाली आने-जाने के लिए महत्वपूर्ण सड़क है। ऐसे में निर्माण कार्य जल्द पूरा किया जाना जरूरी है, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारु हो सके और लोगों को जाम से राहत मिल सके। लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता आकाश सूद ने बताया कि कलवर्ट निर्माण में आरसीसी का कार्य होने के कारण समय लग रहा है। उन्होंने कहा कि विभाग की ओर से कलवर्ट बनाने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है और जल्द से जल्द इसे पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है।

मंडलगढ़ पंचायत के शिम गांव में सड़क किनारे रास्तों और नालियों से हटाया कूड़ा-कचरा

◆ **लोगों ने की वार्ड पंच मेघा नेगी की पहल की सराहना**

अनंत ज्ञान

पतलीकूहल। मंडलगढ़ पंचायत के अंतर्गत आने वाले शिम गांव में मंगलवार को नवनिर्वाचित वार्ड पंच मेघा नेगी ने स्वच्छता अभियान चलाकर ग्रामीणों के सामने जिम्मेदारी और सेवा की मिसाल पेश की। गांव को स्वच्छ रखने की पहल करते हुए उन्होंने स्वयं जिम्मेदारी संभाली और अपने खर्चे पर मजदूर लगाकर सड़क से सटे रास्तों तथा नालियों की सफाई करवाई। नालियों में लोगों द्वारा फेंके गए कूड़ा-कचरे को भी हटाया गया। वार्ड पंच की इस पहल की ग्रामीणों ने जमकर सराहना की। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत के प्रत्येक वार्ड में ऐसे सक्रिय और जिम्मेदार प्रतिनिधि होने चाहिए, जो केवल समस्याएं उठाने के बजाय उनके समाधान के लिए स्वयं भी पहल करें। लोगों के अनुसार वार्ड पंच बनने के बाद मेघा नेगी ने शिम गांव में कई अन्य सराहनीय कार्य भी किए हैं।

मेघा नेगी ने कहा कि गांव में स्वास्थ्य, शिक्षा और स्वच्छता को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे खुले में कूड़ा-कचरा न फेंकें और सूखे तथा गीले कचरे को अलग-अलग रखें। इससे कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों को भी कचरा एकत्र करने और उसके उचित निपटारे में सुविधा होगी। ग्रामीणों ने मेघा नेगी की इस नेक और निस्वार्थ पहल की सराहना करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों की ऐसी सक्रियता से गांव के विकास और स्वच्छता को नई दिशा मिलती है।

नालडा के डॉ. मनमोहन सिंह बने एएसपी कुल्लू, लाहौल का बढ़ाया मान

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। हिमालय की दुर्गम वादियों में बसे लाहौल के छोटे से गांव नालडा से निकलकर अपनी कर्मठता, अनुशासन और समर्पण के बल पर पुलिस सेवा में पहचान बनाने वाले डॉ. मनमोहन सिंह को अब कुल्लू जिले की सुरक्षा व्यवस्था की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। हिमाचल प्रदेश सरकार ने एचपीपीएस 2008 बैच के अधिकारी डॉ. मनमोहन सिंह को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, कुल्लू के पद पर नियुक्त किया है।

सरकार की ओर से जारी आदेशों के अनुसार डॉ. मनमोहन सिंह इससे पहले साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन, मंडी में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के रूप में सेवाएं दे रहे थे। अब उन्हें कुल्लू स्थानांतरित करते हुए जिले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक का दायित्व सौंपा गया है। डॉ. मनमोहन सिंह की नई नियुक्ति केवल एक प्रशासनिक दायित्व में बदलाव नहीं, बल्कि लाहौल के लिए भी गौरव का विषय मानी जा रही है। सीमित संसाधनों और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों वाले लाहौल से निकलकर उन्होंने पुलिस सेवा में जिस तरह अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया है, वह क्षेत्र के युवाओं के लिए मेहनत, अनुशासन और निरंतर प्रयास की प्रेरणादायक मिसाल है। साइबर अपराध के क्षेत्र में कार्य करने का उनका अनुभव भी कुल्लू जैसे महत्वपूर्ण पर्यटन जिले के लिए उपयोगी साबित हो सकता है। बदलते समय के साथ अपराध की प्रकृति में आ रहे बदलावों के बीच तकनीकी दक्षता और आधुनिक पुलिसिंग का अनुभव कानून-व्यवस्था को और प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।नालडा गांव से जुड़े डॉ. मनमोहन सिंह की कुल्लू में नई जिम्मेदारी से लाहौल-स्पीति में भी खुशी और गर्व का वातावरण है। उनकी नियुक्ति यह संदेश देती है कि हिमालय के दूरस्थ गांवों से निकली प्रतिभा भी अपनी क्षमता और कर्तव्यनिष्ठा के बल पर प्रदेश की महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों तक पहुंच सकती है।

नागरिक अस्पताल में बुनियादी सुविधाओं का अभाव, मरीज परेशान

◆ **सीपीआई (एम) ने दी आंदोलन की चेतावनी**

अनंत ज्ञान

पतलीकूहल। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) नगर ब्लॉक कमेटी ने स्थानीय नागरिक अस्पताल में बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं और बुनियादी सुविधाओं के अभाव को लेकर गंभीर चिंता जताई है। पार्टी के जिला कमेटी सदस्य व नगर इकाई के सचिव तारा चंद ने कहा है कि वर्तमान समय में अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि अस्पताल के भीतर मरीजों को मूलभूत सुविधाएं तक मयस्सर नहीं हैं। अस्पताल की एक्स-रे मशीन काफी पुरानी हो चुकी है, जिसके चलते मरीजों को मजबूरन बाहर निजी स्वास्थ्य संस्थानों से महंगे दामों पर एक्स-रे करवाने पड़ रहे हैं।

इसके अलावा, अस्पताल के भीतर डेंटल चेयर लंबे समय से खराब पड़ी है जिसे अभी तक बदला नहीं गया है, जिससे डॉक्टरों को मरीजों के उपचार में भारी दिक्कत आ रही है और बिना उपकरणों के इलाज से मरीजों की जान भी जोखिम में पड़ रही है। अस्पताल में डॉक्टरों के सुचारू रूप से उपलब्ध न होने के कारण मरीजों को इलाज के लिए बार-बार अस्पताल के चक्कर काटने पड़ रहे हैं।अस्पताल में साफ-सफाई की व्यवस्था भी पूरी तरह चरमरा गई है; शौचालयों की नियमित सफाई नहीं हो रही है और भवन के बाहर की सभी निकास नालियां पूरी तरह बंद पड़ी हैं।

साथ ही, विभिन्न डॉक्टरों और अन्य मेडिकल स्टाफ के कई पद रिक्त पड़े होने के कारण क्षेत्र की जनता को भारी समस्याओं से जूझना पड़ रहा है।इन तमाम गंभीर समस्याओं के मद्देनजर सीपीआई (एम) ने सरकार और प्रशासन से मांग की है कि नागरिक अस्पताल की व्यवस्थाओं को तुरंत दुरुस्त किया जाए। पार्टी ने कड़े शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो पार्टी क्षेत्र की जनता को साथ लेकर उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी सरकार और प्रशासन की होगी।

सेवानिवृत्त कानूनगो एवं पटवारियों के पुनर्नियोजन के लिए आवेदन की तिथि बढ़ाई

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। जीएचएनपी सर्किल शमशी में सेवानिवृत्त कानूनगो एवं पटवारियों के पुनर्नियोजन के लिए आवेदन की तिथि बढ़ाकर 31 अगस्त की गई। ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क (जीएचएनपी) सर्किल शमशी के तहत जीएचएनपी डिवीजन शमशी एवं वन्यजीव प्रभाग कुल्लू में रिक्त पदों को भरने के लिए सेवानिवृत्त एक कानूनगो एवं दो पटवारियों के पुनर्नियोजन के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदक की आयु 20 जुलाई को 65 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए तथा हिमाचल प्रदेश राजस्व विभाग में सेवानिवृत्ति से पूर्व कम से कम पांच वर्ष का सेवा अनुभव होना आवश्यक है। साथ ही किसी भी प्रकार की विभागीय अथवा अनुशासनात्मक कार्रवाई लंबित नहीं होनी चाहिए। चयनित कानूनगो को 50 हजार तथा पटवारी को 40 हजार प्रतिमाह मानदेय प्रदान किया जाएगा। पुनर्नियोजन प्रारंभिक रूप से एक वर्ष के लिए होगा, जिसे आवश्यकता एवं कार्य प्रदर्शन के आधार पर बढ़ाया जा सकता है। इच्छुक पात्र अभ्यर्थी निर्धारित आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों सहित 31 अगस्त , 2026 सायं 5:00 बजे तक कार्यालय, वन संरक्षक, जीएचएनपी सर्किल शमशी में जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्र कार्यालय, वन संरक्षक जीएचएनपी सर्किल शमशी अथवा प्रभागीय वन अधिकारी, वन्यजीव प्रभाग कुल्लू से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है। अपूर्ण अथवा अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। अधिक जानकारी के दूरभाष नंबर 01902-265320 पर संपर्क कर सकते हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल से मिले बंजार भाजपा के कार्यकर्ता

अनंत ज्ञान

◆ **धूमल बोले- कुल्लू बंजार से बेहद लगाव है मेरा**

सैंज। प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल से बंजार भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने उनके आवास समीरपुर में मुलाकात की। कार्यकर्ताओं ने उनका सम्मान कर मार्गदर्शन और आशीर्वाद प्राप्त किया। आत्मीय भेंट के दौरान धूमल ने कहा कि कुल्लू जिले और विशेषकर बंजार क्षेत्र से उनका पुराना व गहरा लगाव रहा है।

उन्होंने 12 दिसंबर 1999 को सैंज में पार्वती जल विद्युत परियोजना के शिलान्यास समारोह की याद साझा करते हुए बताया कि तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने जनसभा में प्रदेश के लिए 400 करोड़ रुपए के आर्थिक पैकेज की घोषणा की थी। उन्होंने बताया कि वाजपेयी ने प्रोटोकॉल से हटकर भुंतर से सैंज तक करीब 80 किलोमीटर का सफर छोटी गाड़ी में किया था।

धूमल ने बंजार भाजपा के पुराने साथियों सहित पूर्व मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश ठाकुर, चुन्नीलाल ठाकुर, झाबे राम ठाकुर, रविंद्र पाल रव्वू और देवराज त्यागी सहित अन्य कार्यकर्ताओं का हालचाल जाना। पूर्व जिला मीडिया प्रभारी बाल कृष्ण शर्मा ने कहा कि धूमल के कार्यकाल में बंजार में डिग्री कॉलेज, बस स्टैंड, जलविद्युत परियोजनाओं सहित सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन और परिवहन क्षेत्र में कई विकास कार्य हुए। धूमल ने कार्यकर्ताओं को एकजुट रहकर संगठन और जनता के बीच सक्रियता से कार्य करने का संदेश दिया।

बारिश से सड़कें बंद हुईं तो फंस जाएगी बागवानों की मेहनत

सेब सीजन ने दी दस्तक, लाहौल में भी सब्जियों की आवक शुरू

अनंत ज्ञान

मोहन कपूर, पतलीकूहल। मानसून की लगातार बारिश के बीच कुल्लू-मनाली घाटी में सेब सीजन ने दस्तक दे दी है। आने वाले दिनों में बागवानों की फसल मंडियों तक पहुंचाने के लिए सड़कों पर वाहनों की आवाजाही बढ़ने वाली है। ऐसे में बारिश के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग और ग्रामीण संपर्क मार्ग बंद होने का खतरा बागवानों और किसानों की चिंता बढ़ा रहा है। कुल्लू-मनाली की अर्थव्यवस्था में बागवानी और कृषि की अहम भूमिका है। सेब सीजन के दौरान सैकड़ों वाहन रोजाना फसल लेकर पतलीकूहल, बंदरोल और अन्य मंडियों की ओर रवाना होते हैं। बागवान पहले ही मौसम की मार, कम उत्पादन और बढ़ती लागत से परेशान हैं। अब उन्हें डर है कि कहीं भूस्खलन, डंगे टूटने या नालों के उफान के कारण सड़कें बाधित हुईं तो तैयार फसल समय पर मंडियों तक नहीं पहुंच पाएगी।

सड़कें बंद हुईं तो बढ़ेगा नुकसान: पिछले वर्षों में भारी बारिश के दौरान कई स्थानों पर भूस्खलन, सड़क धंसने और डंगे टूटने से यातायात प्रभावित हुआ है। सेब सीजन के दौरान सड़क बंद होने से वाहनों के घंटों फंसने का खतरा रहता है। इससे बागवानों की फसल की गुणवत्ता प्रभावित होने के साथ आर्थिक नुकसान भी हो सकता है। उधर, लाहौल घाटी में भी ब्रोकली, मटर और फूलगोभी जैसी सब्जियों का सीजन शुरू हो चुका है और फसल बाहरी राज्यों की मंडियों तक भेजी जा रही है। सब्जियां जल्दी खराब होने वाली फसल होने के कारण सड़क संपर्क बाधित होने से किसानों को सीधे आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।

संवेदनशील स्थानों पर मशीनरी की मांग

लगातार बारिश के बीच स्थानीय लोगों और बागवानों ने प्रशासन से संवेदनशील स्थानों पर निगरानी बढ़ाने की मांग की है। उन्होंने जेसीबी व अन्य मशीनरी तैयार रखने तथा नालों और पुलियों की सफाई सुनिश्चित करने का आग्रह किया। लोगों ने कहा कि सड़कें बंद होने से मरीजों, विद्यार्थियों और बागवानों को परेशानी होती है। उन्होंने संबंधित विभागों में बेहतर समन्वय और आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई की मांग की।

बाढ़ का खतरा भी बरकरार

मानसून के दौरान व्यास नदी सहित अन्य नदी-नालों का जलस्तर बढ़ने से बाढ़ का खतरा भी बना रहता है। निचले क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के साथ-साथ सड़क किनारे और नदी-नालों के समीप स्थित बागवानों व किसानों को भी मौसम पर नजर बनाए रखनी पड़ रही है।

बागवानों को सड़कों के खुले रहने की उम्मीद

इस बार बागवानों और किसानों को उम्मीद है कि बरसात पर्याप्त होगी, लेकिन बारिश के बावजूद सड़कें खुली रहेंगी और उनकी मेहनत सुरक्षित मंडियों तक पहुंचेगी। सेब और सब्जियों का सीजन शुरू होने के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में चिंता भी बढ़ गई है। भारी बारिश से सड़कें बाधित होने पर किसानों-बागवानों को उपज मंडियों तक पहुंचाने में परेशानी हो सकती है। ऐसे में सभी की निगाहें मौसम के साथ राष्ट्रीय राजमार्गों और संपर्क मार्गों की स्थिति पर टिकी हैं। किसानों का कहना है कि समय पर फसल मंडियों तक पहुंचना उनकी आमदनी के लिए बेहद जरूरी है।

लाहौल-स्पीति में 21 को अग्निवीर भर्ती रैली

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग। सहायक उपायुक्त लाहौल एवं स्पीति कुनिका ऐकर्स ने बताया कि लद्दाख स्काउट्स रेजिमेंटल सेंटर द्वारा यूनिट हेडक्वार्टर कोटा के तहत अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन 21 अगस्त को स्टिंगरी, केलांग में किया जाएगा। यह भर्ती रैली जिला लाहौल एवं स्पीति के पात्र युवाओं के लिए भारतीय सेना में अग्निवीर के रूप में सेवा करने का महत्वपूर्ण अवसर है। भर्ती रैली में जिले के पात्र अविवाहित पुरुष अभ्यर्थी भाग ले सकेंगे। भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से योग्य अभ्यर्थियों को लद्दाख स्काउट्स रेजिमेंट में अग्निवीर के रूप में देश सेवा का अवसर प्राप्त होगा। उन्होंने जिले के पात्र युवाओं से आह्वान किया कि वे इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं तथा निर्धारित तिथि को आवश्यक दस्तावेजों के साथ भर्ती रैली में उपस्थित होकर अपना भविष्य संवारने की दिशा में कदम बढ़ाएं। उन्होंने युवाओं से अपील की कि भारतीय सेना में सेवा करने के इस गौरवपूर्ण अवसर का लाभ उठाते हुए भर्ती रैली में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें।

जनजातीय मेले से पहले 13 को लाहौल-स्पीति में चलेगा स्वच्छता अभियान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग। राज्य स्तरीय जनजातीय मेला-2026 के आयोजन से पूर्व लाहौल-स्पीति जिला प्रशासन द्वारा 13 अगस्त को स्वच्छता अभियान आयोजित किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य जिले के गांवों एवं विभिन्न सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति लोगों में जागरुकता पैदा करना है। अभियान के तहत सांगमा लाहौल डेमो लाहौल थीम के अंतर्गत न्यू सर्किट हाउस से दुर्गा माता मंदिर तक तथा पंचायत स्तर पर विभिन्न स्थानों में स्वच्छता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। अभियान में स्थानीय लोगों, महिला मंडलों, स्वयं सहायता समूहों, युवक मंडलों, पंचायत प्रतिनिधियों तथा विभिन्न विभागों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी इस दौरान सार्वजनिक स्थलों, सड़क किनारों एवं आसपास के क्षेत्रों में सफाई की जाएगी तथा कचरे का उचित निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। लोगों से प्लास्टिक एवं अन्य कचरा खुले में न फेंकने तथा अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने की अपील की जाएगी। जिला प्रशासन ने आम जनता से इस स्वच्छता अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान करते हुए कहा कि स्वच्छ गांव, स्वच्छ पर्यावरण और स्वच्छ लाहौल-स्पीति सामूहिक प्रयासों से ही संभव है। स्वच्छता न केवल हमारी जिम्मेदारी है, बल्कि यह हमारी संस्कृति, प्रकृति और आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारा दायित्व भी है। अभियान से संबंधित अधिक जानकारी के लिए 88944 84488 पर संपर्क किया जा सकता है।

स्पर्धा सब-जूनियर राज्य जूडो प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

कुल्लू के खिलाड़ियों ने जीते 18 पदक

अनंत ज्ञान

विजेता खिलाड़ी प्रशिक्षकों के साथ। अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। शिमला में आयोजित हिमाचल प्रदेश सब-जूनियर राज्य जूडो प्रतियोगिता में जिला कुल्लू के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 18 पदक अपने नाम किए। इनमें छह स्वर्ण, पांच रजत और सात कांस्य पदक शामिल हैं। प्रतियोगिता में जिला कुल्लू के 49 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

मिनी जूनियर वर्ग में अरशी शर्मा ने 26 किलोग्राम, नव्या शर्मा ने 24 किलोग्राम, ऋतिक ठाकुर ने 25 किलोग्राम और रोहित ने 30 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। अद्विका ने 28, उत्कर्ष ने 35 और धर्मेश ने 40 किलोग्राम में रजत पदक हासिल किया। इनाया चौहान ने 32 और अविश ठाकुर ने 30 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीता। सब-जूनियर वर्ग में मानवी जोशी ने 52 किलोग्राम और स्टैंजिन न्यिनाथ ने 57 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। समर ठाकुर ने 40 और रुपाली जोशी ने 40 किलोग्राम में रजत पदक जीता। कार्तिक ने 55, स्टैंजिन राफुल ने 55, समीर ने 45, कार्तिकेय ने 50 और वंशिका ने 36 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया। जिला कुल्लू जूडो संघ के अध्यक्ष रणवीर ठाकुर ने खिलाड़ियों की उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि 49 खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेना और 18 पदक जीतना जिले के लिए गर्व की बात है। उन्होंने सभी पदक विजेताओं, प्रशिक्षकों और अभिभावकों को बधाई दी। उन्होंने संयुक्त सचिव रितिन पठानिया और संघ सदस्य जस्मिन ठाकुर के प्रयासों की विशेष सराहना की। उन्होंने बताया कि दोनों ने एलएमएस केलहेली में प्रशिक्षण शिविर लगाकर खिलाड़ियों को लगातार अभ्यास करवाया। तकनीक, फिटनेस और खेल कौशल पर की गई मेहनत का परिणाम पदकों के रूप में सामने आया। संघ के चेयरमैन करतार सिंह गुलरिया ने भी खिलाड़ियों को बधाई दी। उपाध्यक्ष रमेश कुमार, सत्यपाल ठाकुर, सोनू कुमार, महासचिव विपिन चंदेल सहित अन्य पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

फसलों का बीमा करने की अंतिम तिथि 15 अगस्त

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। कृषि उपनिदेशक कुल्लू ऋतु गुप्ता ने बताया कि प्रदेश कृषि विभाग ने खरीफ 2026 की फसलों के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। जिला कुल्लू में किसान मक्की और धान की फसलों का बीमा करवा सकते हैं। दोनों फसलों के लिए अधिकतम बीमा राशि 60 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर निर्धारित की गई है।

उन्होंने बताया कि फसल बीमा करवाने की अंतिम तिथि 15 अगस्त है। किसानों को प्रति बीघा कुल 96 रुपए प्रीमियम देना होगा। किसान निर्धारित तिथि से पहले अपने नजदीकी लोक मित्र केंद्र पर जाकर एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी के माध्यम से फसल का बीमा करवा सकते हैं। कृषि उपनिदेशक ने किसानों से अपील की कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर अपनी फसलों का बीमा करवाकर संभावित नुकसान से आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करें। अधिक जानकारी के लिए किसान संबंधित खंड के विषय विशेषज्ञ, कृषि विकास अधिकारी, कृषि प्रसार अधिकारी अथवा बीमा कंपनी के प्रतिनिधियों से संपर्क कर सकते हैं।

पात्र लाभार्थी उठाएं मुख्यमंत्री सहारा योजना का लाभ

अनंत ज्ञान कुल्लू। जिला कल्याण अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री सहारा योजना का संचालन एवं क्रियान्वयन सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा किया जा रहा है। योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के गंभीर एवं दीर्घकालिक बीमारियों से पीड़ित मरीजों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है, जिन्हें लंबे समय तक उपचार की आवश्यकता होती है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत पार्किंसन रोग, मेलिग्नेंट कैंसर, पैरालिसिस से पीड़ित एवं दीर्घकालिक उपचाराधीन अथवा शय्याग्रस्त मरीज, मस्कुलर डिस्ट्रॉफी, हीमोफीलिया, थैलेसीमिया, तीव्र अथवा दीर्घकालिक गुर्दा विफलता तथा ऐसी अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित व्यक्ति, जिनके कारण वे स्थायी रूप से कार्य करने में असमर्थ हो गए हों, पात्र हैं।उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा मुख्यमंत्री सहारा योजना के तहत पात्र एवं आधार सत्यापित सक्रिय लाभार्थियों को जून 2026 तक की अवधि की वित्तीय सहायता राशि जारी की जा चुकी है। प्रदेश सरकार द्वारा योजना में आवेदन से लेकर भुगतान तक की प्रक्रिया को डिजिटल बनाने के लिए नया ऑनलाइन डिजिटल प्लेटफॉर्म तैयार किया गया है। इससे पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ सरल एवं सुविधाजनक तरीके से ऑनलाइन प्राप्त हो सकेगा तथा समय और खर्च की बचत होगी। जिन आवेदकों/लाभार्थियों के आवेदन राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा सोसायटी द्वारा लंबित रखे गए थे, उन्हें सहायता राशि प्राप्त करने के लिए पुनः आवेदन करना होगा। इच्छुक आवेदक https //himparivar.hp.gov.in/ekalyan के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं अथवा नजदीकी लोकमित्र केंद्र से आवेदन करवाया जा सकता है।

न्यूज ब्रीफ

नाहन में कांग्रेस की जिला स्तरीय बैठक आगामी चुनावी रणनीति पर मंथन

अनंत ज्ञान, नाहन। नाहन में जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक जिला अध्यक्ष आनंद परमार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में आगामी चुनावों की तैयारियों, संगठन को मजबूत करने और कांग्रेस की जनहितैषी नीतियों को जनता तक पहुंचाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। आनंद परमार ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक सक्रिय किया जाएगा और कांग्रेस की नीतियों के साथ प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने और सरकार की योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस दौरान केंद्र सरकार की नीतियों पर भी निशाना साधा गया। परमार ने केंद्र पर हिमाचल के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए कहा कि आपदा के दौरान प्रदेश की मदद को लेकर किए गए वादे भी पूरे नहीं किए गए, जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

भाजपा मंडल पच्छाद की मासिक बैठक अस्पताल में 100 बेड के लिए दिया धरना

अनंत ज्ञान, सराहां। भाजपा मंडल पच्छाद की मासिक बैठक मंडल अध्यक्ष अनूप शर्मा की अध्यक्षता में सराहां में आयोजित की गई। बैठक से पूर्व कार्यकर्ताओं ने सराहां बाजार में तिरंगा यात्रा निकाली। कार्यकर्ताओं ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारे लगाए। बैठक में सबसे बड़ा मुद्दा सिविल अस्पताल सराहां को 100 बेड का दर्जा दिलाने का रहा। इस मांग को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने अस्पताल के बाहर जमकर नारेबाजी की और धरना प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि क्षेत्र की बढ़ती आबादी और मरीजों की संख्या को देखते हुए अस्पताल को तुरंत 100 बेड का दर्जा दिया जाए। इस मौके पर विधायक रीना कश्यप, जिला परिषद उपाध्यक्ष बलदेव भंडारी, बीडीसी पच्छाद अध्यक्ष प्रकाश भाटिया, सुरेंद्र चौहान, शिव कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

दून भाजपा की बैठक में चुनावी तैयारियों और संगठन मजबूती पर मंथन

अनंत ज्ञान, बद्दी। बद्दी में भाजपा दून मंडल की मासिक एवं कामकाजी बैठक मंडल अध्यक्ष मान सिंह मेहता की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिला प्रभारी एवं प्रदेश भाजपा सचिव राजपाल ने कार्यकर्ताओं से संगठन की मजबूती के लिए एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठन सर्वोपरि है और कार्यकर्ता 'मेरा-तेरा' छोड़कर पार्टी हित में कार्य करें। उन्होंने बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने तथा ग्राम केंद्र स्तर पर नियमित बैठकें आयोजित करने पर जोर दिया। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने 'सेवा ही धर्म' के मंत्र के साथ जनसंपर्क बढ़ाने की अपील की। पूर्व विधायक परमजीत सिंह ने दून में विकास कार्य ठप होने का आरोप लगाते हुए भ्रष्टाचार, अवैध खनन और नशे के बढ़ते कारोबार पर चिंता जताई। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं को पूरी ताकत से जुटने का आह्वान किया गया।

परवाणू के पार्क में स्थापित हो डॉ. वाईएस परमार की प्रतिमा : विकास मंच

अनंत ज्ञान, परवाणू। परवाणू विकास मंच ने नगर परिषद से शहर के एक पार्क में राष्ट्रीय ध्वज के समीप हिमाचल निर्माता एवं प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ. यशवंत सिंह परमार की प्रतिमा स्थापित करने के लिए 10x10 फीट स्थान उपलब्ध करवाने की मांग की है। मंच अध्यक्ष सतीश बेरी ने 10 अगस्त को इस संबंध में नगर परिषद अध्यक्ष को प्रस्ताव सौंपा। मंच ने कहा कि डॉ. परमार का हिमाचल के गठन और विकास में ऐतिहासिक योगदान रहा है। उनके औद्योगिक विजन ने परवाणू जैसे क्षेत्रों के विकास की नींव मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मंच सदस्य ठाकुरदास शर्मा ने कहा कि प्रतिमा स्थापित होने से युवा पीढ़ी डॉ. परमार के योगदान से परिचित होकर प्रेरणा ले सकेगी। मंच ने प्रस्ताव को आगामी बैठक में रखने का आग्रह किया है। प्रस्ताव की प्रतियां मुख्यमंत्री, निदेशक शहरी विकास विभाग और उपायुक्त सोलन को भी भेजी गई हैं।

सीपीआई (एम) ने रैली निकाल कर सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

अनंत ज्ञान, नाहन। केंद्र सरकार की कथित जनविरोधी नीतियों के खिलाफ नाहन में सीपीआईएम और संयुक्त ट्रेड यूनियनों से जुड़े संगठनों ने जेल भरो आंदोलन किया। झांसी पार्क से शुरू हुआ प्रदर्शन डीसी कार्यालय पहुंचा, जहां प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने चारों लेबर कोड वापस लेने, पुराने श्रम कानून बहाल करने, किसानों की कर्जमाफी, फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी और न्यूनतम वेतन लागू करने की मांग उठाई। किसान सभा के जिला महासचिव राजेंद्र ठाकुर ने कहा कि किसान आंदोलन के दौरान किए गए वादे अभी तक पूरे नहीं हुए हैं। सीपीआईएम जिला महासचिव आशीष कुमार ने कहा कि छात्र, किसान और मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए देशभर में आंदोलन किया जा रहा है। प्रदर्शनकारियों ने चौगान के समीप चक्का जाम का प्रयास भी किया।

शूलिनी और सी-डीएसी द्वारा नेशनल क्वांटम ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित

अनंत ज्ञान, सोलन। शूलिनी यूनिवर्सिटी की स्टूडेंट रिसर्च काउंसिल और सी-डैक, बैंगलोर द्वारा आयोजित सात दिवसीय नेशनल क्वांटम ट्रेनिंग प्रोग्राम 2026 में भारत सहित पांच देशों के 188 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इनमें 116 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण पूरा किया, जबकि 89 को मेरिट सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। प्रतिभागियों ने भारत के छह राज्यों के अलावा अमेरिका, यूके, रूस और सिंगापुर के 68 संगठनों का प्रतिनिधित्व किया। कार्यक्रम में क्वांटम कंप्यूटिंग, क्वांटम मशीन लर्निंग, क्वांटम क्रिप्टोग्राफी, क्वांटम एरर करेक्शन, क्वांटम एल्गोरिदम और क्वांटम फोटोनिक्स जैसे विषयों पर विशेषज्ञ सत्र आयोजित किए गए। प्रतिभागियों ने सी-डैक बैंगलोर द्वारा विकसित स्वदेशी क्वांटम कंप्यूटिंग प्लेटफॉर्म पर व्यावहारिक अभ्यास भी किए। वाइस चांसलर प्रो. अतुल खोसला ने कहा कि कार्यक्रम क्वांटम तकनीक में विशेषज्ञता विकसित करने और राष्ट्रीय क्वांटम मिशन में योगदान की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

नाहन में गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य और पोषण के प्रति किया जागरूक

अनंत ज्ञान, नाहन। रोटरी क्लब नाहन सिरमौर हिल्स और इनर व्हील क्लब नाहन क्लासिक के संयुक्त तत्वावधान में 10 अगस्त को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों ने गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान जरूरी सावधानियों, सुरक्षित प्रसव, स्तनपान और पौष्टिक आहार के महत्व की जानकारी दी। महिलाओं को नियमित स्वास्थ्य जांच करवाने, संतुलित आहार लेने और समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेने की सलाह दी गई। रोटरी क्लब नाहन सिरमौर हिल्स की अध्यक्ष रोटे. प्रगति सबलोक ने महिलाओं को पौष्टिक आहार तैयार करने की विधियां बताईं। इनर व्हील क्लब नाहन क्लासिक की सदस्यों ने गर्भवती महिलाओं को फल, दलिया और सत्तू वितरित किया। कार्यक्रम में अलका जुनेजा, रचना ठाकुर, रूबी सोलंकी, दिलजीत कौर, अंजना ठाकुर, रोटे. प्रगति सबलोक और रोटे. कल्पना बंसल सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

ग्राम विकास नव युवक मंडल घाट चंदेश ने रोपित किए 150 पौधे

अनंत ज्ञान, राजगढ़। ग्राम विकास नव युवक मंडल घाट चन्देश द्वारा पर्यावरण संरक्षण और क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से पौधारोपण अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत प्रधान अमित क्रांति ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की, जबकि अध्यक्षता मंडल प्रधान विक्रम वर्मा ने की। अभियान के दौरान मंडल सदस्यों और स्थानीय लोगों ने विभिन्न प्रजातियों के कुल 150 पौधे रोपे। कार्यक्रम में पंचायत उपप्रधान वेद प्रकाश, वार्ड सदस्य सुलक्षणा देवी, मंडल उपप्रधान किरण कुमार, सचिव रोबिन सिंह और कोषाध्यक्ष राहुल सकलानी सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। नव युवक मंडल फ्लुई के पदाधिकारियों व सदस्यों तथा महिला मंडल चन्देश की महिलाओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। मंडल प्रधान विक्रम वर्मा ने कहा कि संगठन समाजसेवा और जनहित के कार्यों के लिए समर्पित है। उन्होंने लोगों से पौधों की नियमित देखभाल करने और पर्यावरण संरक्षण अभियान में सहयोग देने की अपील की।

सोलन सेब मंडी में बढ़ी आवक, बेस्ट क्वालिटी को 3,500 रुपए तक भाव

कारोबार ने पकड़ी रफ्तार, कश्मीरी सेब की आमद से हिमाचली सेब के दामों पर दबाव

अनंत ज्ञान

आर मोहन चौहान, सोलन। सोलन की सेब मंडी में इन दिनों कारोबार ने रफ्तार पकड़ ली है। मंडी में सेब की आवक बढ़ने के साथ ही बागवानों को अच्छी गुणवत्ता वाले सेब के बेहतर दाम मिल रहे हैं। हालांकि इस सीजन में मौसम की मार के कारण सेब उत्पादन प्रभावित हुआ है। वहीं गुणवत्ता में कमी के चलते बी-ग्रेड माल की मात्रा अधिक होने से ऐसे सेब के दाम अपेक्षाकृत कम मिल रहे हैं। मंडी कारोबारियों के अनुसार कश्मीरी सेब की बाजार में आमद शुरू होने से हिमाचली सेब के दामों पर कुछ दबाव आया है। इसके बावजूद बेहतरीन गुणवत्ता वाले सेब की मांग बनी हुई है और अच्छे माल को बाजार में बेहतर भाव मिल रहे हैं। कारोबारियों के मुताबिक गाला वैरायटी के दामों में भी गिरावट दर्ज की गई है।

सोलन सेब मंडी में पहुंचा बेस्ट क्वालिटी सेब। अनंत ज्ञान

प्रमुख फलों के मौजूदा भाव

बागबानों और मंडी कारोबारियों के अनुसार सोलन मंडी में इन दिनों प्रमुख फलों के प्रति पेटी/बॉक्स भाव इस प्रकार हैं। रॉयल (फुल बॉक्स, बेस्ट क्वालिटी): 3,500 रुपए तक, औसत करीब 2,500 रुपए प्रति पेटी, रेड गोल्ड (फुल बॉक्स) करीब 1,800 रुपए प्रति पेटी, गाला : करीब 1,800 रुपए प्रति बॉक्स, स्पर (फुल बॉक्स): करीब 3,000 रुपए प्रति पेटी, नाशपाती (फुल बॉक्स): 1,800 से 2,000 रुपए प्रति बॉक्स बिक रहा है।

बढ़ती आवक के बीच बागबानों को उम्मीद

मंडी में सेब की बढ़ती आवक के बीच बागबानों को उम्मीद है कि अच्छी गुणवत्ता वाले माल की मांग आगे भी बनी रहेगी। फिलहाल कम गुणवत्ता और बी-ग्रेड सेब के मुकाबले बेस्ट क्वालिटी के माल के दामों में स्पष्ट अंतर देखने को मिल रहा है। कश्मीरी सेब की आवक बढ़ने के साथ आने वाले दिनों में बाजार का रुख किस ओर जाता है, इस पर बागबानों और आढ़तियों की नजर बनी हुई है।

बागवानों की सुविधा के लिए बेहतर इंतजाम

एपीएमसी सोलन के सचिव राघव सूद ने बताया कि सेब मंडी में बागवानों और कारोबारियों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था की गई हैं। मंडी में सेब की आवक लगातार बढ़ रही है तथा गुणवत्ता के आधार पर बागवानों को उनकी उपज के उचित दाम मिल रहे हैं।

धरोगड़ा पंचायत को मिली 'टीबी मुक्त पंचायत' की गोल्डन ट्रॉफी

टीबी मुक्त पंचायत का पुरस्कार हासिल करती पंचायत प्रधान पुष्पा ठाकुर।

अनंत ज्ञान

शिमला/सोलन। शिमला जिले की ग्राम पंचायत धरोगड़ा ने टीबी उन्मूलन की दिशा में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। पंचायत को वर्ष 2025 के लिए 'टीबी मुक्त पंचायत' घोषित किया गया है। इस उपलब्धि के लिए पंचायत को स्वास्थ्य विभाग सुन्नी खंड की ओर से गोल्डन ट्रॉफी और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। यह पुरस्कार पंचायत प्रधान पुष्पा ठाकुर द्वारा प्राप्त किया गया। प्रधान ने कहा कि यह पुरस्कार पंचायतवासियों के लिए गर्व की बात है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय स्वास्थ्य केंद्र धरोगड़ा की टीम, आशा वर्कर व पंचायत की जागरूक जनता को दिया। उन्होंने कहा कि पंचायत का शुद्ध वातावरण और लोगों की टीबी जैसी बीमारी के प्रति जागरूकता से ही स्वास्थ्य विभाग को गोल्ड श्रेणी में रखा है। उन्होंने उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप और मुख्य चिकित्सा अधिकारी शिमला डॉ. यशपाल रांटा का भी आभार जताया। उन्होंने पंचायत के निवासियों को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए आने वाले वर्षों में भी टीबी मुक्त स्थिति बनाए रखने की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने टीबी उन्मूलन के लिए जागरूकता, समय पर जांच और उपचार को महत्वपूर्ण बताया।

पच्छाद ब्लॉक कांग्रेस की नई कार्यकारिणी गठित

अनंत ज्ञान, राजगढ़। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं विधायक विनय कुमार की स्वीकृति के बाद सिरमौर की ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पच्छाद की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। अप्रैल में सुनील शर्मा को अध्यक्ष बनाए जाने के करीब चार माह बाद कार्यकारिणी घोषित की गई। नई कार्यकारिणी में आठ वरिष्ठ उपाध्यक्ष, 18 उपाध्यक्ष, तीन महासचिव, सोशल मीडिया सलाहकार, कोषाध्यक्ष व चार सलाहकार नियुक्त किए हैं। इसके अलावा 21 पदाधिकारियों को सचिव व छह को कार्यकारिणी सदस्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है। राम किशन, आशीष सिक्टा, धर्मिंद्र वर्मा और गीता सिंह को प्रवक्ता बनाया गया है। संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए 14 जोन अध्यक्षों की भी नियुक्ति की गई है। कांग्रेस नेताओं ने नई कार्यकारिणी से संगठन को सक्रिय व मजबूत बनाने की उम्मीद जताई है।

भाजपा की जनविरोधी नीतियों से जनता त्रस्त : जीआर मुसाफिर

अनंत ज्ञान

राजगढ़। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष जीआर मुसाफिर ने पत्रकार वार्ता में केंद्र की भाजपा सरकार पर जनविरोधी नीतियां अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि युवा और किसान सड़कों पर हैं, लेकिन उनकी समस्याएं सुनने के बजाय सरकार उन पर लाठियां बरसा रही है। उन्होंने भाजपा के दो करोड़ रोजगार, सौ स्मार्ट सिटी और कालाधन वापस लाने जैसे वादों को जुमला करार दिया। मुसाफिर ने केंद्र पर हिमाचल से भेदभाव का आरोप लगाते हुए कहा कि आपदा में हुए नुकसान के लिए घोषित 1500 करोड़ रुपए की सहायता अब तक प्रदेश को नहीं मिली। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में विकास कार्य जारी रहने और जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों को राहत मिलने की बात कही। उन्होंने नेरीपुल-सनौरा मार्ग के लिए 203 करोड़ रुपए स्वीकृत होने को बड़ी उपलब्धि बताया। सराहां-चंडीगढ़ मार्ग को राज्य प्राथमिकता में शामिल कर एडीबी के माध्यम से निर्माण की प्रक्रिया शुरू होने की भी जानकारी दी।

योग शिविर में तिरंगे का अपमान, आयोजकों पर केस

मेजपोश बना तिरंगा! कार्रवाई शुरू

अनंत ज्ञान

एसपी जैरथ, नाहन। नाहन के पक्का टैंक स्थित दीर्घायु योग केंद्र में रोटरी क्लब नाहन के सहयोग से आयोजित नि:शुल्क योग शिविर में राष्ट्रध्वज के कथित अनुचित इस्तेमाल का मामला सामने आने के बाद विवाद खड़ा हो गया है। 10 से 13 अगस्त तक चल रहे शिविर से जुड़ी एक तस्वीर में कथित तौर पर तिरंगे को मेजपोश के रूप में इस्तेमाल किया गया दिखाई दे रहा है। तस्वीर में राष्ट्रध्वज के ऊपर मिठाई, साईं बाबा की तस्वीर और पूजा सामग्री भी रखी नजर आ रही है। इसके बाद स्थानीय लोगों ने राष्ट्रध्वज की गरिमा और उसके इस्तेमाल को लेकर सवाल उठाए हैं। घटना के बाद अब पुलिस कार्रवाई पर सभी की नजरें टिकी हैं।

दीर्घायु योग केंद्र संचालक ने गलती स्वीकार कर जताया खेद

कार्यक्रम दीर्घायु योग केंद्र की ओर से आयोजित किया गया था। तिरंगा देश की आन-बान-शान है और उसका सम्मान करना हर नागरिक का दायित्व है। घटना पर खेद है। आयोजकों को राष्ट्रध्वज के इस्तेमाल में सावधानी बरतनी चाहिए थी।

संदीप शर्मा, अध्यक्ष रोटरी क्लब नाहन

दीर्घायु योग केंद्र तिरंगे का पूरा सम्मान करता है। तिरंगा पूजा के उद्देश्य से रखा गया था, लेकिन गलती से उसे कार्यकर्ताओं की मेज पर बिछा दिया गया। अनजाने में हुई गलती बहुत खेद और देशवासियों से माफी मांगते हैं।

गिरीश, संचालक दीर्घायु योग केंद्र

मामला पुलिस के संज्ञान में आया है और आयोजकों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। राष्ट्रध्वज का सम्मान करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है।

एनएस नेगी पुलिस अधीक्षक सिरमौर

नाहन बस स्टैंड चोरी मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

चोरी का बैग व 14 हजार बरामद, 3 दिन रिमांड पर

अनंत ज्ञान

नाहन। नाहन बस स्टैंड पर 60 वर्षीय व्यक्ति का बैग चोरी करने के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गांव गुंडाह क्यारी निवासी बीर सिंह ने 7 अगस्त, 2026 को थाना नाहन में शिकायत दर्ज करवाई थी कि शाम करीब पांच बजे लघुशंका के लिए जाने के दौरान उनका काले रंग का पिट्ठू बैग चोरी हो गया। बैग में एसबीआई की पासबुक, चेकबुक और करीब 14 हजार रुपए थे। शिकायत के आधार पर एफआईआर संख्या 147/26 दर्ज कर बीएनएस की धारा 303(2) के तहत जांच शुरू की गई। पुलिस चौकी कच्चा टैंक के मुख्य आरक्षी सिद्धार्थ गौतम ने एचआरटीसी बस स्टैंड की सीसीटीवी फुटेज खंगाली, जिसके आधार पर मोहल्ला गोबिंदगढ़ निवासी 20 वर्षीय सतवंत सिंह की पहचान हुई। उसे 8 अगस्त की रात गिरफ्तार कर तीन दिन का पुलिस रिमांड लिया गया।

- सीसीटीवी फुटेज से आरोपी की पहचान, तीन अन्य आरोपी जांच में शामिल

आरोपी की निशानदेही पर बैग, पासबुक और चेकबुक बरामद की गई। पूछताछ में तीन अन्य लोगों की संलिप्तता सामने आई। पुलिस ने 10 अगस्त को सन्नी सिंह, पलविंद्र सिंह और बलिंद्र सिंह को जांच में शामिल किया। पलविंद्र से 14 हजार रुपए भी बरामद किए गए। मुख्य आरोपी न्यायिक हिरासत में है, जबकि अन्य आरोपियों से पूछताछ जारी है।

सीआईआई में गूंजा कालाअंब की बदहाल सुविधाओं का मुद्दा

अनंत ज्ञान, नाहन/सोलन। नई दिल्ली स्थित इंडिया हैबिटेट सेंटर में सीआईआई की महत्वपूर्ण बैठक में कालाअंब औद्योगिक क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। बैठक में हमीरपुर के सांसद अनुराग ठाकुर, शिमला के सांसद सुरेश कश्यप, कांगड़ा के सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज, राज्यसभा सदस्य अनुराग शर्मा, सीआईआई हिमाचल प्रदेश अध्यक्ष संजय सूरी सहित अन्य प्रतिनिधि मौजूद रहे। लघु उद्योग भारती कालाअंब इकाई के अध्यक्ष अखिल महेश्वरी ने क्षेत्र की आधारभूत सुविधाओं और उद्योगों की समस्याओं को रखा। उन्होंने हालिया अग्निकांड का हवाला देते हुए आधुनिक अग्निशमन उपकरण व पर्याप्त क्षमता वाली व्यवस्था उपलब्ध कराने की मांग की। बड़ी आग की घटनाओं में यमुनानगर, नारायणगढ़ व अंबाला से दमकल वाहन बुलाने पड़ते हैं। कालाअंब-त्रिलोकपुर मुख्य सड़क के सुधार, जल निकासी व्यवस्था और कालाअंब को रेल नेटवर्क से जोड़ने की मांग भी रखी।

पंचायतों में घर-घर कूड़ा उठाने की मांग, निगम से मांगा सहयोग

प्रस्ताव मिलने पर कार्रवाई का निगम ने दिया आश्वासन

मेयर से मुलाकात करते मनसार के बीडीसी मनीष कुमार। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

सोलन। नगर निगम सोलन से सटी पंचायतों में कूड़ा प्रबंधन व्यवस्था बेहतर बनाने और जनसमस्याओं के समाधान की मांग को लेकर पंचायत समिति का प्रतिनिधिमंडल बीडीसी अध्यक्षा प्रोमिला कौशल की अध्यक्षता में नगर निगम अधिकारियों से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने ज्वाइंट कमिश्नर चेतन चौहान, महापौर व उपमहापौर के समक्ष विभिन्न समस्याएं रखीं। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि नगर निगम क्षेत्र की तर्ज पर सलोगड़ा, सपरून, सन्होल, कोठों और शामती पंचायतों में भी घर-घर से नियमित कूड़ा उठाने की व्यवस्था लागू की जाए। बीडीसी सदस्य मनीष कुमार ने पंचायत क्षेत्र में स्थित कूड़ा संयंत्र का मुद्दा उठाते हुए इसे अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि संयंत्र के कारण स्थानीय लोगों को लंबे समय से परेशानी हो रही है। प्रतिनिधिमंडल ने पेयजल, सड़क, सफाई और नालियों सहित अन्य समस्याएं भी अधिकारियों के समक्ष रखीं। निगम अधिकारियों ने मांगों पर गंभीरता से विचार करते हुए संबंधित पंचायतों से प्रस्ताव पारित कर भेजने को कहा। प्रस्ताव मिलने के बाद नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया गया।

ध्यान से नकारात्मक विचार दूर रखने के साथ दिलाई नशा मुक्ति शपथ

अनंत ज्ञान, कंडाघाट। राजकीय महाविद्यालय कंडाघाट में युवाओं को नशे जैसी गंभीर सामाजिक बुराई से दूर रखने के उद्देश्य से नशामुक्ति पर व्याख्यान आयोजित किया गया। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, कंडाघाट की ब्रह्मकुमारी बबिता ने विद्यार्थियों को ध्यान के माध्यम से नकारात्मक विचारों से दूर रहने के उपाय बताए और नशामुक्ति की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि युवा देश की महत्वपूर्ण शक्ति हैं और उन्हें नशे से दूर रखकर ही राष्ट्र के विकास को मजबूत बनाया जा सकता है। कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज के आईक्यूएसी, रेड रिबन क्लब, नशामुक्ति क्लब, मानसिक स्वास्थ्य समिति एवं प्राथमिक उपचार समिति ने किया। प्रधानाचार्य डॉ. मदन लाल मनकोटिया सहित शिक्षक, गैर-शिक्षक कर्मचारी और विद्यार्थी मौजूद रहे। कॉलेज को '10 करोड़ नशा-मुक्ति संकल्प महाअभियान' में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रशंसा-पत्र भी प्रदान किया गया।

आरोप जनता को सुविधाएं देने के बजाय सेवाएं बंद कर रही सरकार : बिंदल

नाहन-दिल्ली एचआरटीसी बस सेवा बंद, क्षेत्रवासी परेशान

अनंत ज्ञान

नाहन। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि प्रदेश की तालाबंदी वाली कांग्रेस सरकार ने नाहन की जनता को एक और तोहफा दिया है। पिछले साढ़े तीन से चार वर्षों में कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के दौरान नाहन और सिरमौर की जनता को लगातार सुविधाओं से वंचित किया जा रहा है तथा एक के बाद एक संस्थानों और सेवाओं पर तालाबंदी की जा रही है।

- नाहन-दिल्ली की महत्वपूर्ण बस सेवा बंद करने पर भाजपा ने सरकार को घेरा

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस की वर्तमान सरकार के कार्यकाल में एचआरटीसी के अनेक बस रूटों को बंद करने का काम किया गया है। इससे ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों के लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। डॉ. बिंदल ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने अब नाहन से दिल्ली के लिए चलने वाली एचआरटीसी बस सेवा को भी बंद कर दिया है। यह बस सेवा नाहन और आसपास के क्षेत्र के लोगों के लिए बेहद महत्वपूर्ण थी। उन्होंने कहा कि अनेक लोग सुबह इस बस से दिल्ली जाकर अपने काम निपटाते थे और शाम को इसी बस के माध्यम से वापस अपने घर लौटते थे। नाहन दिल्ली बस सेवा बंद होने से व्यापारियों, विद्यार्थियों, मरीजों और आम यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

स्कूलों से लेकर स्वास्थ्य संस्थानों तक लग रहे ताले

डॉ. बिंदल ने कहा कि स्कूल बंद करना, पटवार सर्कलों पर तालाबंदी करना, उप-तहसील और तहसील स्तर की व्यवस्थाओं को बंद करना तथा स्वास्थ्य संस्थानों में डॉक्टरों की कमी करना कांग्रेस सरकार की कार्यशैली बन गई है। उन्होंने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और अस्पतालों की व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही हैं तथा मेडिकल कॉलेज जैसी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सुविधा भी सरकार की अनदेखी का शिकार हो रही है।

जनता की सुविधाएं बढ़ाने के बजाय बंद करने में लगी कांग्रेस सरकार

डॉ. बिंदल ने कहा कि नाहन और सिरमौर की जनता को कांग्रेस सरकार लगातार एक के बाद एक दंड दे रही है। जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के बजाय पहले से चल रही सेवाओं और व्यवस्थाओं को बंद किया जा रहा है।

आने वाले चुनाव में जनता देगी कांग्रेस को जवाब

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नाहन और सिरमौर की जनता कांग्रेस सरकार के सभी निर्णयों को देख रही है और हर फैसले का हिसाब रख रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में जनता कांग्रेस को इसका जवाब देने वाली है और कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों का जवाब अपने मत के माध्यम से देगी।

गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल सोलन में रसायन विज्ञान शिक्षकों का क्षमता निर्माण

अनंत ज्ञान

सोलन। गुरुकुल इंटरनेशनल सीनियर सेकंडरी स्कूल सोलन में सीबीएसई-सीओई पंचकूला के तत्वावधान में वरिष्ठ माध्यमिक स्तर के रसायन विज्ञान शिक्षकों के लिए दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को रसायन विज्ञान के शिक्षण को अधिक प्रभावी, व्यावहारिक और विद्यार्थी-केंद्रित बनाने के लिए नवीन शिक्षण विधियों से परिचित करवाना रहा। कार्यशाला में सीबीएसई द्वारा नामित संसाधन व्यक्तियों पूजा ठाकुर, सीबीएसई संसाधन व्यक्ति एवं प्रधानाचार्या तथा अकादमिक लीडर, और अमनप्रीत सैनी, रसायन विज्ञान शिक्षिका, अकाल अकादमी बरू साहिब, ने शिक्षकों का मार्गदर्शन किया।

कार्यशाला के दौरान शिक्षकों ने विभिन्न गतिविधि-आधारित एवं संवादात्मक सत्रों में सक्रिय भागीदारी की। रसायन विज्ञान की जटिल अवधारणाओं को सरल तरीके से विद्यार्थियों तक पहुंचाने, प्रयोगात्मक एवं गतिविधि-आधारित शिक्षण को बढ़ावा देने तथा विद्यार्थियों की समझ को बेहतर बनाने जैसे विषयों पर चर्चा की गई।

न्यूज ब्रीफ

एसडीएम हरोली ने की राजस्व कार्यों की समीक्षा

अनंत ज्ञान, टाहलीवाल। मंगलवार को दुलैहड़ में एसडीएम हरोली विशाल शर्मा की अध्यक्षता में राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नायब तहसीलदार रविंद्र कुमार सहित सभी पटवारी और कानूनगो मौजूद रहे। एसडीएम ने स्वामित्व योजना के तहत चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने लंबित मामलों का नियमानुसार और समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित करने के साथ राहत कार्यों को भी प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने को कहा। बैठक में जमाबंदी, तक्सीम और निशानदेही से संबंधित कार्यों की भी समीक्षा की गई। एसडीएम ने राजस्व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि मामलों के निपटारे में अनावश्यक देरी न हो और लोगों को समय पर राजस्व सेवाएं उपलब्ध करवाई जाएं। उन्होंने पटवारियों को कार्यालय से बाहर जाते समय सूचनापट पर अपने गंतव्य और कार्यस्थल की जानकारी दर्ज करने के निर्देश भी दिए, ताकि लोगों को परेशानी न हो।

ऊना कॉलेज में नए विद्यार्थियों का स्वागत

अनंत ज्ञान, ऊना। राजकीय महाविद्यालय ऊना में बीबीए एवं बीसीए के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए प्रवेशोन्मुखी समारोह आयोजित किया गया। प्राचार्या डॉ. मीता शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। बीबीए समन्वयक डॉ. शाम सिंह बैंस ने विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम, रोजगार एवं उच्च शिक्षा के अवसरों की जानकारी दी। प्राचार्या डॉ. मीता शर्मा ने नियमित अध्ययन, अनुशासन, समय प्रबंधन और कौशल विकास को सफलता की कुंजी बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। समारोह में विद्यार्थियों ने पंजाबी व हरियाणवी लोक नृत्य, एकल गीत और समूह नृत्य प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। इस अवसर पर दोनों विभागों के प्राध्यापक मौजूद रहे।

बीपीएल चयन आर्थिक आधार पर हो: सीताराम

अनंत ज्ञान, घनारी। राष्ट्रीय स्वतंत्र किसान मोर्चा के अध्यक्ष एवं भाजपा नेता ठाकुर सीताराम ने बीपीएल चयन आर्थिक आधार पर करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि कई पात्र गरीब परिवार योजनाओं के लाभ से वंचित हैं, जबकि कुछ परिवार वर्षों से बीपीएल सूची में बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि ग्राम सभाओं में राजनीतिक दबाव के कारण वास्तविक पात्रता पर खुलकर चर्चा नहीं हो पाती। सीताराम ने कहा कि बीपीएल चयन में राजनीति नहीं होनी चाहिए और प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ भी वास्तविक जरूरतमंद परिवारों को मिलना चाहिए।

बड़ूही टैक्सी यूनियन के अमित बने प्रधान

अनंत ज्ञान, बड़ूही (ऊना)। आजाद टैक्सी यूनियन हिमाचल प्रदेश की बैठक मंगलवार को बड़ूही में प्रदेश प्रधान सतपाल भाटिया की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान बड़ूही इकाई की नई कमेटी का गठन किया गया। अमित कुमार को प्रधान, पवन अली को उपप्रधान, सुरिंदर कुमार को सचिव, देविंदर कुमार को सह सचिव, रणजीत सिंह को कैशियर, रमनदीप सिंह को मीडिया प्रभारी और हर्ष कुमार को मुख्य सलाहकार नियुक्त किया गया। इसके अलावा 30 सदस्यों का चयन किया गया। बैठक में टैक्सी संचालकों की समस्याओं पर चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने प्रशासन से निजी वाहनों में अवैध रूप से सवारियां ढोने वालों पर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि इससे नियमों का पालन करने वाले टैक्सी संचालकों के कारोबार पर असर पड़ रहा है। यूनियन ने लोगों से अधिकृत टैक्सी सेवाओं का उपयोग करने की अपील की।

ऊना में 9559 अति निर्धन परिवार चिन्हित

अनंत ज्ञान, ऊना। प्रदेश सरकार की 'अपना परिवार सुखी परिवार' योजना के तहत मंगलवार को रायपुर सहोड़ा में जन-संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। उपायुक्त जतिन लाल की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में 30 पंचायतों के अति निर्धन परिवारों ने भाग लिया। पूर्व विधायक सतपाल सिंह रायजादा भी मौजूद रहे। उपायुक्त ने कहा कि जन-संवाद के माध्यम से बीपीएल परिवारों की जरूरतों और समस्याओं की जानकारी लेकर योजनाओं को प्रभावी बनाया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को पात्र परिवारों तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध पहुंचाने के निर्देश दिए। रायजादा ने बताया कि प्रदेश में आठ चरणों में 1.78 लाख अति निर्धन परिवार चिन्हित किए गए हैं, जबकि ऊना जिले में 9559 परिवारों का चयन हुआ है। उन्होंने कहा कि योजना का उद्देश्य वंचित परिवारों को सामाजिक और आर्थिक संबल प्रदान करना है।

किसानों के मुद्दों पर संयुक्त किसान मोर्चा का हल्लाबोल

एमएसपी समेत उठाई कई मांगें, राष्ट्रपति के नाम सौंपा मांगपत्र

अनंत ज्ञान

ऊना। संयुक्त किसान मोर्चा और केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के समर्थन में किसानों व श्रमिक संगठनों ने विभिन्न मांगों को लेकर जिला प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम मांगपत्र सौंपा। सीटू सचिव गुरनाम सिंह की अगुवाई में सौंपे गए मांगपत्र में किसानों, मजदूरों और अन्य मेहनतकश वर्गों की समस्याओं के समाधान की मांग की गई।

संगठनों ने 2021 के किसान आंदोलन के दौरान सरकार की ओर से किए गए एमएसपी, ऋण माफी, बिजली के निजीकरण पर रोक और किसानों पर दर्ज मामलों को वापस लेने संबंधी आश्वासनों को लागू करने की मांग की। साथ ही भारत-अमेरिका मुक्त व्यापार समझौते को स्वीकार नहीं करने और किसानों को फसलों का लाभकारी मूल्य दिलाने की मांग उठाई। किसान संगठनों ने उर्वरकों की कमी व कालाबाजारी रोकने, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार, फसल एवं पशुधन बीमा योजना लागू करने और प्राकृतिक आपदाओं में पर्याप्त राहत देने की मांग भी की। इसके अलावा 60 वर्ष से अधिक आयु के किसानों को 10 हजार रुपए प्रतिमाह सार्वभौमिक पेंशन देने तथा सहकारी समितियों और एफपीओ को कॉरपोरेट कब्जे से बचाने की मांग की गई। इस दौरान गुरनाम सिंह, केके राणा, संतोख सिंह, आकाश राणा, कुशल कुमार समेत कई लोग मौजूद रहे।

हरोली भाजपा ने विद्युत विभाग को दिया ज्ञापन

अनंत ज्ञान, ऊना। हरोली भाजपा ने प्रो. राम कुमार के नेतृत्व में बिजली कटों की समस्या को लेकर हरोली अधिशासी अभियंता कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। भाजपा नेताओं ने क्षेत्र में बार-बार हो रहे अघोषित बिजली कटों पर रोष जताते हुए समस्या के स्थायी समाधान की मांग की।

प्रो. राम कुमार ने कहा कि बिना पूर्व सूचना के बिजली बंद कर दी जाती है। गर्मी और उमस के मौसम में लंबे बिजली कटों से आम जनता परेशान है। इससे रोजमर्रा के काम प्रभावित होने के साथ विद्यार्थियों की पढ़ाई भी बाधित हो रही है। उन्होंने कहा कि सुबह और रात के समय भी अघोषित कटों के कारण लोगों को परेशानी झेलनी पड़ती है। रात में फ्यूज आदि ठीक करने के लिए कर्मचारी उपलब्ध न होने से कई बार लोगों को पूरी रात बिना बिजली के गुजारनी पड़ती है। उन्होंने विभाग को चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं किया गया तो भाजपा जनता के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन करेगी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार, अमन भारद्वाज, कमल सैनी, सुनील बीटन, गोविंद राजपूत, मोहन लाल, राजीव कुमार, किरण बाला, रोजी देवी, सुनील भाटिया आदि मौजूद रहे।

ऊना में भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, ऊना/बंगाणा। राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के सम्मान में भाजपा की ओर से ऊना में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में भाजपा कार्यकर्ताओं, युवा मोर्चा पदाधिकारियों और स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। हाथों में तिरंगा लेकर कार्यकर्ताओं ने देशभक्ति के नारों के साथ राष्ट्र की एकता और अखंडता का संदेश दिया।

यात्रा में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं ऊना सदर विधायक सतपाल सिंह सत्ती विशेष रूप से मौजूद रहे। उनके नेतृत्व में निकली यात्रा के दौरान 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के नारों से माहौल देशभक्तिमय हो गया।

भाजपा युवा मोर्चा ऊना-बसदेहड़ा मंडल अध्यक्ष साहिल बाली और हरप्रीत सिंह ने कहा कि तिरंगा देश के गौरव, स्वाभिमान और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में राष्ट्रप्रेम और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करते हैं।

वहीं, भाजपा के तिरंगा अभियान के तहत मंगलवार को कुटलैहड़ मंडल ने भी बंगाणा में तिरंगा यात्रा निकाली। पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने 71 फुट लंबे तिरंगे के साथ भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारे लगाए। भुट्टो ने शहीद जोरावर सिंह की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर शहीदों को नमन किया। भुट्टो ने कहा कि भाजपा शीर्ष नेतृत्व द्वारा 10 अगस्त से 15 अगस्त तक देशभर में तिरंगा यात्रा निकालने के निर्देश दिए गए हैं।

कुटलैहड़ भाजपा की बैठक में सरकार पर बरसे भुट्टो

अनंत ज्ञान

बंगाणा। कुटलैहड़ भाजपा मंडल की मासिक बैठक मंगलवार को बंगाणा स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता दविंद्र कुमार भुट्टो विशेष रूप से मौजूद रहे। इस दौरान संगठन को मजबूत करने, बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने और आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों पर चर्चा की गई।

भुट्टो ने कांग्रेस सरकार और कुटलैहड़ विधायक पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि क्षेत्र में विकास कार्य अपेक्षित गति से नहीं हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि आपदा के दौरान क्षतिग्रस्त हुई कई सड़कें अभी भी बदहाल हैं। उन्होंने लोक निर्माण विभाग की टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग भी उठाई। भुट्टो ने दावा किया कि 2027 के विधानसभा चुनाव में कुटलैहड़ से भाजपा 15 हजार मतों के अंतर से जीत हासिल करेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं पर झूठे मामले दर्ज कर उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी एक वर्ष बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने और केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया। बैठक में मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मलांगड़, संतोष सैनी, कृष्णपाल शर्मा, सुषमा ठाकुर, सुषमा देवी, विजय शर्मा सहित आदि मौजूद रहे।

खेत में छिपा मिला अजगर, किसान की सतर्कता से टला हादसा

अनंत ज्ञान, घनारी। गगरेट क्षेत्र के दियोली गांव में मंगलवार सुबह खेत की जुताई के दौरान किसान के सामने विशालकाय अजगर आ जाने से कुछ देर के लिए ट्रैक्टर के पहिए थम गए। दियोली सिलेंडर फैक्टरी के पीछे खेत में जुताई कर रहे किसान अशोक कुमार ने अजगर को देखते ही ट्रैक्टर रोक दिया और इसकी सूचना वन विभाग को दी।

सूचना मिलते ही वन मित्र मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। बाद में वन विभाग की टीम ने सावधानीपूर्वक अजगर का रेस्क्यू किया। बताया गया कि अजगर ने संभवतः कुछ खाया हुआ था, जिसके चलते वह काफी देर से एक ही स्थान पर पड़ा था। टीम ने उसे सुरक्षित कब्जे में लेकर उसके प्राकृतिक आवास जंगल में छोड़ दिया। बीट गार्ड अजय कुमार ने ग्रामीणों से अपील की कि खेतों या घरों के आसपास सांप अथवा अन्य वन्यजीव दिखाई देने पर खुद पकड़ने का प्रयास न करें और तुरंत वन विभाग को सूचना दें। किसान की सतर्कता से बड़ा हादसा टल गया।

कांवड़ यात्रा पूरी कर बंगाणा पहुंचे हंसराज बरजाता

अनंत ज्ञान

बंगाणा। उपमंडल बंगाणा के प्रसिद्ध समाजसेवी एवं हिमुडा कॉलोनी स्थित बाबा पहाडि़या मंदिर के प्रमुख हंसराज बरजाता की 13 दिनों तक चली सगल कांवड़ यात्रा मंगलवार को विधिवत संपन्न हुई। यात्रा पूरी कर बंगाणा पहुंचने पर ठंडी खुई में क्षेत्रवासियों ने उनका भव्य स्वागत किया।

इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु, सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे। ठंडी खुई से हिमुडा कॉलोनी स्थित बाबा पहाड़िया मंदिर तक बैंड-बाजों के साथ पैदल शोभायात्रा निकाली गई। श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ के जयकारे लगाते हुए यात्रा में भाग लिया, जिससे पूरा क्षेत्र शिवमय हो गया।

यात्रा में महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों सहित विभिन्न वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। हंसराज बरजाता के पुत्र अंकुश बरजाता भी श्रद्धालुओं के साथ यात्रा में शामिल हुए। मंदिर पहुंचने पर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ धार्मिक अनुष्ठान करवाए गए। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का पूजन कर क्षेत्र की सुख-शांति, खुशहाली और समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर दिनेश खत्री, मदन गोपाल बोहरा, शिव कुमार बरजाता सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

तंबाकू उत्पादों की अवैध बिक्री पर काटे 63 चालान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। जिले में तंबाकू उत्पादों की अवैध बिक्री और सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान रोकने के लिए स्वास्थ्य एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीमों ने विशेष अभियान चलाया। जिला और चारों विकासखंडों की टीमों ने दुकानों व अन्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर नियमों के उल्लंघन पर 63 चालान किए और 20 हजार रुपये जुर्माना वसूला। टीमों ने दुकानदारों को शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर रोक सहित अन्य प्रावधानों की जानकारी दी। खुली सिगरेट की बिक्री और बिना लाइसेंस तंबाकू उत्पाद बेचने पर भी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। विभाग ने कहा कि अभियान आगे भी जारी रहेगा।

सीएम 12 और 14 को बिलासपुर दौरे पर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू 12 और 14 अगस्त को बिलासपुर जिला प्रवास पर रहेंगे। उपायुक्त राहुल कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री 12 अगस्त को दोपहर 12:20 बजे झंडूता विधानसभा क्षेत्र के धराड़सानी में मुख्यमंत्री मछुआरा सम्मान निधि वितरण एवं मछुआरा सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। इसके बाद दोपहर 2 बजे हमीरपुर के लिए रवाना होंगे। 14 अगस्त को मुख्यमंत्री दोपहर 12 बजे घुमारवीं के निहारी में राज्य स्तरीय वन महोत्सव की अध्यक्षता करेंगे। इसके बाद दधोल स्कूल में विद्यार्थियों से संवाद करेंगे और विभिन्न विकासात्मक योजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री का रात्रि ठहराव लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह घुमारवीं में रहेगा।

विस अध्यक्ष बिलासपुर में फहराएंगे तिरंगा

अनंत ज्ञान, बिलासपुर। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया 15 अगस्त को बिलासपुर में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की अध्यक्षता करेंगे। उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने बताया कि पठानिया सुबह 11 बजे राजकीय पीएम श्री मुख्यमंत्री आदर्श राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बिलासपुर में ध्वजारोहण करेंगे। इसके बाद वह परेड का निरीक्षण कर पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी और एनएसएस की टुकड़ियों के मार्च पास्ट की सलामी लेंगे तथा अपना संदेश देंगे। समारोह से पहले विधानसभा अध्यक्ष चंगर स्थित शहीद स्मारक पर माल्यार्पण कर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे।

डीसी ने किया अनीता की पुस्तक का विमोचन

अनंत ज्ञान, बिलासपुर। पूर्व जिला भाषा अधिकारी डॉ. अनीता शर्मा की पुस्तक 'विष्णु प्रभाकर के नाटकों में पारिवारिक सम्बन्ध' का विमोचन उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने बचत भवन में किया। उन्होंने लेखिका को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पुस्तक पारिवारिक संबंधों और बदलते सामाजिक मूल्यों को समझने वाला महत्वपूर्ण शोध कार्य है। उन्होंने कहा कि साहित्य रिश्तों, जिम्मेदारियों और मानवीय संवेदनाओं को समझने का अवसर देता है। बच्चों और युवाओं में पढ़ने की आदत विकसित करना समय की आवश्यकता है। अच्छी पुस्तकों के अध्ययन से ज्ञान के साथ सोचने-समझने की क्षमता और संवेदनशीलता भी बढ़ती है। इस अवसर पर कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

12 से 14 तक निकाली जाएगी तिरंगा यात्रा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। भाजपा द्वारा श्री नयना देवी जी विधानसभा क्षेत्र में 12 से 14 अगस्त तक तीन दिवसीय तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा में विधायक रणधीर शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। 12 अगस्त को यात्रा श्री नयना देवी जी से शुरू होकर घवांडल, बडोह, जनाली, स्वाहन और स्वारघाट होते हुए बेहल पहुंचेगी। 13 अगस्त को चंगर क्षेत्र में कोट से ग्वालथाई और 14 अगस्त को नमहोल से मलोखर, खारसी, रानी कोटला, गसोड़ पटवार खाना होते हुए कोठीपुरा तक यात्रा निकलेगी। रणधीर शर्मा ने कहा कि तिरंगा देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों से बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की।

8 मंडल संयोजक और सहसंयोजक नियुक्त

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। भारतीय जनता पार्टी जिला पंचायती राज प्रकोष्ठ के संयोजक सतीश ठाकुर ने जिले के चार विधानसभा क्षेत्रों के आठ मंडलों के मंडल संयोजक व सहसंयोजकों की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ नेताओं व संगठन से विचार-विमर्श के बाद पार्टी नियमों के अनुसार नियुक्तियां की गई हैं। प्रत्येक मंडल में एक संयोजक और चार सहसंयोजक बनाए गए हैं। घुमारवीं, झंडूता, बिलासपुर सदर और श्रीनयनादेवी विधानसभा क्षेत्रों के विभिन्न मंडलों में पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। प्रकोष्ठ ने नवनियुक्त पदाधिकारियों से संगठन को मजबूत करने और पंचायती राज से जुड़े कार्यों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

श्रावण अष्टमी मेले के लिए दुल्हन की तरह सज रहा नयना देवी मंदिर

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, बिलासपुर। हिमाचल प्रदेश के विश्व प्रसिद्ध शक्तिपीठ श्री नैना देवी मंदिर में श्रावण अष्टमी मेले को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। 13 अगस्त से शुरू होने वाले श्रावण अष्टमी मेले के लिए मंदिर परिसर को फूलों, लड़ियों और रंग-बिरंगी लाइटों से दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। मेले में विभिन्न राज्यों से लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

श्रावण अष्टमी मेले के दौरान मंदिर की भव्य सजावट का कार्य इस बार भी पंजाब की समाजसेवी संस्था खन्ना द्वारा करवाया जा रहा है। पंजाब से पहुंचे करीब 20 कारीगर मंदिर परिसर को आकर्षक रूप देने में जुटे हुए हैं। रंग-बिरंगे फूलों और आकर्षक विद्युत लड़ियों से सजा माता का दरबार श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। मेले को लेकर जिला प्रशासन और मंदिर प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए लगभग सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। वहीं, माता के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सुचारू व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं।

मंदिर के पुजारी बृजेश शर्मा ने बताया कि श्रावण अष्टमी मेले को देखते हुए मंदिर की भव्य सजावट का कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि मेले में देश के विभिन्न राज्यों से लाखों श्रद्धालु माता के दर्शनों के लिए पहुंचेंगे। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए मंदिर प्रशासन की ओर से आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। समाजसेवी संस्था खन्ना के प्रतिनिधि रोमी ने बताया कि पंजाब से करीब 20 कारीगर मंदिर की सजावट में जुटे हैं और श्रद्धालुओं के लिए माता का दरबार आकर्षक एवं भव्य बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

सिनेमा कॉलोनी में भूस्खलन का खतरा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। बरसात के मौसम में वार्ड नंबर-5 सिनेमा कॉलोनी के लोगों की चिंता बढ़ गई है। पहाड़ी के ऊपरी हिस्से में वन विभाग द्वारा बनाया गया पैदल ट्रैक कई जगह से क्षतिग्रस्त हो चुका है। ऐसे में बारिश का पानी एकत्रित होकर सीधे कॉलोनी के घरों में पहुंच रहा है। इसके अलावा पहाड़ी से बड़े पत्थर और चट्टानें खिसकने का खतरा भी बना हुआ है।

समर्पण सामाजिक संस्था के प्रधान राज वर्मा ने डीएफओ बिलासपुर को ज्ञापन सौंपकर पैदल पथ की मरम्मत करवाने और जल निकासी की उचित व्यवस्था करने की मांग की। उन्होंने भूस्खलन वाले संवेदनशील स्थानों को भी सुरक्षित करने का आग्रह किया। राज वर्मा ने बताया कि पिछली बरसात में पहाड़ी का पानी घरों में घुस गया था और बड़े पत्थर भी नीचे आ गए थे। डर के कारण लोगों ने रातें जागकर गुजारी थीं। उन्होंने कहा कि समय रहते आवश्यक कदम उठाने से भविष्य में जान-माल के नुकसान का खतरा कम किया जा सकता है। संस्था के पदाधिकारियों ने जिला प्रशासन से भी मामले में हस्तक्षेप की मांग की।

बालिकाओं की ऊर्जा को सही दिशा देकर सपनों को पंख देना एनटीपीसी का उद्देश्य

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, बिलासपुर। एनटीपीसी कोलडैम हाइड्रो पावर स्टेशन के बालिका सशक्तिकरण अभियान का समापन मंगलवार को हुआ। कार्यक्रम में परियोजना प्रमुख एसएस राव मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी का उद्देश्य दूर-दराज क्षेत्रों की बालिकाओं की ऊर्जा को सही दिशा देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना और उनके सपनों को पंख देना है।

एसएस राव ने बालिकाओं की प्रतिभा और आत्मविश्वास में आए बदलाव की सराहना की। उन्होंने बताया कि अभियान की तैयारियां करीब दो माह पहले शुरू कर दी जाती हैं और भोजन, चिकित्सा व आवास सहित व्यवस्थाओं के लिए समितियां गठित की जाती हैं। एक माह के प्रशिक्षण के दौरान योग, आत्मरक्षा, गणित, अंग्रेजी, पर्यावरण, कंप्यूटर, पेंटिंग, गुड टच-बैड टच और मनोविज्ञान जैसे विषय सिखाए गए। बालिकाओं ने पहाड़ी व पंजाबी गिद्दा, नाटक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। अभियान 14 जुलाई से 11 अगस्त तक चला। समापन पर प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए। एनटीपीसी पांच माह बाद फॉलोअप लेकर उनके व्यक्तित्व विकास का आकलन करेगा।

जिप बैठक में 82 मुद्दों पर चर्चा

अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के दिए निर्देश

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, बिलासपुर। जिला परिषद की बैठक मंगलवार को जिला परिषद सभागार में अध्यक्ष लेख राम ठाकुर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त रुपिंदर कौर, जिला परिषद सदस्य और विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान सड़क, बिजली, पेयजल, परिवहन और स्वास्थ्य सहित 82 विभिन्न मदों पर चर्चा की गई।

जिला परिषद सदस्यों ने अपने क्षेत्रों से जुड़ी समस्याओं और विकास कार्यों के मुद्दे उठाते हुए संबंधित विभागों से शीघ्र कार्रवाई की मांग की। अध्यक्ष लेख राम ठाकुर ने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ जनसमस्याओं का प्राथमिकता और समयबद्ध तरीके से समाधान करने के निर्देश दिए।

◆ बंद बस रूट दोबारा शुरू करने की संभावनाएं तलाशने को कहा

उन्होंने हिमाचल पथ परिवहन निगम के अधिकारियों से लंबे समय से बंद बस रूटों की समीक्षा कर उन्हें दोबारा शुरू करने की संभावनाएं तलाशने को कहा।

अतिरिक्त उपायुक्त रुपिंदर कौर ने लंबित मामलों पर गंभीरता से कार्रवाई सुनिश्चित करने और निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में सदस्यों ने सड़क, पेयजल, बिजली, परिवहन और स्वास्थ्य से जुड़े कई मुद्दे उठाए।

विस चुनाव के लिए भाजपा ने कसी कमर

त्रिलोक जम्वाल बोले- समर्पित कार्यकर्ता ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, बिलासपुर। सदर विधानसभा क्षेत्र के सदर व बिलासपुर मंडलों की संगठनात्मक बैठकें मंगलवार को भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित हुईं। बैठकों में सदर विधायक त्रिलोक जमवाल ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया। प्रदेश प्रवक्ता स्वतंत्र सांख्यान, जिला अध्यक्ष कृष्णलाल चंदेल, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी स्वदेश ठाकुर और बिलासपुर मंडल अध्यक्ष पवन ठाकुर भी मौजूद रहे। इस दौरान संगठनात्मक विषयों पर चर्चा के साथ आगामी स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर कार्यकर्ताओं को तिरंगे वितरित किए गए।

त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता और मजबूत संगठन हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनने के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है और केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े पात्र व्यक्ति तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि सदर विधानसभा क्षेत्र भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा की कर्मभूमि रहा है। उनके प्रयासों से बिलासपुर में एम्स, हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज, फोरलेन और रेलवे जैसी बड़ी परियोजनाओं को गति मिली है।

त्रिलोक जम्वाल ने आरोप लगाया कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार राजनीतिक द्वेष के चलते भाजपा विधायकों के क्षेत्रों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। उन्होंने कांग्रेस पर विधानसभा चुनाव के दौरान दी गई 10 गारंटियां पूरी न करने का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश की जनता का कांग्रेस से मोहभंग हो चुका है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अगले वर्ष प्रस्तावित विधानसभा चुनाव के लिए अभी से तैयारियों में जुटने तथा केंद्र सरकार की उपलब्धियों और कल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया।

◆ सदर विधानसभा क्षेत्र की बैठकों में संगठन को मजबूत करने पर जोर

723 ग्राम चरस के साथ महाराष्ट्र के दो युवक गिरफ्तार

अनंत ज्ञान बिलासपुर। पुलिस थाना बरमाणा की टीम ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए घागस रैन शेल्टर में दो युवकों से 723 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, 10 अगस्त को बरमाणा पुलिस की टीम क्षेत्र में गश्त पर थी। इस दौरान घागस रैन शेल्टर में बैठे दो संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से कुल 723 ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपियों की पहचान शिवानन्द इंदी निवासी अक्कलकोट, जिला शोलापुर, महाराष्ट्र और आकाश परशुराम जाधव निवासी खारघर, जिला रायगढ़, महाराष्ट्र के रूप में हुई है। पुलिस थाना बरमाणा में एफआईआर संख्या 110/2026 के तहत धारा 20 व 29 एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अब चरस की सप्लाई के स्रोत और इसके बैकवर्ड व फॉरवर्ड लिंकेज की जांच कर रही है।

न्यूज ब्रीफ

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका के 64 पदों के लिए आवेदन आमंत्रित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा। बाल विकास परियोजना अधिकारी चुवाड़ी धर्मवीर ने बताया कि भटियात और डलहौजी उपमंडल के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यकर्ता व सहायिका के कुल 64 पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पात्र महिला उम्मीदवार 2 सितंबर 2026 तक आवेदन कर सकती हैं। आवेदक की आयु 18 से 35 वर्ष तथा शैक्षणिक योग्यता जमा दो होना अनिवार्य है। चयनित उम्मीदवारों का दस्तावेज सत्यापन व साक्षात्कार क्रमशः 8 और 11 सितंबर को होगा।

कलेला गांव में सड़क नहीं, ग्रामीणों ने डीसी से लगाई एंबुलेंस योग्य सड़क की गुहार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा। धिमला पंचायत के कलेला गांव के ग्रामीण आज भी सड़क सुविधा से महरूम हैं। ग्रामीणों ने उपायुक्त चंबा को आवेदन सौंपकर बगा से कलेला तक एंबुलेंस योग्य सड़क बनाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि आपात स्थिति में मरीजों को पालकी से ले जाना पड़ता है। बरसात में खड्ड उफान पर होने से गांव का संपर्क कट जाता है। ग्रामीणों ने सड़क के साथ आवश्यक स्थान पर पुल निर्माण की भी मांग की है।

बीपीएल चयन से जरूरतमंद परिवारों को मिलेगा कल्याणकारी योजनाओं का लाभ : कुलदीप

विधानसभा अध्यक्ष ने भटियात विकास खंड में चयनित बीपीएल परिवारों से किया संवाद

अनंत ज्ञान

राहुल सहगल, चंबा, (चुवाड़ी)। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने अंबेडकर भवन चुवाड़ी में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के सर्वे के आधार पर चयनित बीपीएल परिवारों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले वास्तविक जरूरतमंद परिवारों की पहचान कर उन्हें सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि बीपीएल परिवारों के चयन में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने आठ वर्गों में सर्वेक्षण करवाया है। इसका उद्देश्य ऐसे परिवारों को सूची में शामिल करना है, जो वास्तव में सरकारी सहायता के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व में अपात्र परिवारों के बीपीएल सूची में शामिल होने तथा जरूरतमंद परिवारों के वंचित रहने की शिकायतें मिलती रही हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए व्यापक सर्वेक्षण के माध्यम से पात्र परिवारों की पहचान की गई है। पठानिया ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार सामाजिक सुरक्षा और जनकल्याण को विशेष प्राथमिकता दे रही है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को आवास, शिक्षा, उपचार, पेंशन सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं का लाभ दिलाना सरकार का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण में किसी कारणवश वंचित रहे वास्तविक जरूरतमंद परिवार पात्रता पूरी करने पर नियमानुसार विचार के पात्र होंगे। विधानसभा अध्यक्ष ने उपस्थित लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को मौके पर ही समाधान किया। एसडीएम मनीष सोनी ने उनका स्वागत किया, जबकि बीडीओ अनिल गुराडा ने विकासखंड भटियात की जानकारी दी। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी, पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधि और चयनित बीपीएल परिवारों के लाभार्थी उपस्थित रहे।

अधिकारियों को पात्र परिवारों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के दिए निर्देश।

बारिश बनी आफत! पहाड़ी से आया भारी मलबा, घंटों थमा भटियात का यातायात

अनंत ज्ञान

भटियात। जिला चंबा के भटियात क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के बीच मंगलवार सुबह बरेऊ के पास पहाड़ी दरकने से भारी मात्रा में मलबा सड़क पर आ गिरा। इससे मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया और सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। राहगीरों और वाहन चालकों को घंटों परेशानी का सामना करना पड़ा।

जानकारी के अनुसार, सुबह करीब छह बजे अचानक पहाड़ी से मलबा और पत्थर सड़क पर आ गिरे, जिससे यातायात पूरी तरह थम गया। बारिश के बीच मार्ग बंद होने से परिवार और बच्चों के साथ सफर कर रहे लोगों को अधिक परेशानी झेलनी पड़ी। सूचना मिलते ही लोक निर्माण विभाग ने मलबा हटाने के लिए दो जेसीबी मशीनें मौके पर भेजीं। करीब साढ़े छह बजे से मार्ग बहाली का कार्य शुरू किया गया। भारी मात्रा में मलबा होने के कारण सड़क खोलने में समय लगा। लोक निर्माण विभाग ककीरा के सहायक अभियंता राजकुमार ने बताया कि मार्ग को जल्द यातायात के लिए बहाल करने के लिए मशीनरी लगातार काम कर रही है। लगातार भूस्खलन से क्षेत्र में सड़क सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

दो साल से भुगतान लंबित, वन विभाग के दैनिक वेतनभोगियों ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, चंबा। जिला मुख्यालय। वर्षों से वन विभाग की पौधशालाओं में मेहनत कर परिवार का पालन-पोषण करने वाले दैनिक वेतनभोगियों का धैर्य अब जवाब देने लगा है। करीब दो साल से भुगतान लंबित होने से नाराज कर्मचारियों ने मंगलवार को भाजपा नेता जय सिंह के नेतृत्व में काले झंडे लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन तहसीलदार कार्यालय के बाहर से शुरू हुआ।

इसके बाद प्रदर्शनकारी काले झंडे लेकर उपायुक्त कार्यालय पहुंचे और वहां धरना देकर अपना रोष जताया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि उन्होंने वर्षों तक ईमानदारी से काम किया, लेकिन मेहनत की कमाई पाने के लिए भी उन्हें कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। प्रदर्शन के बाद प्रतिनिधिमंडल ने एसी टू डीसी मनमोहन सिंह को ज्ञापन सौंपकर लंबित भुगतान जल्द जारी करने और समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की। भाजपा नेता जय सिंह ने कहा कि प्रभावित प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से भी मुलाकात कर समस्या उठा चुका है। मुख्यमंत्री की ओर से जल्द कार्रवाई का भरोसा दिया गया था, लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने कहा कि प्रभावित परिवार दो साल से भुगतान का इंतजार कर रहे हैं और बच्चों की पढ़ाई, राशन, दवाइयों सहित रोजमर्रा के खर्चों को लेकर परेशान हैं। जय सिंह ने चेतावनी दी कि यदि 15 अगस्त तक मामले में कार्रवाई नहीं हुई तो उपमुख्यमंत्री को काले झंडे दिखाकर विरोध किया जाएगा। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि वे किसी विशेष सुविधा की मांग नहीं कर रहे, बल्कि अपनी मेहनत की कमाई मांग रहे हैं। अब सभी की निगाहें सरकार के फैसले पर टिकी हैं।

बंदला गांव में कम वोल्टेज से ग्रामीण परेशान, नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग

अनंत ज्ञान

धरवाला। मैहला ब्लॉक के कुनेड पंचायत के बंदला गांव के ग्रामीणों ने एपीएमसी अध्यक्ष ललित ठाकुर से मुलाकात कर बंदला गांव में चल रही बिजली की समस्या का समाधान करने की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि कुनेड पंचायत के गांव बंदला व आसपास के तकरीबन 120 गांव वासियों को पिछले कई वर्षों से बिजली की कम वोल्टेज की समस्या लगातार बनी हुई है जिससे न केवल स्कूली छात्र-छात्राएं दीये की रोशनी में पढ़ने को मजबूर हैं, बल्कि बिजली के उपकरण भी जैसे टीवी फ्रिज इत्यादि भी जल्दी खराब हो रहे हैं वहीं कम वोल्टेज होने के कारण बिजली के उपकरण ज्यादा करंट खींचते हैं और बिजली का बिल भी औसतन से ज्यादा बढ़ रहा है जिससे दोहरी मार ग्रामीणों को झेलनी पड़ रही है।

वहीं दूसरी तरफ ग्रामीणों का आरोप है की लकड़ी के लगे खंभे जो अब बेहद जर्जर हो चुके हैं वह बिजली की झूलती तारें जमीन छू रही हैं जिससे खतरा लगातार

लोगों ने एपीएमसी अध्यक्ष ललित को सौंपा ज्ञापन

बना हुआ है यह स्थिति खासकर बरसात व सर्दियों के मौसम में और भी भयावह वह जानलेवा हो सकती है, स्थानीय लोगों अजीत कुमार, मोहित, रोहित ठाकुर, पंकज, विवेक कुमार, लक्की ठाकुर, सुनील कुमार, देवीलाल विक्की इत्यादि ग्रामीणों ने मांग की है कि कुनेड के गांव बंदला में नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया जाए ताकि ग्रामीणों को कम वोल्टेज की समस्या पेश ना आए वह जर्जर वह खराब हो चुके लकड़ी के खंभों को बदला जाए व जमीन को छूती हुई तारों को दुरुस्त किया जाए ताकि कोई अनहोनी ना हो। वहीं एपीएमसी अध्यक्ष ललित ठाकुर ने भी मौके पर संबंधित विभाग को अवगत करवाते हुए कुनेड पंचायत के बंदला गांव में जल्द नया ट्रांसफार्मर स्थापित करने व बिजली के जर्जर खम्भों व जमीन को छूती हुई तारों को जल्द दुरुस्त करने की बात कही ताकि ग्रामीणों को दिक्कतें पेश ना आएं।

कुनेड़ पंचायत के आधा दर्जन गांव सड़क से महरूम, एपीएमसी अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

अनंत ज्ञान

देशराज कश्यप धरवाला। विधानसभा क्षेत्र भरमौर की ग्राम पंचायत कुनेड़ के करीब आधा दर्जन गांव आज भी सड़क सुविधा से वंचित हैं। करीब 500 की आबादी वाले इन गांवों के ग्रामीणों को सड़क न होने के कारण स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार की जरूरतों को लेकर भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

मंगलवार को कुनेड़ पंचायत के ग्रामीणों ने एपीएमसी चंबा अध्यक्ष ललित ठाकुर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण के लिए आवश्यक धनराशि जल्द स्वीकृत करवाने और निर्माण कार्य में तेजी लाने की मांग की। ग्रामीणों के अनुसार वडियाड़ा, लाहड़ा, घलौया, बन्नी और बंदला सहित अन्य गांवों के लोगों को वर्षों से सड़क सुविधा का इंतजार है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क न होने के कारण मरीजों और गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाने के लिए कंधों और पालकी का सहारा लेना पड़ता है। वहीं, स्कूली और कॉलेज जाने वाले विद्यार्थियों को रोजाना दुर्गम एवं लंबे पगडंडी मार्ग से होकर गुजरना पड़ता है। कई बच्चे आगे की पढ़ाई जारी नहीं रख पाते, जबकि कुछ परिवार बच्चों की शिक्षा के लिए उन्हें रिश्तेदारों के यहां रखने या बाहर कमरा किराए पर लेने को मजबूर हैं। ग्रामीणों अजीत कुमार, मोहित कुमार, लक्की कुमार, रोहित कुमार, सुजिल और विवेक ठाकुर सहित अन्य प्रतिनिधियों ने कहा कि सड़क सुविधा उनके लिए केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, शिक्षा और बेहतर भविष्य की बुनियादी जरूरत है। एपीएमसी चंबा अध्यक्ष ललित ठाकुर ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उन्हें जल्द सड़क सुविधा से जोड़ने के लिए हरसंभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि दुर्गम क्षेत्रों के लोगों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखना उचित नहीं है।

महिलाओं, बुजुर्गों, विद्यार्थियों और मरीजों की परेशानी को देखते हुए सड़क निर्माण को प्राथमिकता दिलाने के प्रयास किए जाएंगे।

झारखंड-केरल के छात्रों की आवाज क्यों नहीं उठा रही कांग्रेस : भाजपा

अनंत ज्ञान

चंडीगढ़। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता चंडीगढ़ नरेश अरोड़ा ने चंडीगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष हरमोहिंदर सिंह लक्की से झारखंड और केरल में छात्रों के प्रदर्शनों को लेकर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड में अपनी मांगों को लेकर विधानसभा की ओर जा रहे छात्र-युवाओं पर पुलिस द्वारा लाठीचार्ज, आंसू गैस और वाटर कैनन का इस्तेमाल किए जाने की खबरें सामने आई हैं, लेकिन इस मामले में कांग्रेस के स्थानीय नेताओं की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई।

नरेश अरोड़ा ने कहा कि झारखंड में कांग्रेस सरकार का हिस्सा है और कांग्रेस के मंत्री भी सरकार में शामिल हैं। ऐसे में छात्रों पर हुई कार्रवाई को लेकर चंडीगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष की चुप्पी कई सवाल खड़े करती है। उन्होंने पूछा कि क्या छात्रों के अधिकारों और उनकी मांगों का समर्थन राजनीतिक परिस्थितियों को देखकर किया जाता है। उन्होंने केरलम में छात्रों के प्रदर्शन का भी जिक्र करते हुए कहा कि वहां भी छात्र अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। मीडिया में प्रदर्शनकारियों द्वारा घास और मिट्टी खाने जैसी खबरें सामने आई हैं। इसके बावजूद कांग्रेस अध्यक्ष की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई।

अरोड़ा ने हरमोहिंदर सिंह लक्की से पूछा कि कांग्रेस के सत्ता में रहने वाले राज्यों में छात्रों के साथ कार्रवाई होने पर वह कब आवाज उठाएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को दोहरे मापदंड छोड़कर छात्रों के मुद्दों पर अपना स्पष्ट रुख सामने रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष को अपनी चुप्पी तोड़कर जनता को बताना चाहिए कि झारखंड और केरलम के छात्रों के समर्थन में वे कब आवाज उठाएंगे।

रिंकी ने कबड्डी में लगातार दूसरी बार जीता सोना

भारतीय टीम की कप्तानी कर ट्राइडेंट कर्मचारी ने दर्ज की शानदार उपलब्धि

अनंत ज्ञान

पंजाब/चंडीगढ़। नेपाल के पोखरा में आयोजित 11वीं इंडो-नेपाल कबड्डी चैंपियनशिप-2026 में भारतीय कबड्डी टीम ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। टीम की कप्तानी कर रहीं ट्राइडेंट ग्रुप में कार्यरत रिंकी यादव ने इस जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतियोगिता 29 से 31 जुलाई तक आयोजित की गई। इस जीत के साथ रिंकी यादव ने इंडो-नेपाल कबड्डी चैंपियनशिप में लगातार दूसरी बार स्वर्ण पदक हासिल किया है। इससे पहले जनवरी 2026 में आयोजित 10वीं इंडो-नेपाल चैंपियनशिप में भी रिंकी भारतीय टीम का हिस्सा रहीं थीं और टीम ने स्वर्ण पदक जीता था।

लगातार दो चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतना रिंकी की खेल के प्रति निरंतर मेहनत, अनुशासन और समर्पण को दर्शाता है। खास बात यह है कि रिंकी खेल के साथ-साथ अपनी पेशेवर

जिम्मेदारियों भी निभा रही हैं। कार्यस्थल की जिम्मेदारियों और राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं के बीच तालमेल बनाकर उन्होंने अपने प्रदर्शन को लगातार बेहतर किया है।

अपनी उपलब्धि पर रिंकी यादव ने कहा, '11वीं इंडो-नेपाल चैंपियनशिप 2026 में गोल्ड मेडल जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा होना मेरे लिए बहुत गर्व की बात है और लगातार दूसरी बार इस चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतना मेरे लिए विशेष है। मैं अपने परिवार, टीम के साथियों और ट्राइडेंट ग्रुप के सहयोग के लिए आभारी हूं, जिन्होंने मेरी खेल यात्रा को आगे बढ़ाने के लिए लगातार

इंडो-नेपाल चैंपियनशिप में चमकाया नाम

प्रोत्साहित किया।' उन्होंने ट्राइडेंट ग्रुप के चेयरमैन एमेरिटस पद्मश्री राजिंदर गुप्ता का भी आभार व्यक्त किया। रिंकी ने कहा कि प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और उन्हें अपनी क्षमता के अनुरूप आगे बढ़ने का अवसर देने वाली सोच ने उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित किया है।

रिंकी की उपलब्धि ट्राइडेंट ग्रुप में कर्मचारियों को कार्यक्षेत्र के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में भी अपनी प्रतिभा विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करने की संस्कृति को दर्शाती है। ग्रुप की 'अर्न, लर्न एंड ग्रो' की सोच के तहत कर्मचारियों को अपनी क्षमताओं को निखारने और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

ज्ञान ज्योति संस्थान में ओरिएंटेशन कार्यक्रम शुरू

अनंत ज्ञान

गुरनाम सागर, साहिबजादा अजीत सिंह नगर। ज्ञान ज्योति इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, फेज-2, मोहाली में नए विद्यार्थियों के स्वागत के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम 2026 का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक प्रार्थना के साथ हुई। विद्यार्थियों को संस्थान के इतिहास, मूल्यों, नेतृत्व, छात्र सहायता प्रणाली तथा अकादमिक और व्यावसायिक विकास के अवसरों की जानकारी दी गई।

ज्ञान ज्योति ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन जे.एस. बेदी ने विद्यार्थियों को अनुशासन, निरंतर सीखने और उपलब्ध अवसरों का बेहतर उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), भविष्य के लिए जरूरी कौशल, शिक्षण पद्धति, छात्र जीवन, करियर विकास और प्लेसमेंट से जुड़े विशेष सत्र आयोजित किए गए। संस्थान के निदेशक डॉ. अनीत बेदी ने कहा कि ओरिएंटेशन विद्यार्थियों की संस्थान के साथ यात्रा का पहला कदम है। उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मविश्वासी, जिम्मेदार और भविष्य के लिए तैयार प्रोफेशनल बनने के लिए प्रेरित किया।

नए छात्रों को संस्थान की विरासत, करियर और एआई कौशल से कराया परिचित

स्वच्छता कर्मियों की सुरक्षा के लिए रेकिट एएससीआई ने लॉन्च किया 'सेफर चैलेंज'

अनंत ज्ञान

चंडीगढ़। स्वच्छता कर्मियों की सुरक्षा को मजबूत बनाने के उद्देश्य से रेकिट और एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज ऑफ इंडिया (एएससीआई) ने 'सेफर चैलेंज' नाम से राष्ट्रीय इनोवेशन चैलेंज लॉन्च किया है। इसके तहत स्टार्टअप्स, इंजीनियर्स, शोधकर्ताओं, शैक्षणिक संस्थानों और तकनीकी नवोन्मेषकों को ऐसे किफायती और पहनने योग्य गैस डिटेक्शन उपकरण विकसित करने के लिए आमंत्रित किया गया है, जो सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान स्वच्छता कर्मियों की सुरक्षा में मदद कर सकें।

इस चैलेंज में विजेता को पांच लाख रुपये, प्रथम उपविजेता को दो लाख रुपये और द्वितीय उपविजेता को एक लाख रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। चयनित नवाचारों को व्यापक स्तर पर अपनाए जाने के अवसर भी उपलब्ध कराए जाएंगे। इच्छुक प्रतिभागी एक सितंबर तक आवेदन कर सकते हैं, जबकि विजेताओं की घोषणा दो

सीवर सफाई में सुरक्षा बढ़ाने को राष्ट्रीय इनोवेशन चैलेंज, विजेता को मिलेंगे 5 लाख

जहरीली गैसों से बचाव के लिए पहनने योग्य डिवाइस विकसित करने का मौका

अक्टूबर को की जाएगी।

रेकिट के साउथ एशिया, एमइएनएआरपी एवं अफ्रीका के कम्युनिकेशंस एवं कॉर्पोरेट अफेयर्स डायरेक्टर रवि भटनागर ने कहा कि भारत ने प्रत्येक घर तक शौचालय की पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है। अब अगला चरण स्वच्छता व्यवस्था को अधिक सुरक्षित, प्रभावी और टिकाऊ बनाने पर केंद्रित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हार्पिक वर्ल्ड टॉयलेट कॉलेज के माध्यम से कंपनी कौशल विकास को बढ़ावा देने के साथ स्वच्छता कर्मियों के सम्मान और सुरक्षा को मजबूत करने के लिए लगातार काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि एएससीआई के साथ साझेदारी में शुरू किया गया 'सेफर चैलेंज' इसी प्रतिबद्धता का विस्तार है। इसका उद्देश्य सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण चुनौतियों के समाधान के लिए ऐसे तकनीकी नवाचारों को प्रोत्साहित करना है, जिन्हें बड़े स्तर पर लागू किया जा सके। सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान जहरीली गैसों के संपर्क तथा ऑक्सीजन की कमी वाला वातावरण स्वच्छता कर्मियों के लिए गंभीर जोखिम पैदा करता है। चैलेंज के माध्यम से खतरनाक गैसों की समय रहते पहचान, कार्यस्थल से जुड़े जोखिमों में कमी और सुरक्षित स्वच्छता व्यवस्था को बढ़ावा देने वाले समाधान विकसित करने पर जोर दिया जाएगा। यह पहल देश में सुरक्षित और अधिक मशीनीकृत स्वच्छता प्रणाली विकसित करने के प्रयासों को गति देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

सेना प्रमुख ने हरियाणा के राज्यपाल के साथ की बैठक

अनंत ज्ञान

चंडीगढ़। आर्मी चीफ जनरल धीरज सेठ ने मंगलवार को हरियाणा लोक भवन में हरियाणा के गवर्नर प्रो. असीम कुमार घोष से मुलाकात की। इस बातचीत के दौरान सिविल-मिलिट्री तालमेल और क्षेत्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में लेडी गवर्नर मित्रा घोष, वेस्टर्न कमांड के आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल पुष्पेंद्र सिंह, गवर्नर के सचिव विजय कुमार भाविक्ट्री और आर्मी हेडक्वार्टर व राज्य सरकार के अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

इंडियन आर्मी की कमान संभालने के बाद आर्मी चीफ की गवर्नर के साथ यह पहली मुलाकात थी। बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा हुई, जिनमें आंतरिक सुरक्षा, युवाओं का सशक्तिकरण, अग्निवीरों का रोजगार, पूर्व सैनिकों का कल्याण, हाउसिंग प्रोजेक्ट, आत्मनिर्भरता की दिशा में उठाए गए कदम और ऑपरेशनल तैयारी शामिल हैं। बैठक में प्राकृतिक आपदाओं से निपटने और उनके असर को कम करने के उपायों पर भी चर्चा की गई। राज्य से ताल्लुक रखने वाले इंडियन आर्मी के खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन की भी तारीफ की गई। आर्मी चीफ ने राष्ट्रीय सुरक्षा और राष्ट्र-निर्माण के प्रति इंडियन आर्मी की प्रतिबद्धता और संकल्प के बारे में गवर्नर को भरोसा दिलाया। बैठक का समापन यादगार तोहफों के आदान-प्रदान के साथ हुआ।

हरभजन सिंह पर भड़के हरपाल सिंह चीमा, बोले- पंजाब को बदनाम करने वाला कंटेंट न करें शेयर

अनंत ज्ञान

गुरनाम सागर, चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी (आप) के सीनियर नेता और पंजाब के कैबिनेट मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने राजस्थान का एक वीडियो शेयर करने, उसे गलत तरीके से पंजाब से जोड़ने और राज्य और उसके युवाओं को बदनाम करने की कोशिश करने के लिए पूर्व इंडियन क्रिकेटर और राज्यसभा मेंबर हरभजन सिंह पर निराशा जताई है।

मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने इस बात पर दुख जताया कि हरभजन सिंह, जिन्हें आप ने पंजाब के हितों को रिप्रेजेंट करने और राज्य के युवाओं के लिए काम करने के लिए राज्यसभा भेजा था, अब भाजपा के कैंपेन को प्रमोट कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'हरभजन सिंह को पंजाब के युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित करने के लिए और उनके भविष्य से जुड़े मुद्दे उठाने के लिए अपने प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करना चाहिए था, न कि गुमराह करने वाला कंटेंट शेयर करना चाहिए था जो पंजाब की छवि को ठेस पहुंचाता है।

हरभजन सिंह के शेयर किए गए वीडियो का ज़िक्र करते हुए उन्होंने बताया, 'पंजाब पुलिस ने वीडियो की जांच की और पाया कि यह असल में भाजपा शासित राजस्थान के गंगानगर का है और इसका पंजाब से कोई लेना-देना नहीं है। हरपाल सिंह चीमा ने आगे कहा, 'तथ्यों की जांच करने के बजाय, भाजपा की आईटी मशीनरी दूसरे राज्यों से वीडियो उठाकर उन्हें पंजाब की घटनाओं के तौर पर दिखा रही है ताकि हमारे राज्य और उसके युवाओं को बदनाम किया जा सके। पंजाब सरकार के 'युद्ध नशेआं विरुद्ध' मुहिम पर जोर देते हुए, कैबिनेट मंत्री ने कहा, 'भाजपा, नशों के विरुद्ध लड़ाई में भगवंत मान सरकार की तरक्की को कमजोर करने की कोशिश कर रही है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने एक दृढ़ 'युद्ध नशेआं विरुद्ध' मुहिम शुरू किया है, और हम सरकार ड्रग्स को खत्म करने और पंजाब के युवाओं को बेहतर मौके देने के लिए हर लेवल पर काम कर रही है। पंजाब में भाजपा के रिकॉर्ड की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा, 'भाजपा को अपना रिकॉर्ड भी देखना चाहिए। 2007 से 2017 तक अकाली-भाजपा सरकार के 10 सालों के दौरान ड्रग्स का खतरा बढ़ गया था। इसी दौरान 'चिट्टा' और 'स्मैक' जैसे शब्द पंजाब से बड़े पैमाने पर जुड़ गए, जिसकी वजह से अनगिनत युवाओं की ज़िंदगी ड्रग्स की गिरफ्त में आकर बर्बाद हो गई।

खेल ढांचे पर सरकार के फोकस के बारे में बताते हुए हरपाल सिंह चीमा ने कहा, 'भगवंत मान सरकार युवाओं को पॉजिटिव विकल्प देने के लिए स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत कर रही है। पंजाब में 3,000 से ज्यादा स्पोर्ट्स स्टेडियम बनाए गए हैं, जबकि 6,000 और तैयार किए जा रहे हैं। हम स्पोर्ट्स में इन्वेस्ट कर रहे हैं क्योंकि हम चाहते हैं कि पंजाब के युवा नशों से दूर रहें और एक खुशहाल और बेहतर भविष्य की ओर बढ़ें।' मंत्री ने कहा, 'पंजाब के युवा और किसान भाजपा के प्रोपेगैंडा से गुमराह नहीं होंगे।

खूबसूरत पूर्व जिमनास्ट फराह हादी

फराह एन अब्दुल हादी मलेशिया की एक खूबसूरत पूर्व कलात्मक जिमनास्ट और ओलंपियन हैं, जिन्होंने 2020 टोक्यो ओलंपिक में भाग लिया था। उन्होंने सीईए गेम्स में कई स्वर्ण पदक जीते हैं और 2010 से 2014 के बीच राष्ट्रमंडल खेलों में भी देश का प्रतिनिधित्व किया था।

आईएलटी-20 के 5वें सत्र में स्टार खिलाड़ी लगाएंगे चौके और छक्के

मिलर, फिन एलेन व क्लासेन से बढ़ेगा बल्लेबाजी का रोमांच, स्टोइनिस की भी वापसी

एजेंसी, दुबई

डेविड मिलर, फिन एलेन और हेनरिक क्लासेन जैसे दिग्गज टी-20 बल्लेबाजों के जुड़ने से डीपी वर्ल्ड आईएलटी-20 के पांचवें सत्र में बल्लेबाजी का रोमांच बढ़ने वाला है। तीनों खिलाड़ियों को पांचवें सत्र के लिए नीलामी से पहले टीमों ने अपने साथ जोड़ा है। ऑस्ट्रेलिया के विस्फोटक ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस भी तीन साल के अंतराल के बाद टूर्नामेंट में वापसी करेंगे। न्यूजीलैंड के फिन एलेन अबू धाबी नाइट राइडर्स, जबकि दक्षिण अफ्रीका के डेविड मिलर और हेनरिक क्लासेन गल्फ जायंट्स का हिस्सा होंगे। इन तीनों खिलाड़ियों की यह आईएलटी20 में पहली उपस्थिति होगी। स्टोइनिस दुबई कैपिटल्स के लिए खेलेंगे।

आईएलटी-20 के चर्चित खिलाड़ियों में शामिल जेसन होल्डर और सुनील नरेन अबू धाबी नाइट राइडर्स, शिमरोन हेटमायर डेजर्ट वाइपर्स, जबकि रोवमैन पॉवेल और मुस्तफिजुर रहमान दुबई कैपिटल्स में लौटे हैं। गत चैंपियन डेजर्ट वाइपर्स ने एंड्रीस गाउस और डैन लॉरेंस को भी बरकरार रखा है। अजमतुल्लाह उमरजई और

ब्लेसिंग मुजाराबानी गल्फ जायंट्स में लौट आए हैं। टी-20 क्रिकेट के सबसे आक्रामक सलामी बल्लेबाजों में शुमार फिन एलेन ने टी-20 विश्व कप-2026 के सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ केवल 33 गेंदों में शतक लगाया था। 27 वर्षीय एलेन ने न्यूजीलैंड के लिए 62 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 1,663 रन बनाए हैं, जिसमें तीन शतक शामिल हैं। उनका स्ट्राइक रेट 170.73 रहा है।

डेविड मिलर दक्षिण अफ्रीका के अनुभवी मध्यक्रम बल्लेबाज हैं। उन्होंने 140 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 2,804 रन बनाए हैं। उनका औसत 33.78 और स्ट्राइक रेट 141.40 है। विकेटकीपर-बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने दक्षिण अफ्रीका के लिए 58 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 1,000 रन बनाए हैं। उन्हें खास तौर पर स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए जाना जाता है। क्लासेन करीब 300 टी-20 मैच खेल चुके हैं और उनके नाम इस प्रारूप में लगभग 7,000 रन हैं। 2021 में टी-20 विश्व कप विजेता मार्कस स्टोइनिस एक दशक से अधिक समय से ऑस्ट्रेलिया की सीमित ओवरों की टीम का अहम हिस्सा रहे हैं। उन्होंने 87 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 1,416 रन बनाए हैं। इसके अलावा दाएं हाथ के मध्यम गति के गेंदबाज स्टोइनिस ने 53 विकेट भी लिए हैं। नीलामी से पहले शामिल किए गए अन्य खिलाड़ियों में अमेरिका के मैथ्यू ट्रॉम्प को अबू धाबी नाइट राइडर्स, अफगानिस्तान के मुजीब उर रहमान को डेजर्ट वाइपर्स, नूर अहमद को दुबई कैपिटल्स, वेस्टइंडीज के शेरफेन रदरफोर्ड को एमआई एमिरेट्स तथा एडम मिल्ने, जेम्स विंस और वकार सलामखेल को शारजाह वॉरियर्स ने अपने साथ जोड़ा है।

छहों फ्रेंचाइजियों ने विदेशी खिलाड़ियों के लिए नीलामी पूर्व चयन प्रक्रिया पूरी कर ली है। प्रत्येक टीम अधिकतम चार खिलाड़ियों को नीलामी से पहले अपने साथ जोड़ सकती थी। अब टीमों को यूएई, कुवैत, सऊदी अरब और अन्य विदेशी खिलाड़ियों को शामिल करने का अवसर मिलेगा। प्रत्येक टीम में न्यूनतम 18 और अधिकतम 23 खिलाड़ी हो सकते हैं। डीपी वर्ल्ड आईएलटी-20 सीजन 5 की खिलाड़ी नीलामी 1 अक्तूबर को दुबई में होगी। नीलामी के बाद प्रत्येक टीम एक अतिरिक्त वाइल्डकार्ड खिलाड़ी को भी शामिल कर सकेगी। (अनंत ज्ञान)

राशिद के ऑलराउंड प्रदर्शन से अफगानिस्तान की जीत

एजेंसी, बेलफास्ट

आयरलैंड को तीन विकेट से हराया, 2027 विश्व कप के लिए सीधे क्वालिफाई

अफगानिस्तान ने राशिद खान के ऑलराउंड खेल के दम पर आयरलैंड को तीसरे एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 31 गेंद शेष रहते हुए तीन विकेट से हराकर पांच मैच की श्रृंखला में 2-0 की बढ़त हासिल कर ली।

आयरलैंड की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 46.3 ओवर में 206 रन बनाकर आउट हो गई। एक समय उसका स्कोर आठ विकेट पर 128 रन था। इसके बाद गेविन होए (36) और जय मूंदड़ा (31) ने नौवें विकेट के लिए 76 रन की साझेदारी की। अफगानिस्तान की तरफ से राशिद ने 44 रन देकर तीन और एएम गजनफर ने 29 रन देकर तीन विकेट लिये। इसके जवाब में अफगानिस्तान सलामी बल्लेबाज रहमनुल्लाह गुरबाज के 71 रन के बावजूद छह विकेट पर 164 रन बनाकर संघर्ष कर रहा था।

राशिद ने यहीं से मोर्चा संभाला और 43 गेंद पर नाबाद 37 रन बनाकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। आयरलैंड की तरफ से होए ने 34 रन देकर चार विकेट लिए। इन दोनों टीम के बीच पहला मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था जबकि अफगानिस्तान ने दूसरा मैच 92 रन से जीता था। (अनंत ज्ञान)

स्पोर्ट्स विंडो

पहला सेट गंवाने के बाद एलिना स्वितोलिना की शानदार वापसी

एजेंसी, टोरंटो। एलिना स्वितोलिना ने टोरंटो में नेशनल बैंक ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा पर तीन सेट की जीत के साथ डब्ल्यूटीए 1000 मैचों में अपनी लगातार जीत का सिलसिला 10 तक बढ़ाया। पिछले राउंड में दुनिया की नंबर 1 आर्यना सबालेंका को हराने में मदद करने वाले उसी आक्रामक बेसलाइन गेम का इस्तेमाल करते हुए, एलेक्जेंड्रोवा ने पहला सेट 6-3 से जीता, इससे पहले कि स्वितोलिना अपनी लय में आ जातीं। नंबर 9 सीड और 2017 की चैंपियन ने अगले 12 में से 11 गेम जीते और दूसरा सेट 6-0 से जीता और निर्णायक सेट में 5-1 की बढ़त बना ली। हालांकि एलेक्जेंड्रोवा ने थोड़ी देर के लिए वापसी करते हुए स्कोर 5-3 कर लिया, लेकिन स्वितोलिना ने नौवें गेम में ब्रेक करके 1 घंटे, 33 मिनट में 3-6, 6-0, 6-3 से जीत हासिल की। (अनंत ज्ञान)

स्वियाटेक ने डायना श्नाइडर को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई

एजेंसी, टोरंटो। इगा स्वियाटेक का सीजन वैसा नहीं रहा जैसा वह आदी है, लेकिन हाल ही में ऐसे संकेत मिले हैं कि वह फिर से अपना सबसे अच्छा टेनिस खेल रही है। सोमवार रात टोरंटो में एक और मौका मिला। नंबर 7 सीड ने टोरंटो क्वार्टरफाइनल में नंबर 15 सीड डायना श्नाइडर को हरा दिया- जो जेसिका पेगुला को हराकर आ रही थीं- और 64 मिनट तक चले मैच में 6-2, 6-1 के स्कोर में सिर्फ तीन गेम हारीं। स्वियाटेक ने कोर्ट पर अपने इंटरव्यू में कहा कि मैं कोर्ट पर अच्छा महसूस कर रही हूं। मुझे पता है कि मैंने कितनी प्रैक्टिस की और हमने प्रैक्टिस के दौरान क्या किया। इससे मुझे कॉन्फिडेंस मिल रहा है। बस उस दिन अच्छी जगह पर होने और उसका इस्तेमाल करने की बात है। इसलिए मैं हर दिन अपना बेस्ट देने की कोशिश कर रही हूं, अपने रूटीन बनाए रख रही हूं, सच में फोकस्ड रह रही हूं, और पक्का, मैं सेमीफाइनल में पहुंचकर बहुत खुश हूं। (अनंत ज्ञान)

आर्यन ने दूसरे छोर पर निभाई अहम भूमिका : कप्तान अनुज

एजेंसी, नई दिल्ली। कप्तान अनुज रावत की 92 रन की तूफानी पारी और आर्यन गौर के नाबाद अर्धशतक की बदौलत पुरानी दिल्ली 6 ने दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) 2026 में सोमवार रात आउटर दिल्ली वॉरियर्स को सात विकेट से हराया। जीत के बाद रावत ने अपनी पारी और आर्यन गौर के साथ साझेदारी को टीम की सफलता में अहम बताया। 166 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पुरानी दिल्ली 6 ने नौ रन पर दो विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद रावत ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए पारी को संभाला, जबकि गौर ने दूसरे छोर पर उनका शानदार साथ दिया। रावत ने कहा कि विकेट थोड़ा धीमा था, इसलिए योजना सामान्य तरीके से खेलने और कुछ अतिरिक्त करने की कोशिश नहीं करने की थी। हालांकि, जब बाएं हाथ के स्पिनर ने गेंदबाजी शुरू की और हमने शुरुआती दो विकेट गंवा दिए, तो मुझे लगा कि टीम के लिए आगे आकर प्रभावशाली पारी खेलना जरूरी है। गौर के साथ साझेदारी पर उन्होंने कहा कि जब मैंने एक अच्छा शॉट लगाया तो लय बननी शुरू हो गई और आर्यन ने भी दूसरे छोर पर बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रावत ने महज 38 गेंदों में 92 रन बनाए, जबकि आर्यन गौर ने 40 गेंदों में नाबाद 57 रन की पारी खेली। दोनों ने मिलकर पुरानी दिल्ली 6 को मजबूत स्थिति में पहुंचाया और टीम ने 16वें ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। इस जीत के बाद पुरानी दिल्ली 6 के छह मैचों में सात अंक हो गए हैं। (अनंत ज्ञान)

मेस्सी के दौरे को लेकर विवाद : केरल के खेल विभाग ने सरकार को सौंपी जांच रिपोर्ट

एजेंसी, तिरुवनंतपुरम

पिछली सरकार की घोषणा पर उठे सवाल, 126 करोड़ खर्च का भी दावा

केरल के खेल विभाग ने पिछली सरकार के कार्यकाल के दौरान दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी और अर्जेंटीना टीम के प्रस्तावित दौरे से जुड़े विवाद की जांच रिपोर्ट सौंप दी है। राज्य के खेल मंत्री ओ जे जनीश ने सोमवार को यह जानकारी दी। मंत्री ने पत्रकारों को बताया कि खेल विभाग के विशेष सचिव ने विभाग के पास उपलब्ध फाइलों की जांच के बाद तैयार की गई रिपोर्ट को आगे की कार्रवाई के लिए सरकार को सौंप दिया है। जनीश ने कहा कि रिपोर्ट गोपनीय है और इसलिए वह इस पर विस्तार से बात नहीं कर सकते हैं। सरकार तमाम पहलुओं को ध्यान में रखते हुए उचित फैसला लेगी। उन्होंने कहा, ''रिपोर्ट गोपनीय है। मैं फिलहाल केवल इतनी ही जानकारी दे सकता हूं। सरकार इस पर उचित फैसला करेगी और और बाद में सभी को इससे सूचित कर दिया जाएगा।'' मंत्री ने कहा कि मीडिया और फुटबॉल प्रशंसकों के सवालों को ध्यान में रखते हुए विभाग ने जांच शुरू की थी कि पिछली सरकार द्वारा मेस्सी को केरल लाने की घोषणा क्यों साकार नहीं हुई। यह विवाद पूर्व खेल मंत्री वी अब्दुर्रहिमान के कार्यकाल से जुड़ा है, जिन्होंने घोषणा की थी कि मेस्सी और अर्जेंटीना की टीम केरल का दौरा करेगी। अब्दुर्रहिमान ने दावा किया था कि उन्होंने प्रस्तावित दौरे के संबंध में स्पेन की यात्रा की थी और अर्जेंटीना के अधिकारियों के साथ बातचीत की थी। एक प्रायोजक ने भी दावा किया था कि उसने मेस्सी को अर्जेंटीना लाने के लिए लगभग 126 करोड़ रुपये खर्च किए थे। लेकिन मेस्सी और अर्जेंटीना की टीम केरल के दौरे पर नहीं आई। (अनंत ज्ञान)

रोहित पॉडेल की जगह लैमिछाने दोबारा बने नेपाल के वनडे कप्तान

एजेंसी, काठमांडू। लेग स्पिनर संदीप लैमिछाने ने एसीसी पुरुष प्रीमियर कप से पहले बतौर वनडे कप्तान रोहित पॉडेल की जगह ली है। 30 अगस्त से 12 सितंबर तक मलेशिया में आयोजित होने वाले टूर्नामेंट के लिए क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ नेपाल ने 14 सदस्यीय दल की घोषणा की है। यह नेपाल के कप्तान के तौर पर लैमिछाने का दूसरा कार्यकाल होगा। इससे पहले वह 2022 में 14 वनडे और 18 टी 20 में नेपाल की कप्तानी कर चुके हैं। नेपाल की कप्तानी में बदलाव आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप लीग 2 में नेपाल की लगातार चार हार के बाद किया गया है। आठ टीमों वाली इस प्रतिस्पर्धा में नेपाल की टीम सातवें स्थान पर रही।

फील्डिंग करते समय विराट का जोश अन्य खिलाड़ियों को भी करता प्रेरित: टी दिलीप

एजेंसी, नई दिल्ली

भारत के पूर्व फील्डिंग कोच टी दिलीप ने कहा विराट कोहली का क्षेत्ररक्षण करते समय जोश अन्य खिलाड़ियों पर भी सकारात्मक प्रभाव डालता है और इससे कम से कम पांच अन्य खिलाड़ी अपनी सीमा से बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित होते हैं। इतिहास दिलीप का भारतीय टीम के साथ लगभग पांच साल का कार्यकाल हाल ही में इंग्लैंड दौरे के बाद समाप्त हुआ। उन्होंने अभ्यास और मैच के दौरान जोश और जज्बा बनाए रखने के लिए भी कोहली की सराहना की।

दिलीप ने जियोस्टार से कहा कि जब विराट कोहली की बात आती है, तो उनके जोश का कोई सानी नहीं है। आपने उन्हें पावरप्ले में देखा है, एक बल्लेबाज के रूप में उनका खेल देखा है। चाहे वह कवर पर हों या शॉर्ट मिड-विकेट पर, उनकी फुर्ती और उनकी ड्राइव का कोई जवाब नहीं है।

उन्होंने कहा कि पिछली श्रृंखला में भी वह शानदार ड्राइव लगा रहे थे और काफी चुस्त दुरुस्त थे। वह खेल में हर समय अपना सब कुछ झोंक देते हैं।

दिलीप ने कहा कि अपने करियर के इस मोड़ पर भी वह ठीक ओवरों में एक छोर से दूसरे छोर तक दौड़ते हैं। जब फील्डिंग फैली होती है तो सर्कल से बाहर निकलने वाले वह पहले खिलाड़ी होते हैं। टीम के लिए ऐसा करना शानदार है। दिलीप ने कहा कि कोहली के इस जोश का अन्य खिलाड़ियों पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि विराट कोहली के लिए अभ्यास सत्र और मैच में ज्यादा फर्क नहीं होता। बात सिर्फ विराट की नहीं है; बल्कि उन पांच अन्य खिलाड़ियों की भी है जिन्होंने विराट कोहली के साथ फील्डिंग करते हुए अपनी सीमाओं को पार किया है। यही उनका टीम पर प्रभाव है। दिलीप के भारत के फील्डिंग कोच के रूप में कार्यकाल में 2024 टी20 विश्व कप में टीम की जीत शामिल थी। उन्होंने अपने कार्यकाल का सबसे अच्छा क्षण बताया। उन्होंने कहा कि अगर मैं अपने सबसे बेहतरीन पल को याद करूं, तो मुझे बारबाडोस 2024 याद आता है, न सिर्फ ट्रॉफी, बल्कि उसके बाद ड्रेसिंग रूम का माहौल। मैं उस पल को हमेशा अपने मन में संजोकर रखूंगा। (अनंत ज्ञान)

सोना 1.52 लाख व चांदी पहुंची 2.34 लाख

अगस्त माह के 10 दिन में ही सोना 9,630 व चांदी 15,985 रुपए महंगी

एजेंसी, नई दिल्ली

सोने-चांदी की कीमत में आज यानी 11 अगस्त को बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 1,849 रुपए बढ़कर 1.52 लाख रुपए पर पहुंच गया है। एक किलो चांदी की कीमत 2,907 रुपए बढ़कर 2.34 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इस महीने यानी अगस्त में सिर्फ 10 दिन में ही सोना 9,630 और चांदी 15,985 रुपए महंगी हो चुकी है। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 19 हजार रुपए महंगा हुआ है। 31 दिसंबर 2025 को 10g सोना 1.33 लाख रुपए का ऊपर था, जो अब 1.53 लाख रुपए पर पहुंच गया है। चांदी की कीमत में 4 हजार रुपए की बढ़त है। चांदी 31 दिसंबर 2025 को 2.30 लाख रुपए किलो थी, जो अब 2.34 लाख रुपए पर है। इस दौरान 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का ऑलटाइम हाई भी बनाया था।

सेंसेक्स में 388 व निफ्टी में 112 अंक की गिरावट

एजेंसी, मुंबई। शेयर बाजार में मंगलवार को गिरावट रही। सेंसेक्स 388 अंक की गिरावट के साथ 78,154 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 112 अंक की गिरावट रही, ये 24,472 पर बंद हुआ। मेटल, एफएमजीसी और रियल्टी शेयर्स में आज ज्यादा बिकवाली रही। मोलबायो डायग्नोस्टिक्स और धृत ट्रांसमिशन के आईपीओ ओपन हैं। मोलबायो डायग्नोस्टिक्स आईपीओ के जरिए 939.70 करोड़ और धृत ट्रांसमिशन 3,066.89 करोड़ रुपए जुटाना चाहती हैं। इन दोनों ही आईपीओ में 12 अगस्त तक पैसा लगा सकेंगे। इससे पहले कल यानी 19 अगस्त को शेयर बाजार में मामूली बढ़त रही थी। सेंसेक्स 43 अंक की बढ़त के साथ 78,542 पर बंद हुआ था। निफ्टी में भी 13 अंक की बढ़त रही, ये 24,584 पर बंद हुआ था।

युद्धपोतों को बोस्फोरस से होते हुए काला सागर में जाने की इजाजत नहीं देगा अंकारा

एजेंसी, अंकारा। तुर्किए सरकार के एक सूत्र ने रिया नोवोस्ती को बताया कि तुर्किए का अपने जलडमरूमध्य से युद्धपोतों को गुजरने देने का कोई इरादा नहीं है, भले ही नाटो देशों की ओर से काला सागर में सैन्य जहाजों की पहुंच बढ़ाने का दबाव बनाने की मीडिया रिपोर्टें आ रही हैं।

इससे पहले अगस्त में, 'तुर्किये' अखबार ने रिपोर्ट दी थी कि काला सागर में जारी तनाव के बीच कई नाटो देश अंकारा पर दबाव डाल रहे हैं कि वह बोस्फोरस और डार्डानेल्स से युद्धपोतों की आवाजाही को और आसान बनाए। अखबार के अनुसार, यूक्रेन संघर्ष और नेविगेशन (जहाजों के आवागमन) से जुड़े जोखिमों के कारण सैन्य जहाजों की पहुंच का मुद्दा और भी अहम हो गया है।

सूत्र ने कहा, 'तुर्की के जलडमरूमध्य में युद्धपोतों को जाने की इजाजत नहीं है। अंकारा मॉन्ट्रो कन्वेंशन के नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करता है और किसी को भी इन नियमों को दरकिनार करने की अनुमति नहीं देता है। तुर्की जलडमरूमध्य से सैन्य जहाजों की आवाजाही से जुड़े अंतरराष्ट्रीय दायित्वों का सख्ती से पालन करना जारी रखेगा। (अनंत ज्ञान)

विश्व कप में भारत के 'ट्रंपकार्ड' साबित होंगे हरमनप्रीत : जुगराज

एजेंसी, नई दिल्ली

भारत के पूर्व स्टार ड्रैग फ्लिकर जुगराज सिंह को कप्तान हरमनप्रीत सिंह से आगामी विश्व कप में बड़ी उम्मीदें हैं। उनका मानना है कि हरमनप्रीत भारतीय टीम के 'ट्रंपकार्ड' साबित हो सकते हैं। जुगराज ने कहा कि हरमनप्रीत दुनिया के शीर्ष तीन ड्रैग फ्लिकरों में शामिल हैं और टीम को जरूरत के समय लगातार अच्छा प्रदर्शन करने की उनकी क्षमता उन्हें खास बनाती है।

जुगराज ने कहा कि हरमनप्रीत का खेलने का अंदाज और आक्रामकता उन्हें अपने शुरुआती करियर की याद दिलाती है। दोनों सुरजीत हॉकी अकादमी से निकले हैं। उन्होंने कहा, ''उसका स्टाइल हूबहू मेरे जैसा है। उसका खेलने का तरीका और आक्रामकता मुझे अपनी याद दिलाता है। उसमें मुझे अपना अक्स नजर आता है।'' उन्होंने बताया कि हर टूर्नामेंट या शिविर के बाद उनकी हरमनप्रीत से बातचीत होती है और वह उनके खेल को बारीकी से देखकर सुझाव भी देते हैं। जुगराज ने हरमनप्रीत की सीखने की इच्छा को उनकी बड़ी खूबी बताया। उन्होंने कहा कि ओलंपिक में दो पदक और कई अन्य उपलब्धियां हासिल करने के बावजूद हरमनप्रीत लगातार मार्गदर्शन लेने और अपने खेल में सुधार करने के लिए तैयार रहते हैं। जुगराज के मुताबिक आधुनिक हॉकी में केवल अच्छा ड्रैग फ्लिकर होना पर्याप्त नहीं है। पुशर, स्टॉपर और फ्लिकर के बीच बेहतर तालमेल से ही पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला जा सकता है। उन्होंने कहा कि अन्य फ्लिकरों की भूमिका भी महत्वपूर्ण होगी, क्योंकि विरोधी टीमें को चौंकाने के लिए 'सरप्राइज एलिमेंट' जरूरी है। हर टीम हरमनप्रीत के खेल का वीडियो विश्लेषण करेगी, इसलिए उन्हें कुछ नया करके विपक्षी टीमों को हैरान करना होगा। (अनंत ज्ञान)

जबलपुर रेलवे स्टेशन पर खड़ी ट्रेन के एसी कोच में लगी आग

एजेंसी, जबलपुर

मध्य प्रदेश के जबलपुर रेलवे स्टेशन पर मंगलवार सुबह प्लेटफार्म नंबर 6 पर खड़ी एक ट्रेन के एसी कोच में आग लग गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया है। यह हादसा सुबह करीब 9:30 बजे हुआ। प्लेटफार्म नंबर 6 पर खड़ी ट्रेन के कोच से धुआं और आग की लपटें उठती देख रेलवे अधिकारियों को सूचना दी गई। जानकारी मिलते ही अधिकारी मौके पर पहुंचे और दमकल को सूचना दी गई। कुछ ही देर में फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया।

रेलवे अधिकारियों के मुताबिक जिस कोच में आग लगी, वह यात्रियों के इस्तेमाल में नहीं आता है। इसका उपयोग रेलवे द्वारा

डिपार्टमेंटल और इंटरनल कार्यों के लिए किया जाता है। आग लगने के समय कोच में कोई यात्री मौजूद नहीं था। पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर मंडल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हर्षित श्रीवास्तव ने बताया कि कोच में आग लगने की घटना के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। फायर ब्रिगेड की तत्परता से आग को समय रहते बुझा लिया गया। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। मामले की जांच के लिए एक टीम गठित की जा रही है। जांच के बाद ही आग लगने की वास्तविक वजह सामने आ सकेगी। (अनंत ज्ञान)

मुख्यमंत्री विजय ने शुरू किया 'नशामुक्त तमिलनाडु' अभियान

एजेंसी, चेन्नई। तमिलनाडु में मादक पदार्थों के खिलाफ जागरूकता और कार्रवाई को तेज करने के उद्देश्य से मंगलवार को चेन्नई के स्टेट कॉलेज सभागार में "नशामुक्त तमिलनाडु" अभियान की शुरुआत की गई। मुख्यमंत्री विजय की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्कूली और कॉलेज के छात्र शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत 'तमिल थाई वाझ्थु' के साथ हुई। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विजय ने छात्रों को नशे से दूर रहने और मादक पदार्थों के खिलाफ जागरूकता फैलाने की शपथ दिलाई। छात्रों ने शपथ लेते हुए कहा, "मैं नशे की लत का शिकार नहीं बनूंगा" और नशीली दवाओं के उन्मूलन में अपना पूरा योगदान देने का संकल्प लिया।

मुख्यमंत्री विजय के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर पुलिस विभाग की ओर से उन्हें सम्मान सलामी दी गई। इसके बाद मुख्यमंत्री मंच पर पहुंचे और तमिलनाडु के स्कूलों तथा कॉलेजों में नशा एवं तंबाकू मुक्त परिसर जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया। "नशामुक्त तमिलनाडु" अभियान के तहत राज्यभर में जब्त किए गए मादक पदार्थों को नष्ट करने की राज्यव्यापी कार्रवाई भी आयोजित की गई। यह कार्रवाई सीएम विजय की मौजूदगी में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई। इस दौरान मुख्यमंत्री ने चेंगलपट्टू, तिरुनेलवेली, कोयंबटूर और तंजावुर क्षेत्रों में जब्त किए गए मादक पदार्थों को नष्ट किए जाने की कार्रवाई को वीडियो के माध्यम से देखा। (अनंत ज्ञान)

यूक्रेनी ड्रोन पार्ट्स के सबसे बड़े सप्लायर हैं यूके और जर्मनी: रूस

एजेंसी, मॉस्को

रूसी विदेश मंत्रालय के एम्बेसडर-एट-लार्ज रोडियन मिरोशनिक ने रिया नोवोस्ती को बताया कि यूनाइटेड किंगडम, जर्मनी, स्वीडन और कनाडा यूक्रेनी ड्रोन के पार्ट्स के सबसे बड़े सप्लायर हैं। मिरोशनिक ने कहा, "यूनाइटेड किंगडम आम लोगों के खिलाफ किलर ड्रोन के तौर पर इस्तेमाल होने वाले अनमैन्ड एरियल व्हीकल के मेन यूनिट्स और कंपोनेंट्स का सबसे एक्टिव सप्लायर है। जर्मनी बड़ी मात्रा में हथियार सप्लाई करता है और स्वीडन भी इसमें शामिल है। इसमें एक्टिव रोल निभाता है।'

उन्होंने आगे कहा कि यह पूरी लिस्ट नहीं है।' मिरोशनिक ने कहा, 'कम-से-कम, ये देश, अपनी ऑफिशियल बातों में भी, इस बात पर ज्यादा से ज्यादा जोर देते हैं कि

वे कीव में यूक्रेनी सरकार को बिना पायलट वाले हवाई वाहन सप्लाई कर रहे हैं, जिनकी वजह से निजनेकाम्स्क और बेलगोरोड दोनों जगहों पर आम लोगों की मौत हुई है। सोमवार को रूस के तातारस्तान रिपब्लिक के हेड रुस्तम मिन्निखानोव ने कहा कि निजनेकाम्स्क पर यूक्रेन का एक खतरनाक ड्रोन हमला हुआ था। इस हमले में इंडस्ट्रियल और आम लोगों, दोनों तरह की जगहों को टारगेट किया गया था। लेटेस्ट डेटा के मुताबिक, एक बच्चा समेत 13 लोग मारे गए और 75 लोगों ने मेडिकल मदद ली, जिनमें से 21 अस्पताल में भर्ती हैं।

रिपब्लिक में एक दिन का शोक घोषित किया गया। रशियन इन्वेस्टिगेटिव कमेटी ने इस घटना में क्रिमिनल केस खोला है। मिन्निखानोव के ऑफिस ने बाद में कहा कि मारे गए लोगों में उज्बेकिस्तान और ताजिकिस्तान के नागरिक भी शामिल थे। रूस का मानना है कि यूक्रेन को हथियारों की सप्लाई सेटलमेंट में रुकावट आ रही है, जिससे नाटो देश सीधे लड़ाई में शामिल हो रहे हैं। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि यूक्रेन के लिए हथियारों वाला कोई भी शिपमेंट रूस के लिए सही टारगेट होगा। (अनंत ज्ञान)